रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 04 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-164 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राहुल गांधी ने जानबूझ कर झूठ बोला था : जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी दिसंबर में हुई अमेरिका यात्रा को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जानबूझ कर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि भले ही उनके झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो लेकिन इससे देश की छवि खराब होती है। विदेश मंत्री ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिसंबर 2024 में मेरी अमेरिका यात्रा के बारे में जानबूझकर झूठ बोला। मैं बिडेन प्रशासन के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मिलने गया था। साथ ही हमारे महावाणिज्य दूतों की एक बैठक की अध्यक्षता भी की थी। मेरे प्रवास के दौरान, आने वाले ट्रंप प्रशासन के लिए नामित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भी मुझसे मुलाकात की थी।

### छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अफसर बने आईएएस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अफसरों को आईएएस प्रमोट किया गया है। डीओपीटी ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर साल 2021, 2022 और 2023 की रिक्तियों के आधार पर राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का प्रमोशन किया है। आईएएस पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में हीना अनिमेश नेताम, अश्विनी देवांगन, डॉ. रेनुका श्रीवास्तव, आशुतोष पांडेय, अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार सार्वा, गजेंद्र सिंह ठाकुर, तनुजा सलाम और डॉ. संतोष कुमार देवांगन शामिल हैं।

### रूसी संसदीय शिष्टमंडल ने बिरला से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी घनिष्ठ मित्रता पूरी दुनिया के लिए सहयोग तथा राजनय का अनुकरणीय उत्कृष्ट उदाहरण है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और गहरी दोस्ती के बारे में बात करते हुए, बिरला ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमारे द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध सदियों पुराने हैं और स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से ही रूस भारत का सबसे करीबी सहयोगी रहा है।

# सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाया जाएगा

## भाजपा ने जारी किया अटल विश्वास घोषणा पत्र



**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों के लिए अपना घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र जारी कर दिया है। यह घोषणा पत्र पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती और अटल निर्माण वर्ष को समर्पित है। भाजपा ने घोषणापत्र तैयार करने से पहले प्रदेशव्यापी सुझाव संग्रहण अभियान चलाया था, जिसमें हजारों लोगों ने अपने सुझाव दिए। कहा जा रहा है कि इन्हीं महत्वपूर्ण सुझावों को सम्मिलित कर भाजपा ने यह घोषणा पत्र तैयार किया है। इस घोषणा पत्र में आम जनता के लिए कई वायदे किए गए हैं।

**नगरीय विकास और आवास :** भाजपा के घोषणा पत्र में नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाने की घोषणा की गई है। जिससे सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत स्वीकृत 3 लाख मकानों का निर्माण तेज़ी से पूरा किया जाएगा। बिजली बिल और समेकित कर चुकाने वाले परिवारों को आवास निर्माण के लिए पात्रता दी जाएगी।
**नगरीय सेवाएं :** माई सिटी ऐप लॉन्च किया जाएगा, जिससे नगर निगम की सभी सेवाएँ ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। सरकार तुंहर द्वार योजना के तहत शासकीय सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी होगी। संपत्ति कर समय पर चुकाने वाले नागरिकों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट, जबकि महिलाओं के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों पर 25 प्रतिशत विशेष छूट दी जाएगी।
**जल आपूर्ति और स्वच्छता :** नल से जल योजना को मजबूत किया जाएगा, साथ ही नए जल टैंक बनाए जाएंगे। हर घर में कचरा बाल्टी उपलब्ध कराई जाएगी और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम से कचरा संग्रहण की ट्रैकिंग होगी। तालाबों की सफाई और जल संरक्षण के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाएगा।
**महिलाओं के लिए योजनाएं :** विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाएंगे। बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। महिला स्वयं सहायता समूहों को 2.5 लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।
**रोजगार और शिक्षा :** नालंदा परिसर की तर्ज पर सार्वजनिक अध्ययन केंद्र और पुस्तकालयों में सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। युवाओं के लिए रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स खोले जाएंगे। यूपीएससी मुख्य परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
**स्ट्रीट वेंडर्स और व्यापारियों के लिए विशेष योजना :** पीएम स्वनिधि योजना के तहत 30,000 तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन और फूड स्ट्रीट्स विकसित किए जाएंगे। व्यापारिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएंगी।
**न्यायसंगत कर प्रणाली :** पुराने संपत्ति कर को बिना जुर्माना या ब्याज के निपटाने की सुविधा दी जाएगी। उपयोगकर्ता शुल्क से जुड़ी समस्याओं का संतुलित समाधान किया जाएगा।
**सेवा और विकास का संकल्प :** बीजेपी ने कहा कि हर चुनाव जनता की सेवा का अवसर है, और पार्टी सत्ता को सेवा का माध्यम मानती है। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिकाओं को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और वसूली का अड्डा बना दिया था।

# सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक नक्सली की मौत



**पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर**
www.dailypioneer.com

कांकेर और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाकों पखांजूर और पानीडोबीर के इलाके में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सुरक्षा बलों ने एक एसएलआर (स्ट्राइकर राइफल) हथियार भी बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी है। यह मुठभेड़ तब शुरू हुआ जब जिला रिजर्व गार्ड और बीएसएफ के जवान एरिया डोमिनेशन के अंतर्गत इलाके में गश्त पर थे। सुरक्षा बलों को नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के पानीडोबीर इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू की।

# लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष का हंगामा

**एजेंसी ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने प्रश्नकाल के दौरान प्रयागराज कुंभ में व्यवस्था को लेकर सोमवार को भारी हंगामा किया, लेकिन अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामे की परवाह किए बिना भारी शोर शराबे और नारेबाजी के बीच भी प्रश्नकाल जारी रखा। अध्यक्ष ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बिरला ने कहा कि सदस्यों को जानना चाहिए कि राष्ट्रपति के भाषण पर चर्चा होनी है और माननीय राष्ट्रपति जी ने भी कुंभ का जिक्र अपने अभिभाषण में किया है। सदन में व्यवस्था है कि प्रश्नकाल के दौरान किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं की जा सकती तो सदस्यों को शांतिपूर्वक प्रश्नकाल चलने देना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी हस्तक्षेप करते हुए प्रश्नकाल बाधित न करने का सदस्यों से आग्रह किया और कहा कि अध्यक्ष जी भी इसी तरह का बार-बार अनुरोध कर रहे हैं लेकिन सदस्य सिर्फ व्यवधान पैदा करना चाहते हैं।

# सिफ्त कौर सामरा व जोनाथन एंथनी ने शूटिंग में जीता गोल्ड

**वार्ता ◄ देहरादून**
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज त्रिशूल हॉल में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में पंजाब की सिफ्त कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर 3 पोजीशन इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पंजाब की ही अंजुम मौदगिल ने रजत पदक जीता जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रपोले ने कांस्य पदक हासिल किया। इस कड़े मुकाबले में भारत की शीर्ष निशानेबाजों ने भाग लिया। केरल की विदर्शा विनोद ने नील पोजीशन के बाद बढ़त बना ली थी, लेकिन अंत तक उसे बरकरार नहीं रख सकीं। सिफ्त कौर सामरा ने 461.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया, जबकि अंजुम मौदगिल ने 458.7 के स्कोर के साथ रजत पदक और सुरभि भारद्वाज रपोले ने 448.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए सिफ्त कौर सामरा ने कहा, ओलंपिक्स के बाद यह मेरे लिए एक तरह की वापसी थी।

## मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है : खरगे

**एजेंसी ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के नारे - सबका साथ विकास विकास को खोखला करार देते हुए कहा कि यह अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बना रही है। खरगे ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है लेकिन गरीबों का विकास नहीं हो रहा है। केवल अमीरों का विकास हो रहा है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज के दाम नहीं मिल रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकारी नौकरी की 40-50 लाख रिक्तियां हैं। उन भर्तियां नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबके विकास के लिए सरकारी नौकरियों पर भर्ती कर आवश्यक है। विपक्ष के नेता ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों को सशक्त नहीं करना चाहती हैं और इसलिए सरकारी पदों पर भर्ती नहीं करती है। यह सरकार कृषि को अर्थव्यवस्था का इंजन नंबर एक बताती है लेकिन किसानों को बजट में पर्याप्त पैसा नहीं दिया जा रहा है। किसान अन्नदाता है और वह देश की जनता का पेट भरता है। सरकार को उसकी जरुरतों को पूरा करना चाहिए।

## दिल्ली में थम गया चुनाव प्रचार, 5 को मतदान

**पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए करीब एक महीने तक विभिन्न राजनीतिक संगठनों और प्रत्याशियों द्वारा रैलियों, नुक्कड़ सभाओं और पद-यात्राओं जैसे सार्वजनिक रैलियों के माध्यम से चलाए गए धुआंधार चुनाव प्रचार का शोर सोमवार शाम पांच बजे थम गया। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटों पर 5 फरवरी यानी बुधवार को मतदान होगा और चुनाव नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर 699 प्रत्याशी मैदान में हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के आंकड़ों के अनुसार पांच फरवरी को 13,766 मतदान केंद्रों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। इनमें से 83.76 लाख पुरुष, 72.36 लाख महिलाएं और 1,267 'थर्ड जेंडर' के मतदाता हैं। मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए दिव्यांगजनों के लिए 733 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा को भी निर्देश भेजे हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजधानी की सीमा से सटे इलाकों में शराब की दुकानें बंद की जाएं। यह पाबंदी पांच फरवरी की शाम छह बजे तक लागू रहेगी।

## ट्रंप ने सोमालिया में इस्लामिक स्टेट समूह पर हवाई हमले का दिया आदेश



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने सोमालिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के एक वरिष्ठ हमला योजनाकार और अन्य लोगों पर सैन्य हवाई हमले का आदेश दिया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'ये हत्यारे, जिन्हें हमने गुफाओं में छिपा हुआ पाया, ने अमेरिका और हमारे सहयोगियों को धमकी दी। हमलों ने उन गुफाओं को नष्ट कर दिया जिनमें वे रहते थे और नागरिकों को किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाए बिना कई आतंकवादियों को मार डाला।

## छत्तीसगढ़ में बना धान खरीदी में नया कीर्तिमान 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इसमें मोटा धान 81.98 लाख मीट्रिक टन, पतला धान 10.75 लाख मीट्रिक टन और सरना धान 56.52 लाख मीट्रिक टन शामिल है। धान की यह खरीदी राज्य बनने के बाद का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। धान खरीदी का सिलसिला 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहा जिसके अंतर्गत राज्य के पंजीकृत 25 लाख 49 हजार 592 किसानों ने धान विक्रय किया। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 31 हजार 89 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। महासमुंद जिला सर्वाधिक 11.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर है। वहीं बेमेतरा जिला 9.38 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर दूसरा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिला 8.56 लाख मीट्रिक टन धान खरीदकर तीसरा स्थान हासिल की है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के साथ ही कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है।

अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर ओ.पी.डी
Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
NABH
आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन** एवं ICU में भर्ती
सारी जांच प्रचिलित दरो से आधी कीमत (50%) पर




निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए
निःशुल्क डिलीवरी* (नॉर्मल एवं सिजेरियन)
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

# चित्रकूट में बसंत पंचमी पर उमड़ा जनसैलाब



वार्ता चित्रकूट
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के पौराणिक एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में वसंत पंचमी के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और दोपहर होते होते मंदाकिनी नदी में सात लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। पूरे चित्रकूट में चारों तरफ गाड़ियां और श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई पड़ रही है। चित्रकूट में बरसों से व्यापार कर रहे व्यापारियों ने बताया कि बसंत पंचमी में कभी इतने श्रद्धालु चित्रकूट में नहीं आए हैं इस वर्ष पिछले लगभग 15 दिनों से चित्रकूट में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ी हुई है। एक तरफ गाड़ियों की भारी संख्या और दूसरी तरफ श्रद्धालुओं की संख्या भीड़ देखते ही बनती है। पुलिस और जिला प्रशासन लगातार श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए अपनी पूरी टीम के साथ लगा हुआ है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की है इसके अलावा जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा भी भंडारे किया जा रहे हैं। चित्रकूट के साधु समाज अखाड़े और मंदिरों में भी लोगों ने खिचड़ी प्रसाद पूरी प्रसाद चाय शरबत आदि का इंतजाम किया हुआ है लोग स्नान के बाद कामदगिरि की 5 किलोमीटर की परिक्रमा लगाते हैं पूरा परिक्रमा मार्ग खचाखच भरा हुआ है! श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ऐसा लगता है कि लोगों के स्नान और परिक्रमा की संख्या शाम तक 10 से 12 लाख तक पहुंच जाएगी।

## प्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार गीले कचरे को कंपोस्टिंग के लिये कटनी और सागर शहर में अत्याधुनिक स्वचालित इकाइयां लगाई गई हैं, जहां 16 शहरों से कचरा लाकर उसे कंपोस्ट में बदला जा रहा है। इंदौर में गीले कचरे से बायो सीएनजी तैयार करने के लिये 550 टन प्रतिदिन क्षमता की गोबरधन इकाई लगाई गई है। रीवा और जबलपुर में कचरे से बिजली बनाने की इकाइयाँ भी संचालित हो रही है। इनमें प्रतिदिन 950 टन कचरे का प्र-संस्करण किया जाकर 18 मेगावॉट बिजली पैदा की जा रही है। प्रदेश के 10 नगरीय निकायों के लिये क्लस्टर आधार पर 1018.85 टन प्रतिदिन क्षमता की इकाइयों के लिये केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर-उज्जैन में 607 टन कचरे से बिजली बनाने की यूनिट्स का काम प्रस्तावित है। इनके प्रारंभ होने से 12.15 मेगावॉट बिजली प्राप्त होगी।

# राज्य आनंद संस्थान और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ एमओयू

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com

राज्य आनंद संस्थान और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के बीच यहां मैनिट परिसर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (समझौता ज्ञापन) किया गया। एमओयू के तहत दोनों पक्ष तीन वर्षों तक एक-दूसरे के सहयोगी के रूप में कार्य कर विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार एमओयू का उद्देश्य एक दूसरे के सहयोगी के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रस्तावों के अनुरूप विद्यार्थियों में मानवीय मूल्य संवर्धन के लिये अध्ययन/ कार्यक्रमों का क्रियान्वयन। दोनों पक्षों के प्राध्यापक/ कर्मचारियों/ विद्यार्थियों का क्षमतावर्धन कर उनके माध्यम से अपनी-अपनी योजनाओं की पहुँच समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना। प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को नैतिकता, आत्म-चिंतन एवं सकारात्मक मानसिकता के विकास के लिये प्रशिक्षण एवं यथासंभव आवश्यक सहयोग प्रदान करना। प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को स्वयंसेवी पहल के लिये एक सहयोग मंच प्रदान कर आनंद एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना। ज्ञान और संसाधन के प्रसार हेतु अन्य दीर्घकालिक मार्ग की खोज तथा सहयोग के बिन्दुओं को तलाशकर साझा रणनीति क्रियान्वयन। प्रथम पक्ष की प्रक्रिया के तहत चयनित द्वितीय पक्ष के प्राध्यापकों के लिये प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। साथ ही प्रथम पक्ष संकाय विकास कार्यक्रम भी आयोजित करेगा ताकि प्राध्यापकों को स्वतंत्र रूप से सत्र का संचालन करने के लिये प्रशिक्षित किया जा सके। प्रथम पक्ष सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के पाठ्यक्रम निर्माण में द्वितीय पक्ष की सहायता करेगा। प्रथम पक्ष नियमित अंतराल पर पारस्परिक रूप से तय कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय पक्ष के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों के लिए आनंद के कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। प्रथम पक्ष विद्यार्थियों के लिये सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करेगा, जो या तो पूरे 7 दिनों तक लगातार आयोजित किये जायेंगे अथवा तीन माह के लिए 10 सत्रों की अवधिवार पाठ्यक्रम बनाया जाएगा। प्रथम पक्ष प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों के विकास, संस्थागत क्षमता निर्माण, अनुसंधान और नवाचार से संबंधित गतिविधियों में द्वितीय पक्ष के ज्ञान सहभागी के रूप में कार्य करेगा एवं तद्नुसार संयुक्त कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और उन्हें संचालित करने के लिये अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेगा। प्रथम पक्ष सभी निर्धारित कार्यक्रमों के लिए एक ऑनलाइन पंजीयन लिंक प्रदान करेगा और नामांकित/ चिह्नित प्रतिभागियों को दिये गये लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करेगा। द्वितीय पक्ष आनंद से संबंधित संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालायें और सम्मेलन आयोजित करने में प्रथम पक्ष को यथासंभव सहयोग प्रदान करेगा। प्रथम पक्ष द्वारा तैयार पाठ्य-पुस्तक अध्ययन सामग्री आदि को द्वितीय पक्ष अपनी आवश्यकतानुसार मुद्रित करवायेगा तथा प्रतिभागियों को उपलब्ध कराएगा। द्वितीय पक्ष परस्परिक रूप तय समय सारणी के अनुसार आनंद से जुड़े कार्यक्रमों के लिये प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को नामांकित करेगा। द्वितीय पक्ष आनंदसे जुड़े कार्यक्रमों में नामांकित प्रतिभागियों का नियमित अंतराल पर निरीक्षण करेगा तथा उनकी क्षमता व समझ के आधार पर उन्हें अगले स्तर के कार्यक्रमों के लिये चिहिन्त/नामांकित करेगा।

# झारखंड के साथ केंद्र सरकार कर रही नाइंसाफी : हेमंत

एजेंसी दुमका
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय बजट में राज्य के साथ नाइंसाफी होने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार को सभी राज्यों के साथ बराबर का विचार रखना चाहिए। सोरेन ने झारखंड की उपराजधानी दुमका के ऐतिहासिक गांधी मैदान में झारखंड दिवस पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में केंद्र सरकार को सभी राज्यों के साथ बराबर का विचार रखना चाहिए लेकिन केन्द्र ने सबसे अधिक राजस्व देने वाले पिछड़े राज्य झारखंड के साथ नाइंसाफी किया है। जबकि पिछड़े राज्यों का पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने कहा कि समूचे देश में सबसे अधिक कोयला सहित अन्य अकूत खनिज संपदा झारखंड में है। यहां के खनिज संपदाओं के राजस्व से केन्द्र सरकार का खजाना भरता है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सामंती सोच रखने वाली केन्द्र सरकार झारखंड को पिछड़े राज्य की श्रेणी में खड़ा रखने का बीड़ा उठा रखा है जिससे झारखंड के आदिवासी मूलवासी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सके। इसके लिए हमें लड़ना पड़ता है। इससे स्पष्ट है यह केन्द्र सरकार का नया बजट पिछड़ा राज्य झारखंड के लिए फायदे का जगह नुकसान देने वाला है। सोरेन ने कहा कि महंगाई तेजी से बढ़ रहा है। जीएसटी में भी कोई बदलाव नहीं किया गया। यहां तक कि मनरेगा जैसी योजनाओं के साथ अनाज में भी कटौती कर दी गई है। इसके बावजूद झारखंड सरकार अपने संसाधनों से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का लगातार प्रयास कर रही है और राज्य की महिलाओं के आमलोगों की समस्याओं का निदान करने में जुटी है।

# तेलंगाना सरकार ने एससी वर्गीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया

एजेंसी हैदराबाद
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक सदस्यीय न्यायिक आयोग सोमवार को सचिवालय में सिंचाई मंत्री के कक्ष में उप-समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद तेलंगाना सरकार ने पिछले साल 12 सितंबर को एक कैबिनेट उप-समिति नियुक्त की थी।

समिति के अध्यक्ष सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी हैं और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा सह-अध्यक्ष हैं। अन्य सदस्यों में मंत्री श्रीधर बाबू, पोन्नम प्रभाकर, सीताक्का (अनसूया), और सांसद मल्लू रवि शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय के फैसले पर कार्रवाई करते हुए, तेलंगाना सरकार ने उप-समिति की सिफारिशों के आधार पर एससी वर्गीकरण प्रक्रिया की देखरेख और आगे बढ़ने के लिए उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शमीम अख्तर को एक सदस्यीय न्यायिक आयोग के रूप में नियुक्त किया है। सभी प्रासंगिक मामलों की गहन जांच के बाद, एक सदस्यीय न्यायिक आयोग आज सचिवालय में सिंचाई मंत्री के कक्ष में उप-समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए तैयार है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद, रेड्डी के नेतृत्व में उप-समिति निष्कर्षों पर विचार-विमर्श करने और राज्य मंत्रिमंडल के लिए सिफारिशें तैयार करने के लिए बैठक करेगी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक चार फरवरी को 10 बजे होने वाली है, जिसमें न्यायिक आयोग और उप-समिति दोनों की सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, उसी दिन एससी वर्गीकरण के संबंध में उप-समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर संक्षिप्त चर्चा के लिए विधानसभा का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उम्मीद है कि सह कदम राज्य में वर्गीकरण प्रक्रिया से संबंधित नीतिगत निर्णयों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## नीतीश सरकार में आमलोगों के साथ अभद्र व्यवहार कर रही है पुलिस : भाकपा

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने आरोप लगाया है कि बिहार की नीतीश सरकार में पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय आमलोगों के साथ अभद्र व्यवहार कर रही है। पांडे ने मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में पुलिस के द्वारा इमाम फिरोज अहमद की पिटाई की तीखी निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि बेनीपट्टी पुलिस ने फिरोज अहमद के साथ जिस तरह मारपीट की घटना को अंजाम दिया है, वह अमानवीय है। सरकार घटना की उच्च स्तरीय जांच कराए और घटना को अंजाम देने वाले दोषी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को सेवा से बर्खास्त करें, सिर्फ निलंबन से कार्य नहीं चलेगा। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि कुमार जब से भारतीय जनता पार्टी के साथ गए हैं, तब से बिहार में अल्पसंख्यकों के साथ घटनाएं बढ़ी हैं। बिहार पुलिस अपराध रोकने में पूरी तरह विफल रही है। राज्य में अपराधियों पर कार्रवाई नहीं होती है, बल्कि निर्दोष लोगों के साथ मारपीट की जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस अब अल्पसंख्यक को टारगेट कर रही है। इसी का परिणाम बेनीपट्टी की घटना है। भाकपा इस तरह की कार्रवाई की निंदा करती है। कुमार हस्तक्षेप करें और अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने की गारंटी करें।

# अनुराग गुप्ता को झारखंड के नियमित पुलिस महानिदेशक नियुक्त करने की मिली मंजूरी

वार्ता रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनुराग गुप्ता को राज्य का नियमित पुलिस महानिदेशक नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति दो वर्षों के लिए होगी। गुप्ता 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, वर्तमान में झारखंड के प्रभारी डीजीपी के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे सीआईडी और एसीबी के डीजी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। उनकी नई नियुक्ति 26 जुलाई 2024 से प्रभावी होगी और अगले दो वर्षों तक जारी रहेगी। साल 2022 में गुप्ता को डीजी रैंक में प्रोन्नत कर डीजी ट्रेनिंग का पद सौंपा गया था। 26 जुलाई 2024 को उन्हें झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया गया, लेकिन विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने उन्हें इस पद से हटा दिया और अजय कुमार सिंह को डीजीपी नियुक्त किया। हालांकि, 28 नवंबर 2024 को सरकार ने उन्हें दोबारा प्रभारी डीजीपी बना दिया। गुप्ता का पुलिस सेवा में एक लंबा और प्रभावशाली करियर रहा है। उन्होंने गढ़वा, गिरिडीह और हजारीबाग में एसपी के रूप में सेवाएं दीं जबकि रांची के एसएसपी के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई।

# श्रीलंका नौसेना ने तमिलनाडु के 10 मछुआरों को किया गिरफ्तार

एजेंसी रामेश्वरम
www.dailypioneer.com

श्रीलंका की नौसेना ने तमिलनाडु के 10 और मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी मछली पकड़ने वाली नाव को भी जब्त कर लिया है। श्रीलंका के नौसैनिकों ने आरोप लगाया है कि भारतीय मछुआरे उनके क्षेत्र में अवैध रूप से घुसकर मछली पकड़ रहे थे। मछुआरे विभाग के अधिकारियों ने यहां कहा कि मछुआरे रामेश्वरम के थंगाचिमादम मछली पकड़ने वाली बस्ती से आने वाले मछुआरों को श्रीलंका नौसिनकों ने तब पकड़ा, जब वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास पल्क खाड़ी में मछली पकड़ रहे थे। गौरतलब है कि रोजाना की तरह मछुआरे रविवार सुबह मंडपम साउथ फिशिंग हार्बर से समुद्र में मछली पकड़ने के लिये गए हुए थे। मत्स्य अधिकारियों के मुताबिक, श्रीलंका की ओर से जब्त नाव और गिरफ्तार मछुआरों को उनको सौंप दिया जाएगा ताकि आगे की कार्रवाई हो सके। श्रीलंका के समुद्री बलों ने इस साम अब तक 75 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से मछली पकड़ने वाली आठ नावों को जब्त किया है जबकि पिछले साल, 2024 में, श्रीलंका नौसेना ने 554 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और 72 नावों को जब्त किया है तथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। इससे पहले गत 28 जनवरी को श्रीलंका नौसेना के गश्ती दल ने 13 मछुआरों पर अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाते हुये, गोलीबारी की थी, जिसमें दो मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गये। भारत ने इस घटना का कड़ा विरोध किया था। इस मामले पर विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और मछुआरों पर गोलीबारी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# प्रधानमंत्री करेंगे जीआईएस का उद्घाटन खुलेंगे प्रदेश की प्रगति के नए रास्ते : यादव

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 24 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) का उद्घाटन करेंगे और ये सम्मेलन राज्य की प्रगति के नए रास्ते खोलेगा। डॉ यादव ने अपने बयान में बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस समय आया केन्द्रीय बजट मध्यप्रदेश की प्रगति को नई दिशा देगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीआईएस के उद्घाटन के लिए मध्यप्रदेश आ रहे हैं। इस सम्मेलन से प्रदेश में निवेश, समृद्धि और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से लंबे समय तक राज्य के लोगों को लाभ प्राप्त होगा। ये सम्मेलन राजधानी भोपाल में होने वाला है। राज्य में इसके पहले क्षेत्रीय स्तर पर भी ऐसे सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

# कांग्रेस नेताओं ने ली स्वर्णिम दिल्ली के हर सपने को पूरा करने की शपथ

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी की दिल्ली इकाई का घोषणा पत्र केवल चुनावी वादा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वर्णिम दिल्ली बनाने और नागरिकों के हर सपने को पूरा करने की प्रतिज्ञा है। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी के नेताओं ने दिल्ली का वायु प्रदूषण दूर करने, साफ पानी का प्रबंध करने, दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने और यमुना की सफाई करने तथा स्वर्णिम दिल्ली के हर सपने को पूरा करने की प्रतिज्ञा ली। इसके साथ ही गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और पूर्वांचल के लोगों के हितों का संरक्षण करने, बहनों के खाते में 2,500 रुपये प्रति माह डालने, लोगों को 25 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने, युवाओं की पहली नौकरी पक्की करने, लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देने, महंगाई से मुक्ति दिलाने, 500 रुपए में गैस सिलिंडर और राशन किट देने की शपथ ली। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और वह मजबूती के साथ कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, हमें ऐसा लग रहा है कि दिल्ली के लोग कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली की जनता द्वारा कांग्रेस को मिल रहे प्यार और आशीर्वाद के लिए मैं पूरी पार्टी की तरफ से दिल्ली का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के समय शीला दीक्षित ने दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाया था, लेकिन पिछले 10 साल में वो स्वर्णिम काल खत्म हो चुका है। इसलिए आज हमें कांग्रेस वाली दिल्ली वापस लाने की जरूरत है। जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार शीला दीक्षित के समय थी तो 100 यूनिट बिजली फ्री देती थी। बुजुर्गों को पेंशन दिया करती थी। सोशल सिक्योरिटी के लिए काम करती थी। बच्चों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था करती थी। हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस दिल्ली में एक मजबूत सरकार बनाने जा रही है। वहीं, नयी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने कहा, केजरीवाल अपने शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की बात करते हैं, लेकिन जब हमने सवाल पूछे तो जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, जब हमने केजरीवाल से पूछा कि आपके शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल का मापदंड क्या है- तो उसका भी जवाब नहीं आया। कांग्रेस की सरकार में प्रोजेक्ट रूपांतर के तहत हमने स्कूलों में जो कमरे बनाए, वो आप सरकार से ज्यादा अच्छे थे। आप सरकार ने तीन गुना ज्यादा पैसा तो खर्च किया, लेकिन कमरे हमारी सरकार से अच्छे नहीं बना पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 150 स्कूल बनाए तो केजरीवाल ने सिर्फ 11 स्कूल बनाए। कांग्रेस की सरकार ने 19 अस्पताल बनवाए, लेकिन केजरीवाल एक भी नहीं बना पाए। कांग्रेस ने जिन अस्पतालों की नींव रखी, जिनका काम शुरू कर दिया। आप उसको पूरा तक नहीं कर पाई? उन्होंने कहा कि केजरीवाल मोहल्ला क्लीनिक की बात करते हैं, लेकिन जो क्लीनिक टीकाकरण के लायक नहीं बन पाए, वह वर्ल्ड क्लास हेल्थ सिस्टम में कहां से हो गये। पूर्व सांसद उदित राज ने इस मौके पर कहा, हम केजरीवाल के घर पर डॉ. अंबेडकर की मूर्ति लेकर गए थे, लेकिन उन्होंने मूर्ति लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' में महू, रविदास स्थली, गया, दीक्षाभूमि जैसे बहुजनों के धाम शामिल नहीं हैं।

## आप–दा के शासनकाल में लोगों के पीने के जल पर माफिया का कब्जा : संबित पात्रा

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी, दिल्ली सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जल घोटाला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि आप-दा सरकार में जल माफिया ने लोगों के पीने के पानी पर कब्जा कर रखा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद डॉ. संबित पात्रा पत्रकारों के साथ बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के कापसहेड़ा गांव पहुंचे और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली क्षेत्र में व्याप्त जल संकट के साथ ही क्षेत्र में अवैध जल आपूर्ति के लिए हवा में लटकी पानी की पाइपों के मकड़जाल को दिखाया। इस दौरान डॉ. संबित पात्रा के साथ बिजवासन से भाजपा प्रत्याशी कैलाश गहलोत और दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर भी थे। डॉ. पात्रा ने बताया कि गत पांच से सात साल से बिजवासन विधानसभा क्षेत्र खासकर कापसहेड़ा गांव दिल्ली जलबोर्ड की जल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। उन्होंने कहा कि कानूनी रूप से भूजल बोरिंग पर रोक है, केजरीवाल और उनके जलबोर्ड की कृपा से यहां पूरे क्षेत्र में कई अवैध बोरिंग की गयी है, जिनमें से अधिकांश को आप के पदाधिकारी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप के शासन में दिल्ली में जल घोटाले को अंजाम दिया गया है। भाजपा नेता ने इस दौरान स्थानीय लोगों से बात की और बताया कि किस तरह पूरे कापसहेड़ा गांव ही नहीं, बल्कि पूरे बिजवासन क्षेत्र में लोगों के पीने के जल माफिया ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा, राजनीतिक दायित्व के चलते मैंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे भारत का ही नहीं, विश्व के अनेक शहरों का दौरा किया है, लेकिन जिस तरह आज बिजवासन में बिजली के खम्भों पर झूलते पानी के पाइपों का जल देखा है, वह अभूतपूर्व दृश्य है।

## राजस्थान के बाघ अभयारण्यों को मिलेंगे नौ मादा टाइगर

**अलवर।** राजस्थान में बाघ अभ्यारण में मादा टाइग्रेस की कमी को देखते हुए उनकी कमी पूरी की जाएगी और शीघ्र ही राज्य को नौ मादा टाइगर मिलेंगे। यह जानकारी राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि उच्च स्तर के वन अधिकारियों ने समीक्षा बैठक की थी जिसमें सरिस्का, रामगढ़ विषधारी और मुकुंदरा को लेकर चर्चा हुई थी कि किस तरीके से इनमें बाघों की संख्या बढ़ाई जाए। रणथंबोर में 73 बाघ बाघिन और बच्चे हैं और सरिस्का में भी कमी है, किस तरीके से वन्य जीवों की सुरक्षा की जाए। वन क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाए और वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के अधिकार सुरक्षित रखे जाएं जिससे कि वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को इस क्षेत्र के पास आम आदमी के स्रोत बने। इस संबंध में बैठकआयोजित की गई। इसमें यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया कि अन्य राज्यों से मादा टाइग्रेस लाए जाने चाहिए क्योंकि राजस्थान में मादा टाइग्रेस की कमी है क्योंकि दो टाइगर अपने टेरिटरी बनाने के कारण टकराव करते हैं उनमें टकराव होता है।

# नेशनल हाईवे की सड़कों पर बिखरी हुई धूल से हो रहे हादसे, उड़ते धूल के गुब्बार से जनता परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

बीते दो माह से नेशनल हाईवे की सड़कों पर बिखरी हुई धूल से हो रहे हादसे और उड़ते धूल के गुब्बार से परेशान नगरवासियों के बीच नगर के कुछ युवकों ने नेशनल हाईवे से महानदी रेत खदान तक जाने वाले मार्ग में धरना देते हुए हाईवा गाड़ियों की आवाजवाही पर रोक लगाई। शाम 07 बजे जिस वार्ड से हाईवा का आना जाना होता है उसी वार्ड के युवक अमित साहू एवं उनके कुछ साथियों के सहयोग से हाईवा गुजरने वाले मार्ग पर धरना दिया गया। जिसके बाद धरने में युवकों की संख्या बढ़ने लगी। देखते ही देखते हाइवे पर रेत भरने के लिए आने वाले हाईवा की लम्बी कतारे सड़क किनारे लगने लगी। महज दो घंटे में लगभग 50 से अधिक हाईवा वाहनों की लम्बी लाइने खदान जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी रहीं। वही खदान से लगभग 70 से अधिक गाड़ियां खदान से हाईवे के मार्ग पर रेत भरकर खड़ी रहीं। युवकों के द्वारा धरने के दौरान जिला कलेक्टर, एसडीएम एवं थानेदार को फोन लगाया गया। लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों ने रात 09 बजे के बाद फोन नहीं उठाया। जिसके बाद 11 बजे तक युवकों ने धरना स्थल पर धरना दिया। देखते-देखते हाईवा की संख्या दोनों ओर बढ़ने लगी। 11 बजे तक दोनों सड़क की ओर लगभग 100-100 की संख्या में हाईवा का जमावड़ा हो गया। वही युवकों द्वारा हाईवा चालकों से रायल्टी के बारे में पूछने पर किसी भी हाईवा चालक के पास रायल्टी नहीं थी। यानि सभी हाईवा बिना रायल्टी के महानदी से रेत का परिवहन अन्य जिलों में कर रहे हैं। अब इस अवैध परिवहन के पीछे किसका हाथ है। यह शासन-प्रशासन जाने। लेकिन देर रात्रि 12 बजे तक शासन-प्रशासन के उपस्थित नहीं होने पर युवकों द्वारा अधिक रात्रि होने पर हाईवे से खदान जाने वाले मार्ग पर कुछ हाईवा वाहनों की रेत खाली कराकर रोड़ जाम कर दिया गया। युवकों को सड़क पर इसलिए आना पड़ा। क्योंकि लगातार महानदी से रेत



का उत्खनन किया जा रहा है। विकासखण्ड के प्रथम गांव मचान्दुर से प्रारंभ होकर माहुद, तेलगुड़ा, चारामा, भिरौद, करिहा, हाराडुला अरौद और अन्य कई घाटों पर रेत का खनन जारी है। इसमें कई खदानें शासन की ओर से स्वीकृत और कुछ खदाने नेताओं के संरक्षण में अवैध रूप से चल रही है। जिन हाईवा के पास रायल्टी नहीं थी, वे सभी खदाने अवैध है। भिरौद में कुल चार खदाने हैं। जिसमें दो खदाने अवैध चल रही है। जो स्थानीय भाजपा कांग्रेस नेताओं के मिली भगत से चल रही है और जब रायल्टी नहीं देना है तो अधिक से अधिक वाहने बिना रायल्टी वाले खदानों में जा रही है। जिससे शासन को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है और एक दिन में लगभग तेलगुड़ा, भिरौद, करिहा इन सभी खदानों से लगभग 300 से अधिक बड़ी हाईवा वो भी ओव्हरलोड होकर भिरौद एवं चारामा के मार्ग से होते हुए हाईवे से अन्य जिलों में जाती है। ओव्हर लोड हाईवा से पुरी रेत हाईवे सड़क पर गिरकर पुरी सड़क पर बिखरी हुई है। लगातार दो माह से यही स्थिति है। आज चारामा की हाईवे से पैदल एवं दो पहिया वाहनों से गुजरना मुश्किल हो गया है। बड़े वाहनों के हाईवा से गुजरने के दौरान रेत का गुब्बार जो हाईवा किनारे स्थित व्यापार, घर और आम जनता की सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। बार-बार शासन-प्रशासन से समस्या के निदान या सड़कों की सफाई के लिए गुहार लगाने के बाद भी शासन-प्रशासन अपनी आखे बंद कर जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है। बिना रायल्टी के कई महिनों से खदानें चल रही है और जिला कलेक्टर से लेकर एसडीएम, माईनिंग अधिकारी एवं नेताओं के संरक्षण में यह अवैध धंधा फल-फुल रहा है। जिससे शासन को नुकसान पहुंचाकर कुछ नेता, अधिकारी और ठेकेदार अपनी जेब भरने में लगे हुए है। ऐसा तो हो नहीं सकता कि शासन-प्रशासन को इन अवैध खदानों के बारे में कोई जानकारी न हो। दो महीने से इसी तरह से परेशान नगरवासियों ने अब शासन-प्रशासन का आसरा छोड़ स्वयं अपना समस्या के निदान के लिए यह पहल की और रेत परिवहन वाले मार्ग को बंद कर उसके खुदाई करवा दी। जो काम प्रशासन को करना चाहिए वह आम जनता को करना पड़ रहा है, ताकि वाहनों का आना-जाना बंद हो। यह हाल सिर्फ हाईवे का ही नहीं है, जिन गाँवों से रेत का परिवहन हो रहा है। वहाँ की सड़के भी जर्जर और धूल प्रदुषण युक्त हो गई है। चारामा की हाईवे पूरी तरह से उखड़ गई है। युवकों ने शासन-प्रशासन को पूरी सड़क की साफ-सफाई करने एवं वाहनों के आवाजवाही को जनता की सुविधाअनुसार करने की मांग की है और ऐसा न होने पर बड़े रूप में चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी है। वही एक दिन में 300 से अधिक वाहनों में रेत के परिवहन से स्वयं महानदी के अस्तित्व और महानदी एवं पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है। नेता एवं ठेकेदार अपनी जेब भरने के लिए हर स्तर पर गिरकर कार्य करने के लिए तैयार है। वही अवैध उत्खनन और हाईवे की जर्जर अवस्था एवं अंधाधुन पर्यावरण के

# मुरारीपारा कब बुलबुल टीम ने धूमधाम से मनाया बसंत उत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला संगठन आयुक्त भीषभ देव साहू के मार्गदर्शन व शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी में प्रधानाध्यापक एवं एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में को बसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बसंत उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी गायत्री महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सुकरी बाई यादव के मुख्य अतिथि में व मानबाई भंडारी स्व सहायता समूह के सचिव, सदस्य रमशिला, सुप्रिया कांगे, दौलत राम यादव, शिक्षिका संतोषी पटेल, प्रधान अध्यापक पवन कुमार साहू और कब बुलबुल टीम के छात्र छात्राओं की उपस्थिति में सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कब बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती माता की वंदना के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। तत्पश्चात मां दंतेश्वरी गायत्री महिला स्व सहायता समूह के द्वारा शासन की महती योजना न्योता भोज के तहत कब बुलबुल के उपस्थित 61 सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षको एवं विद्यालय स्टाफ को खीर एवं खिचड़ी खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार साहू ने स्व सहायता समूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, इस प्रकार के नेवता भोज के आयोजन से विद्यालय छात्र, शिक्षकों एवं पाठकों के बीच पारिवारिक भाव एवं समानता का विकास जागृत होता

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में अन्य न्यायाधीशों के साथ बैठक आयोजन कर 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में लोक अदालतों के कार्यप्रणाली नियम और प्रक्रियाओं पर चर्चा किया गया। जिसमें 5 से 10 वर्ष पुराने लंबित मामलों को नेशनल लोक अदालत में रखने के विषय पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही न्यायालय में लंबित 5 से 10 वर्ष अधिक पुराने प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि, इन पुराने मामलों का त्वरित निपटारा करने के लिए लोक अदालत में रखा जाएगा, ताकि पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल सके और न्यायालयों पर दबाव कम किया जा सके और न्यायालयों में लंबित सिविल, दांडिक पारिवारिक, मोटर दुर्घटना चेक बाउंस, बीमा से संबंधित प्रकरणों को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखने का निर्णय

# वेतन समझौते की लंबित आगामी कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने की मांग को लेकर खदान मजदूर संघ द्वारा सीएमडी के नाम सीजीएम को दिया गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विगत 3 वर्ष 1 माह की दीर्घ अवधि से एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित पुनरीक्षित वेतनमान समझौते में हो रही देरी से समस्त कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। इस विषय को लेकर बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों के साथ सीधे केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी से नई दिल्ली स्थित उद्योग भवन में विगत दिनों विस्तृत परिचर्चा की गई थी तथा ज्ञापन सौंपा गया था। वेतन समझौते में हो रही देरी के संदर्भ में पूर्व में उप



महाप्रबंधक (कार्मिक) औ.सं., एनएमडीसी मुख्यालय, हैदराबाद द्वारा यह जानकारी उपलब्ध कराई गई थी कि, एनएमडीसी प्रबंधन एवं यूनियनों की एपेक्स समिति के बीच वेतन समझौता 8 अगस्त 2024 को किया गया था तथा लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार वेतन समझौते को लागू करने से पूर्व प्रशासनिक मंत्रालय से स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाना बताया गया, जिस पर केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय, नई दिल्ली से स्वीकृति हेतु लिखित में कुछ आंकड़ों के संदर्भ में स्पष्टीकरण चाही गई थी। तथा एनएमडीसी मुख्यालय द्वारा इस्पात मंत्रालय को वांछित जानकारी उपलब्ध करा दी गई है तथा अब मामला इस्पात मंत्रालय में लंबित है। उद्यम एवं कर्मचारियों के हित में शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक आगामी कार्रवाई के संदर्भ में अद्यतन जानकारी हेतु हमारे श्रम संघ द्वारा केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय से सम्पर्क करने हेतु हमारे बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद से अनुरोध किया गया, जिस पर तत्काल ही संज्ञान लेकर उन्होंने केन्द्रीय इस्पात मंत्री के साथ 16 जनवरी 2025 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में हमारे पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण वार्ता आहूत करवाई जिसमें, लंबित वेतन समझौते के संदर्भ में जानकारी प्राप्त हुई की एनएमडीसी द्वारा जो स्पष्टीकरण प्रेषित किया गया था, उससे इस्पात मंत्रालय द्वारा संतोषजनक न बताते हुए स्पष्टीकरण हेतु पुनः कुछ जानकारियां चाही गई थी, जो कि उक्त तिथि तक इस्पात मंत्रालय में उपलब्ध न कराया जाना बताया गया तथा यह भी आश्वस्त किया गया कि एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा वांछित जानकारी उपलब्ध कराये जाने पर इस्पात मंत्रालय द्वारा तत्काल ही आवश्यक आगामी कार्रवाई की जायेगी। तत्संदर्भ में हमारे श्रम संघ के अनुरोध पर मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं बस्तर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय से पत्राचार एवं वार्ता किया गया है, जिस पर भी एनएमडीसी मुख्यालय से वांछित स्पष्टीकरण उपलब्ध न कराया जाना बताया गया है।

# किरंदुल में धूमधाम से की गई सरस्वती पूजा



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल के विभिन्न मंदिरों में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना भक्त जनों और छात्र छात्राओं के द्वारा भक्ति मय भावनाओं के साथ पूरे विधि विधान के साथ किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने माँ सरस्वती से ज्ञान, विद्या प्रदान करने के लिए प्रार्थना किए।नगर के बंगाली कैंप, गजराज कैंप, राघव में माँ सरस्वती पूजा की गई। इस अवसर पर माँ के श्रद्धालुओं के द्वारा कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# बसंत पंचमी के अवसर पर प्रधान अध्यापक ने कराया नेवता भोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




विकास खंड कोंडागांव के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा के प्रधान अध्यापक शिवेंद्र कोमरे ने बसंत पंचमी एवं अपने जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला बकोदागुड़ा में अध्ययनरत बच्चे, एसएमसी सदस्य व पालकों को नेवता भोजन कराया। जिसमें उनके द्वारा खीर, पूड़ी, मिक्सचर, व मीठा खिलाया गया। बसन्त पंचमी के अवसर पर मां शारदे के चलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण कर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, उपस्थित सदस्य, पालक व बच्चों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात नेवता भोजन के तहत स्वल्पाहार खीर पूड़ी व दाल चांवल सब्जी मीठा आदि परोसा गया, जिसका वहन प्रधान अध्यापक शिवेंद्र कोमरे प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा के द्वारा किया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नगर में राजनैतिक पार्टी एवं निर्दलीय प्रत्याशी जमकर प्रचार में जुट गए हैं।इस बीच भाजपा दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता नगरपालिका वार्ड क्रमांक 05 एवं 06 पहुंचकर भाजपा पार्षद प्रत्याशियों यशोदा चुन्नम आर सी नाहक के लिए प्रचार कर भाजपा के लिए वोट मांगा।साथ ही भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने घर घर जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।प्रचार के दौरान लोगों का अपार जनसमर्थन भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में देखा जा रहा हैं।

# ग्राम पंचायत कोड़ेनार में सरपंच पद के लिए 4 एवं पंच हेतु 52 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कोड़ेनार में 23 फरवरी को ग्राम पंचायत चुनाव सम्पन्न होने हैं।जिसके लिए दोपहर 2:30 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय कोड़ेनार में रिटर्निंग ऑफिसर एआरआई बी आर कांगें के समक्ष सरपंच पद के लिए 04 प्रत्याशी मीना मंडावी,मोतीम कतलआम,राजबती एवं केशरी नेताम ने नामांकन दाखिल किया।वहीं 18 वार्डों के लिए पंच पद हेतु कुल 52 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा।कल दिनांक 04 फरवरी को स्कूटनी एवं 06 फरवरी को नाम वापसी का अंतिम तिथि तय किया गया हैं।

# पेड न्यूज पर एमसीएमसी समिति की रहेगी नजर

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान राजनीतिक प्रचार-प्रसार के लिए छापे जाने वाले पंपलेट, पोस्टर, हैंडबिल और अन्य दस्तावेजों पर मुद्रक (प्रिंटर) और प्रकाशक का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। यदि किसी मुद्रित प्रचार सामग्री पर इनका उल्लेख नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट मीडिया में प्रकाशित अथवा प्रसारित होने वाले विज्ञापन और समाचारों की निगरानी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्य सहायक सूचना अधिकारी (जनसंपर्क कार्यालय, कोंडागांव) और वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार शंभू यादव की गहन नजर रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय मीडिया प्रमाणन




एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। कोंडागांव जिले में जिला स्तरीय एसएससी समिति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निर्वाचन संबंधी पर्चों एवं पोस्टरों में मुद्रक और प्रकाशक का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए। साथ ही मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति मुद्रण के तीन दिवस के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करनी होगी। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विज्ञापनों की होगी सतत मॉनिटरिंग

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रिंट, इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले निर्वाचन से जुड़े विज्ञापनों और समाचारों की मॉनिटरिंग के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। आयोग के मार्गदर्शी बिंदुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता और राजनीतिक विज्ञापनों की निगरानी मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा की जाएगी। इसके अलावा जिला स्तरीय मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ द्वारा पेड न्यूज़ की भी मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि कोई संदिग्ध पेड न्यूज़ पाया जाता हैं तो समिति उसे रिटर्निंग ऑफिसर को भेजेगी। इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर अभ्यर्थी को नोटिस जारी करेगा, जिसके जवाब में अभ्यर्थी को 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करना होगा। यदि अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करता है, तो संदिग्ध पेड न्यूज़ को पेड न्यूज़ माना जाएगा और उसकी निर्धारित राशि अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ी जाएगी। यदि अभ्यर्थी जिला स्तरीय समिति के निर्णय से असहमत होता है, तो वह 15 दिनों के भीतर संभागीय समिति में अपील कर सकता है।

# धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला ईमरान खान गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

इमरान खान के द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट में लगातार हिन्दू देवी देवताओं, साधु संतों, धार्मिक ग्रंथों के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले मैसेज एवं आपत्ति जनक पोस्ट प्रसारित किया जा रहा था, जिस पर प्रार्थी करन उईके के रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 46/2025 धारा 299 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देश पर सायबर सेल से टीम गठीत किया गया, और लोकेशन प्राप्त होने पर टीम को तत्काल रायपुर रवाना किया गया, जहां आरोपी के द्वारा लगातार अपना लोकेशन चेंज किया जा रहा था। तब रायपुर पुलिस के सहयोग से विशेष टीम गठित कर आरोपी ईमरान खान निवासी नहर पारा मौदहा पारा रायपुर को पीछा करते हुए गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मतदान दलों का हुआ प्रथम रैण्डमाइजेशन



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2024 25 अतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों हेतु मतदान दलों का रैण्डमाईजेशन रविवार को संयुक्त जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते,उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे सहित रिटर्निंग अधिकारी उपस्थिति थे। बताया गया कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अध्यक्ष एवं 21 वार्डो के पार्षद चुनाव के लिए 30 मतदान केंद्र बनाए गये है। प्रत्येक मतदान केंद्र में 4 मतदान कर्मी के मान से कुल 120 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त 28 कर्मचारी रिजर्व हैं। इसीतरह नगर पालिका परिषद भाटापारा में अध्यक्ष एवं 31 वार्डो के पार्षद चुनाव के लिए 61 मतदान केंद्र, 61 मतदान दल के लिए 244 मतदान कर्मी एवं 56 रिजर्व, नगर पालिका परिषद सिमगा में अध्यक्ष एवं 15 वार्डो में पार्षद चुनाव के लिए 15 मतदान केंद्र, 15 मतदान दल, 60 मतदानकर्मी, 8 रिजर्व कर्मचारी हैं।नगर पंचायत पलारी, नगर पंचायत लवन, नगर पंचायत रोहांसी, नगर पंचायत कसडोल एवं नगर पंचायत टुंडरा प्रत्येक में अध्यक्ष एवं 15 वार्डो में पार्षद के चुनाव के लिए 15 मतदान केंद्र, 15 मतदान दल एवं 60 मतदानकर्मी एवं 8 रिजर्व कर्मचारी हैं।

# कुमारी भास्कर ने किया जिला पंचायत सदस्य हेतु क्षेत्र क्रमांक 14 से,नामांकन दाखिल किया



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14 से अनुसूचित जाति महिला पद हेतु भाजपा प्रत्याशी कुमारी भास्कर ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कुमारी भास्कर ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता। इस अवसर पर प्रस्तावक घनश्याम भोई, मंडल अध्यक्ष बलौदा नीलांबर तांडी, मंडल अध्यक्ष छुईपाली अनिल कुमार साहू, भाजपा नेता राजकुमार पटेल, दयानिधि जाल, धनेश्वर भास्कर, रूपेंद्र रात्रे आदि उपस्थित थे।

# जागव वोटर कार्यक्रम के तहत बिहान की महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार-भाटापारा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में एवं सी ईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान द्वारा जिले में स्व सहायता समूहों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को इस अभियान के तहत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों और संकुल संगठन स्तर पर महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता रैली और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बिहान समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के महत्व को समझाया गया और सभी को अपने मताधिकार का सही तरीके से उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आमजनों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया, ताकि आगामी चुनावों में अधिक से अधिक लोग अपने वोट का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। जाबो कार्यक्रम के माध्यम से जिलेभर में आमजनों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि सभी नागरिक चुनावों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

# डॉ. सिंग के 30 वर्षीय स्वर्णिम शासकीय सेवाकाल को दी गई यादगार बिदाई

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार सिंग विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र के सेवानिवृत्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदेय के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात पी सी चौधरी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी के द्वारा डॉ. सिंग के अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया जिसके अंतर्गत डॉ. सिंग 01.08.1994 में महाविद्यालय मे पदस्थ हुये। 2007 से अब तक रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे थे। डॉ. सिंग महाविद्यालय के दो महत्वपूर्ण कार्य यूजीसी एवं ईग्नू में प्रभारी की भूमिका मे रहे। अपने 30 वर्ष 6 माह के सुखद सेवाकाल को पूर्ण कर रहे है। उद्बोधन सत्र में सेवानिवृत्त प्राध्यापक सुरेश देशमुख ने उद्बोधित किया डा सिंग एक बेहद कुशल शिक्षक हैं और शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले नए बदलावों के साथ खुद को हमेशा अपडेट रखते हैं। उनके अनुशासित और प्रतिबद्ध कार्य उन्हें दूसरों से अलग बनाते हैं। डॉ. अमरसिंह साहू सहायक प्राध्यापक बीजापुर ने अपने वक्तव्य में सिंग सर के साथ व्यतित किये हुये समय का स्मरण किया सर की सरलता एवं सादगी पूर्ण जीवन की व्याख्या की तथा कहा कि आपकी जीवंत ऊर्जा और समर्पण ने एक अमिट छाप छोड़ी है। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने उद्बोधित करते हुए सर्वप्रथम शांतिपूर्ण, उल्लेखनीय उपलब्धिपूर्ण, सफलतापूर्वक एवं निर्विवाद राजकीय सेवा पूर्ण करने पर हृदय की अनंत गहराईयों से एवं उनके सुखद ओजस्वी, गरिमायुक्त व स्वस्थ भविष्य के लिये हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा सही मायने मे एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता। महाविद्यालय से भले ही सेवाकाल पूर्ण हो जाये, मगर एक शिक्षक आजीवन अपने विचारों ओर ज्ञान का प्रकाश फैलाया करते है। डॉ. सिंग के अथक परिश्रम के चलते उनके पढ़ाये बहुत से विद्यार्थी उच्च पदों पर पदस्थ है। यही उनकी पूंजी है। डॉ. अजय कुमार सिंग विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र ने संबोधित करते हुये कहा कि सर्वप्रथम मैं आप सभी महाविद्यालय परिवार को आज के सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित करने एवं यहाँ उपस्थित होने के लिए धन्यवाद कहना चाहता हूं। आप सभी की उपस्थिति नें इस विदाई समारोह को मेरे लिए एक यादगार पल बना दिया है। समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ के सहयोग से 30 वर्ष 6 माह का मेरा शासकीय सेवाकार्य पूर्ण हुआ। मै अब अपनें सहकर्मियों के लिए दो शब्द कहना चाहूँगा, साथियों आप सभी के साथ बिताए हुए पल मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पलों में से एक हैं। आप सभी नें सदैव मेरा साथ दिया है। इस कार्यालय में व्यतीत किये हुए लम्हों को मैं कभी नहीं भुला सकता। अब मैं अपने रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापकों लिये कहना चाहूंगा हमने विषम से विषम परिस्थियों में भी कार्य किया है और उन्होंने हमेशा स्वयं से अधिक कार्य को प्राथमिकता दी है और विभाग को आगे बढ़ाया है। हम सभी ने परिवार की तरह विभाग को चलाया है। समस्त श्रोतागण, यह महाविद्यालय मेरे लिए एक मंदिर की भांति है और मैंनें यहाँ 100 प्रतिशत देने की कोशिश की है और अंत में मैं इस महाविद्यालय में उपस्थित अपने हर एक साथी का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होनें हमेशा कंधे से कन्धा मिलाकर मेरा साथ दिया और मुझे इस मुकाम तक पहुचाया। पी सी चौधरी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने वक्तव्य मे बताया कि डॉ. सिंग ने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी प्रतिबध्दता के साथ निभाया वह अद्भुत प्रतिभा के धनी है। उनका व्यक्तित्व बहुत ही आकर्षक और उच्च कोटी का है। डा हेमवती ठाकुर सहायक प्राध्यापक इतिहास विभाग ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुये बताया कि उनका नेतृत्व कौशल तथा शैक्षणिक उपलब्धियां हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रही हैं और हमने उनसे जो भी सीखा है उसके लिये हम उनके आभारी है। अनुपमा सिंग, डॉ. सिंग की जीवनसंगिनी ने अपने वक्तव्य में बताया कि डा सिंग खुली किताब सा व्यक्तित्व रखते है। अपने कार्य के प्रति निष्ठावान है। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुये उन्होने कभी अनावश्यक अवकाश नही लिया तथा महाविद्यालयीन कार्य को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी। सरोज प्रसाद विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस आयोजन के तहत हम डॉ. सिंग के पूरे कार्यकाल को सम्मानित करते है और उनके महाविद्यालय को दिये गये शानदार योगदान के लिये धन्यवाद ज्ञापित करते है। दुर्गेश प्रसाद सहायक प्राध्यापक विधि विभाग ने बताया कि डॉ. सिंग के साथ बितायी कई यादें हमें ईनाम के तौर पर मिले है, यह यादे हमें तमाम तजुर्बे दे गई। आपका व्यवहार ही आपकी पहचान है जिससे सेवानिवृत्त होकर भी आप प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी से सदैव जुड़े रहेंगे। खेदूराम भारती हिन्दी विभाग ने अपनी कविता के माध्यम से डॉ. सिंग के व्यक्तित्व के वर्णन की माला पिरोई एवं बिदाई के भावुक पलो को संजोया।

# वार्ड विकास में सहभागिता निभाना मेरी प्राथमिकता, जो रामु रोहरा और विजय मोटवानी के साथ ही संभव : हितेश रायचुरा

## आमापारा वार्ड में हितेश रायचुरा ने किया भाजपा प्रत्याशी विजय मोटवानी का समर्थन



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

आमापारा वार्ड के निर्दलीय प्रत्याशी हितेश रायचुरा भारतीय जनता पार्टी से टिकट की मांग की थी। लेकिन टिकट न मिलने पर वे चुनाव में खड़े हो गए थे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने अंतरात्मा की आवाज पर स्वयं पहुंचकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी विजय मोटवानी के पक्ष में समर्थन करते हुए चुनावी मैदान से हटने की घोषणा की जिसका चुनाव संचालक अजय चंद्राकर, महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, सह चुनाव संचालक राजेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपडा, कुंजलाल देवांगन, निर्मल बरडिया, कविंद्र जैन सहित उपस्थित सभी नेताओं ने स्वागत व सम्मान करते हुए कहा कि सुबह का भूला यदि शाम को घर आता है तो वह हम सबके लिए एक शुभ संकेत है जिसके लिए पूरी धमतरी तैयार है। वही हितेश रायचूरा ने एक अनौपचारिक चर्चा में कहा कि वार्ड का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है जो की पूर्व पार्षद विजय मोटवानी के नेतृत्व में, महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा के साथ ही संभव है। इसलिए मैंने अपने जनता के हित तथा समर्थकों के भावनाओं का सम्मान करते हुए विजय मोटवानी के पक्ष में अपनी उम्मीदवारी वापस ले रहा हूं तथा सभी से अपील करता हूं कि कमल छाप पर अपना अमूल्य वोट देकर धमतरी शहर को विकास की ओर अग्रसर करें।

# बजट मध्यम वर्गीय व कर्मचारियों के लिए खुशियों का खजाना : चंदूलाल

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि 2014 से मोदी सरकार द्वारा प्रतिवर्ष पिछले वर्ष से बेहतर और विकासोन्मुखी बजट प्रस्तुत किया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष का बजट अब तक का सबसे बेहतर बजट कहा जा सकता है। आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे, इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है। साहू ने कहा इस बजट में मध्यमवर्गीय जनता और सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशियों का खजाना है। नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रूपए की आय पर अब कोई टैक्स देय नहीं होगा। 75 हजार रुपए की मानक कटौती के साथ वेतनभोगी करदाताओं के लिए 12॰75 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। साहू ने कहा कि किसानों के क्रेडिट कार्ड की लिमिट अब 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए की गई। किसान क्रेडिट से 7 करोड़ से अधिक किसानों को आसान लोन की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा फसलों की उपज बढ़ाने हेतु शुरू की जाने वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना से 1॰7 करोड़ किसानों को फायदा होगा। बजट में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना करने का प्रस्ताव किया गया है, जिससे छात्रों के बीच वैज्ञानिक सोच को और बढ़ावा मिलेगा। साहू ने कहा देश के एससीए एसटीए और महिलाएं जो नए उद्यमी बनना चाहते हैं, उनके लिए बिना गारंटी के 2 करोड़ रुपये तक के लोन की योजना भी लाई गई है। ऐसे ही सर्व वर्ग हेतु अन्य ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी घोषणाएं इस बजट में की गई हैं।

# पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 02 अंतराज्यीय आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में अण्डरब्रिज भाटापारा के पास मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 02 अंतराज्यीय आरोपियों को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा आरपीएफ भाटापारा के विशेष सहयोग से सारनाथ ट्रेन से उड़ीसा से रायपुर होते हुए भाटापारा आकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपियों को अंडरब्रिज भाटापारा के पास पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले दोनों आरोपियों एवं उनके पास रखे गए पिट्ठू बैग एवं ट्रॉली सूटकेस का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों से अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 25.270 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?2,52,700 है। साथ ही प्रकरण में आरोपियों से 02 नग मोबाइल भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# ज्ञान अमृत स्कूल में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाई स्कूल धमतरी में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन, विद्यारंभ संस्कार एवं छात्र.छात्राओं द्वारा हनुमान चालीसा के साथ-साथ विभिन्न मंत्रो का सस्वर पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री परिवार के साधक धर्मेंद्र साहू, अभिषेक साहू, पूनम साहू द्वारा मां शारदा, श्री गणेश एवं मां गायत्री के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य जजमान के रूप में पालक शीतल निशा साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर जो बच्चे, विद्यार्थी जीवन प्रारंभ करने जा रहे हैं ऐसे 21 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार स्लेट, पेंसिल, कलम की पूजा कर बच्चों द्वारा स्लेट पर ऊं भूर्भुवः स्वः शब्द लिखाकर संपन्न कराया गया। सभी बच्चे कतारबद्ध होकर बारी-बारी से मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सर्व मनोकामना पूर्ति हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक विनोद



कुमार पाण्डेय ने सरस्वती पूजा की बधाई देते हुए कहा बसंत पंचमी ज्ञान और विद्या की अधिष्ठात्रि देवी मां सरस्वती का अवतरण दिवस है। यह हिंदू धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह त्यौहार हमारे मन में एक नई चेतना और उमंग भरता है। मां सरस्वती वह शक्ति है जिसके द्वारा हमें विद्या, बुद्धि की प्राप्ति होती है। निर्मल बुद्धि द्वारा ही हमें विवेक के प्राप्ति होती है। उसे हम भले बुरे की पहचान करने में समर्थ होते हैं। इसके कारण सरस्वती का वाहन हंस माना गया है। गायत्री परिवार के साधक धर्मेंद्र साहू, अभिषेक साहू, पूनम साहू ने बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा देवी सरस्वती ज्ञान, मेघा, बुद्धि और संगीत की देवी कहा जाता है। बसंत पंचमी ज्ञान के हस्तांरण का शुभ दिन माना जाता है क्योंकि यह अज्ञानता को दूर करता है। बच्चों को पहला अक्षर सिखाया जाता है। मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने से मनुष्य को बुद्धि की प्राप्ति होती है एवं विद्यार्थियों की शिक्षा में आने वाली बाधाएं दूर होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप कल्पना पाण्डेय, पुष्पलता जाधव, भुवनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, रूमानी कुरेशी, पूजा राजवनी, हेमलता देवांगन, ज्योति सोनी, हिमानी साहू, गायत्री दुबे, प्रियंका सोनी, अनुप टंडन, शीतल सोनी, अलिशा मेमन, सिद्धिती सोनी, प्रिया शर्मा, नेहा सिन्हा, लीना सिन्हा, गायत्री देवांगन, संस्कृति पाण्डेय, शैलेन्द्र साहू, डिकेश नाग, राजेन्द्र साहू, माधवी राजपूत, बिन्दु पटेल, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

# मीडिया प्रतिनिधियों को दी गई ईव्हीएम मशीन की विस्तृत जानकारी

# ईव्हीएम मशीन से किया जाएगा महापौर एवं पार्षदों का निर्वाचन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीआईटी कॉलेज के डी-ब्लॉक के कक्ष क्रमांक 101 में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतदान मशीन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स हरेन्द्र सिंग भुवाल द्वारा ईव्हीएम मशीन की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। नगरीय निकाय निर्वाचन के मतदान तथा मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस दौरान सभी मीडिया प्रतिनिधियों ने मतदान का अभ्यास किया और अपनी शंकाओं का समाधान किया। मतदान प्रातः 8 बजे शाम 5 बजे तक विभिन्न मतदान बूथों में सम्पन्न होगा। मास्टर्स ट्रेनर्स ने बताया कि पहले महापौर पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाने के पश्चात बीप की छोटी आवाज आएगी। फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पंसद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाने पर मतदान करने पर बीप की लंबी आवाज आएगी। एक मतदान यूनिट में अधिकतम सोलह बटन की व्यवस्था होती है, जिसका अंतिम बटन बटन होता है। एक नियंत्रण यूनिट के साथ चार मतदान यूनिट जोड़े जा सकते हैं। मतदान मशीन की डिजाइन इस प्रकार से तैयार की गई है कि मतदाता बहुपद अर्थात् महापौर तथा पार्षद पद के लिए अपनी इच्छानुसार अपने पसंद के अभ्यर्थी को उसके नाम, फोटो एवं प्रतीक के सामने एक नीला बटन है इस नीले बटन को दबाकर मतदाता इच्छित अभ्यर्थी के लिए बटन दबाकर अलग-अलग मतदान कर सकता है। मतदान मशीन ई.सी.आई.एल. द्वारा निर्मित एक बैटरी द्वारा संचालित होती है तथा इसका उपयोग कहीं भी तथा किसी भी परिस्थिति में किया जा सकता है। इसका संचालन सुगम है तथा यह त्रुटिरहित है। प्रत्येक अभ्यर्थी के नाम के समक्ष मतदान यूनिट के बटन को दबाकर मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी के पक्ष में मतदान कर सकता है। मतदाता द्वारा किये गए मतदान की रिकार्डिंग नियत्रंण यूनिट में होती है।

मतदान यूनिट को मतदान कक्ष में स्थापित किया जाता है तथा नियंत्रण यूनिट मतदान अधिकारी क्रमांक 3 के मेज पर रहेगा, जिसकी निगरानी पीठासीन अधिकारी करेगा। नियत्रंण यूनिट के सबसे ऊपरी भाग पर विभिन्न जानकारियां और मशीन में रिकार्ड किये गये आंकड़े प्रदर्शित करने की व्यवस्था है जैसे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, डाले गये कुल मतों की संख्या, प्रत्यके अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त मत इत्यादि। कार्यशाला के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर एडीएम अरविंद एक्का सहित जिले के समस्त रिटर्निंग/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे।

# हर पंद्रह दिन में वार्डो की सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com







निगम के प्रत्येक वार्डो में अब हर पन्द्रह दिन में बड़े स्तर पर सफाई कार्य किया जाएगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मैत्री नगर और शक्ति विहार में चल रहे सफाई अभियान को देखा। उन्होंने सार्वजनिक नाली पर ढाले स्लैब और टाइल्स को हटाकर सफाई के निर्देश दिए। नाली के ऊपर लगाए 4 नग साइन बोर्ड को जब्त भी किया गया। खास बात यह है कि मैत्री नगर मार्केट से लगे स्ट्रीट की नाली सफाई कई महिने से नहीं हुई थी। अधिकांश नाली मलबे से पट चुका था। जिसे आयुक्त की मौजूदगी में निकाला गया। उन्होंने सफाई मित्रों को निर्देश दिए कि लोगों को समझाईश दे कि नाली में पॉलीथिन जैसे अन्य कपड़ा डाइपर पैड, को न डाले। आयुक्त ने इस दौरान पार्षद सुनंदा चंद्राकर और शक्ति विहार के पार्षद डॉ सीमा साहू से वार्ड में सबसे ज्यादा गंदगी वाले क्षेत्र को चिन्हित करने कहा। साथ ही लोगों को जागरूक करने भी कहा।

**सख्ती से पेस आए**-निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि नाली सफाई में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करे। नाली के ऊपर स्लैब और टाइल्स लगे होने पर उसे तोड़कर सफाई करे। सभी को हिदायत दे कि नाली पर स्लैब व टाइल्स न लगाए। निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना वसूल करे।

**जब्त करे साइन बोर्ड**-गैंग अब ऐसे विज्ञापन वाले साइन बोर्ड और तख्ती को उखाड़ जब्त करेंगे जो बिना अनुमती सड़क या नाली के किनारे लगाए गए है। मैत्री नगर के अलावा अन्य वार्डो में लगे साइन बोर्ड को सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है।

**गैंग में 20-20 सद्स्य**-पूर्व में निगम क्षेत्र में बारिश के पहले ही नहरों की सफाई करने गैंग तैयार किया जाता था। निगम आयुक्त के निर्देश पर पहली बार 20-20 सफाई मित्र वाले गैंग तैयार किया है। जो हर पन्द्रह दिन में रोटेशन आधार पर वार्डो में पहुंचेगे और स्वच्छता समेत अभियान के तहत नाली, नहर सफाई, जंगल क्लीन करेंगे।

# नेहरू नगर चौंक के वर्टिकल गार्डन का संधारण किया जा रहा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का नेहरू नगर प्रमुख चौंक में से एक है। नेशनल हाईवे होने के कारण सबसे ज्यादा ट्रैफिक का दबाव चौक पर रहता है। व्यस्ततम आवागमन के कारण वहां की आबो हवा अन्य जगहो की अपेक्षा प्रदुषित हो जाती थी। एक तरफ बड़े-बड़े हैवी ट्रकों, बसों, मेटाडोर, ट्रेक्टर, ट्रेलर, मिनी बस, आटो, कार, दुबहिया वाहन इत्यादि वाहनो का आना-जाना लगा रहता है। बड़ते वायु, ध्वनि प्रदूषण के दबाव को रोकने के लिए वहां पर वर्टिकल गार्डन लगाया गया था। गाड़ियो से निकलने वाले घुआं, घुल, गर्म हवाओ के कारण जो पूर्व में वर्टिकल गार्डन लगाया गया था, उसमे से कुछ पौधे सूख गये थे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं उसका फोटो खींच कर संबंधित विभाग को भेजे। आज वर्टिकल गार्डन का संधारण किया गया। वर्टिकल गार्डन में जो पौधे लगते है, उसकी विशेषता होती है कि उनमें प्रदुषण को कम करने की तीव्र क्षमता होती है। इससे वह आस-पास के वातावरण को संतुलित रखना है। घुल, घुआं से भी ज्यादा प्रभावित नहीं रहता, इसके कारण नेहरू नगर चौंक से लेकर जहां-जहां फ्लाई ओवर के खम्बे है। उनके दोनो तरफ वर्टिकल गार्डन लगाया गया है। इससे निगम क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में और सुधार होगा। नगर की सुन्दरता भी बढ़ गई है। फूल खिलता है, तो लोगो के आकर्षण का केन्द्र रहता है। नगर निगम भिलाई के तरफ से ऐसे जगहो पर सेल्फी लेना प्रतिबंधित है। कई बार देखा गया है, कि लोग उत्साह में कुछ अलग करने के चक्कर में रोड़, डिवाईडर में खड़े होकर सेल्फी लेने लगते है।

# वार्डो की सफाई अभियान में पार्षद अपनी सहभागिता करे सुनिश्चितः आयुक्त

## 3 फरवरी प्रथम सप्ताह से निगम कर्मचारी घरों में देंगे दस्तक

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com





निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली को स्वच्छ रखने पार्षदों की भूमिका को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने वार्डो की तस्वीर बदलने पार्षदों को सामने आकर अभियान स्वरूप कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने का आव्हाहन किया। खास बात यह है कि रिसाली निगम स्वच्छता की अलग जगाने फरवरी प्रथम सप्ताह से ही पूरे वार्डो में एक साथ भ्रमण कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है। उक्त बातें उन्होंने पार्षदों की कार्यशाला में कही। निगम आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में घरों और बाजार क्षेत्र से निकलने वाले मिक्स कचरे की निष्पादन करना चुनौती है। अगर शुरूआती दौर से नागरिकों का सहयोग मिले तो यह कार्य आसान हो जाएगा। अन्यथा एक समय के बाद यह समस्या विकराल रूप में सामने आता है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कार्यशाला में आग्रह की है कि पार्षद की थोड़ी सी सक्रियता रिसाली को सुंदर बना सकती है। केवल जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यशाला में निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, पार्षद रमा साहू, मनीष यादव, सारिका साहू, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, ममता यादव, विलास बोरकर, ईश्वरी साहू, सरीता देवांगन, रंजीता बेनुआ, टीकम साहू, हरिशचन्द्र, शीला नारखेड़े, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, खिलेन्द्र चन्द्राकर, रोहित, सविता ढवस आदि उपस्थित थे।

**वार्ड का आइना है पार्षद**-आयुक्त ने कहा कि फरवरी प्रथम सप्ताह से हम योजनाबद्ध तरीके से सफाई कार्य आरंभ करने का प्रयास कर रहे है। टाउनशिप को छोड़ रिसाली को चार भागों में विभक्त कर 20-20 स्वच्छता मित्र का 2 गैंग बनाए है। सफाई कहा से शुरू करे इसकी रूपरेखा वार्ड पार्षद बताए। आयुक्त ने कहा कि पार्षद वार्ड का आइना है। प्रतिदिन उस वार्ड के नागरिक पार्षद से मुलाकात करते है। उन्हें पता होता है कि सफाई की आवश्यकता कहा होती है। इसलीए वे गैंग का रोस्टर देख स्वयं तय करे कि अभियान की शुरूआत कहा से करे।

**कर्मचारी करेंगे जागरूक**-आयुक्त ने बताया कि निगम के कर्मचारी एक बार फिर नई व्यवस्था के तहत घर-घर दस्तक देंगे। वे गीला व सूखा कचरा को अलग-अलग रखने की न केवल नसीहत देंगे बल्कि यह देखेंगे कि सफाई एजेंसी कचरा कलेक्शन में लापरवाही तो नहीं बरत रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अगर बार-बार समझाईश के बाद नागरिक स्वच्छता नियमों की अनदेखी करेंगे तो निगम कर्मचारी जुर्माना वसूल करेंगे।

**पार्षद दे ध्यान**-आयुक्त ने कहा कि निगम के कई वार्ड में ऐसे स्थान है जहां लोग सार्वजनिक रूप से कचरा फेकते है। ऐसे स्थानों को निगम ने चिन्हित किया है। उस स्थान को बेहतर करने कार्य योजना है, लेकिन यह कार्य पार्षद के सहयोग बिना अधूरा है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि आम नागरिकों को खुला में कचरा न फेकने के लिए प्रेरित करे।

# कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी व मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दलों के अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आज बी.आई.टी. कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने कहा है कि निर्वाचन में मतदान दायित्व को सहज एवं सरल तरीके से सम्पादित करने हेतु बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी/कर्मचारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी जा रही ईव्हीएम मशीन की जानकारियों को अच्छे से समझें और किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर्स से बार-बार पूछें। किसी भी समस्या व शंका को दूर करने प्रशासन की टीम आपके साथ रहेगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता से जुड़ा होता है, इसलिए गलती की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सहायक संचालक डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तनम उपस्थित थीं।

# शा.प्रा. शाला में हुआ एफएल एन मेला का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में विद्यालय स्तरीय एफ एल एन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। आपको बता दे कि बुनियादी साक्षरता और गणित में बच्चो को दक्ष करने के लिए एफएलएन मिशन संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एफएल एन मेला का संचालन स्कूलों में किया जा रहा है। राज्य स्तर से प्राप्त निर्देश अनुसार शिक्षक गुलजार बरेठ के निर्देशन में स्कूली बच्चों के लिए एफएलएन मेला आयोजित की गई । जिसमें संख्या ज्ञान और भाषाई विकास के लिए गतिविधि आधारित विभिन्न स्टाल लगाया गया था। जिसका संचालन बच्चो ने स्वयं किया। बाकी बच्चे इसमें मजे से गतिविधियां करते नजर आए। शिक्षक गुलजार बरेठ ने कहा कि यदि बच्चो को अवसर दिया जाए तो वे बहुत आगे बढ़ सकते है। इस तरह के आयोजन से बच्चों में स्वयं से सीखने का गुण विकसित होता है और बच्चे गणित और भाषा के विभिन्न कौशलों को मजे मजे में सीखते है। प्रधान पाठक मोहन लाल सहीस ने कहा कि यह एक बालकेंद्रित कार्यक्रम था। इस तरह के आयोजन में बच्चे स्वयं करके सीखते है जिससे उनमें आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

# नालियों पर अतिक्रमण कर सफाई व्यवस्था बाधित करने वालों पर सीधे होगी कार्रवाई : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्र. 03 अंतर्गत वार्डो में साफ-सफाई को लेकर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने मुरकटटा स्कूल एवं बैकुण्ठधाम से लगी हुई बस्तीयो में जाकर सफाई व्यवस्था को देखे। बैकुण्ठधाम क्षेत्र के अगल-बगल बस्तियों में कुछ नागरिको द्वारा नालियों पर अवैध अतिक्रमण कर रखा गया है, जिसके कारण नाली सफाई नहीं हो पा रहा है। जिसे हटाने के निर्देश अधिकारियो को दिये। साथ ही मंदिर निर्माण कर निगम की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे रोकने के निर्देश भी दिये। आयुक्त पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारिय, सहायक राजस्व अधिकारी से कहा कि अवैध रूप से निगम की जमीन पर बिल्डिंग मटेरियल रख कर व्यापार करने वाले व्यापारियो का गुमस्ता एवं ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर चालानी कार्यवाही की जावे। इसी प्रकार दाल पानी क्षेत्र में नालियों के उपर अवैध कब्जा किया गया है, जिसे हटाकर स्थल की साफ-सफाई कराने को कहा है। आयुक्त ने जोन राजस्व अधिकारी को वार्डो में जाकर अवैध कब्जा करने वालो पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उसके पश्चात जोन 03 क्षेत्र में प्रस्तावित नहर नहर रोड का निर्माण किया जाना है। जोन क्रमांक 4 से होते हुए अवंती बाई चौक पर मुख्य सड़क से मिला मिलेगा। इससे नागरिकों को आवागमन में बहुत सुविधा होगी। नहर के दोनों तरफ बहुत सारे लोगों ने दुकान व घर बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। उसे नोटिस देकर हटवाने के लिए कहा। जोन 3 क्षेत्र में शीतल परिसर के पीछे आंगनबाड़ी समय पर संचालित नहीं किया जा रहा है। उसका पता लगाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने महिला एवं बाल विकास प्रभारी को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, अभियंता नितेश मेश्राम, मरकाम, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला,जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे अभिनव ठोकने आदि उपस्थित रहे।

## 4 फरवरी को ईवीएम प्रदर्शन, वार्ड-17 औधोगिक नगर, वार्ड 12 मोहन नगर, वार्ड 35 रामदेव मंदिर, वार्ड 41 केलाबाड़ी व वार्ड 53 पोटिया कला उत्तर में किया जाएगा

# मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम के जरिये निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया हेतु 4 वार्डों में ईवीएम का प्रदर्शन कर नागरिको को दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com






नगर पालिक निगम चुनाव में इस बार ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। ईवीएम को लेकर मतदाताओं के मन में तमाम जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की ओर से शहर क्षेत्र के हर वार्ड में प्रतिदिन मास्टर ट्रेनर के द्वारा 4 वार्डो के आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुँचकर ईवीएम का प्रदर्शन कर नागरिको को दी गई जानकारी। 4 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 से 5 बजे तक मतदान केंद्रों व चौक-चौराहों पर जानकारी व प्रदर्शन के तहत वार्ड-17 औधोगिक नगर, वार्ड 12 मोहन नगर, वार्ड 35 रामदेव मंदिर,वार्ड 41 केलाबाड़ी व वार्ड 53 पोटिया कला उत्तर इसके अलावा 5 फ़रवरी को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक वार्ड - 18औद्योगिक नगर, वार्ड 10 शंकर नगर, वार्ड 36 गंजपारा,वार्ड 42 कसारिडीह व वार्ड 54 पोटिया कला में किया जाएगा। 6 फरवरी को वार्ड 22 स्टेशन पारा,वार्ड 11 शंकर नगर, वार्ड 33 चंडी मंदिर,वार्ड 43 कसारीडीह एवं वार्ड 55 पुलगांव में भी किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर के द्वारा ईवीएम के जरिये निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया वार्डों में ईवीएम का प्रदर्शन कर लोगो को दी जा रही है जानकारी।नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रत्याशियों के समक्ष प्रदर्शन (डेमोस्ट्रेशन) किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मशीन की कार्यप्रणाली और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रदर्शन के दौरान मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के विभिन्न हिस्सों और उनके कार्यों का विस्तार से परिचय कराया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे मशीन से चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाया जाता है। मास्टर ट्रेनर ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सके। साथ ही, उन्होंने मतदान के दौरान हर मतदाता की गोपनीयता और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। ईवीएम के प्रदर्शन के साथ-साथ मास्टर ट्रेनर ने डिजिटल तकनीकी के माध्यम से चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के महत्व को भी बताया ताकि वे अधिक आत्मविश्वास के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकें।

# जनता के आह्वान पर सरपंच प्रत्याशी बनी सोनिया यदु, मिल रहा है भारी समर्थन

**अम्लेश्वर।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हारिया के सरपंच पद के प्रत्याशी सोनिया थानेश्वर यदु ने आज विशाल रैली के साथ नामांकन दाखिल किया है। आपको बता दें लगातार ग्रामीणों के द्वारा सोनिया यदु को प्रोत्साहित किया गया समर्थन दिया गया।

**E- AUCTION NOTICE (Damaged Paper Rolls of Approx. 25,315.50 kgs)**

E- Auction forms are invited from interested buyers for disposal, strictly on "as is where is" basis, on 'Per KG Basis' 'Damaged Paper Rolls of Approx. 25,315.50 kgs' belonging to **M/S SKM PAPER AND PACK LLP** (survey handled by: Mack ISLA Pvt Ltd) Salvage of the above materials can be inspected at Raipur, Chhattisgarh between **04/02/25 to 08/02/25**, after taking prior appointment from Mr. Nitin Kumar-8810331841. E-Auction to be held on 10/02/25. For E-Auction forms, Contact Ms. Khushi at Mob:- 9990857386 of

**Salvor Settlers Private Limited (Auctioneers)**

Address:- 203, 2nd Floor, Usha Kiran Building, Azadpur Commercial Complex, Delhi-110033 or download from website: **www.salvorsettlers.com**
Last date for submission of E-Auction form is **10.02.2025** before 12.30 P.M.

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस संख्या:** Sr.DEE-G-R-OTP-24-25-27 दिनांक: 27.01.2025 **कार्य:** इलेक्ट्रिकल (जी) काम का हिस्सा - कोचिंग डिपो, दुर्ग में पिट व्हील लेथ/सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ की स्थापना। | **निविदा मूल्य:** ₹4,31,781/- | **बयाना राशि:** ₹8,600/-, | **निविदा जमा:** दि. **28.02.2025** के **11:30** बजे तक। उपरोक्त कार्य के निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण/खरीद, पात्रता मान-दंड हेतु सीनियर डीईई/जी/आर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों को देखें / डाउनलोड करें। इन निविदाओं के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**

PR/R/SR.DEE(RS&G)/MS/228
South East Central Railway @secrail

## संपादकीय

# चीन की प्रगति अमेरिका को चुनौती

**चीन** की तेजी से प्रगति अमेरिकन वर्चस्व को पहले के किसी भी समय की तुलना में बड़ी चुनौती है जो 'डीपसीक' जैसे प्रयासों से स्पष्ट है। दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका अद्यतन तकनीकों में दुनिया का नेता रहा है जिनमें कृत्रिम बुद्धि-एआई से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तथा रक्षा खोजों से लेकर अंतरिक्ष खोज तक शामिल हैं। लेकिन इन क्षेत्रों में चीन की तेज प्रगति को राज्य-संचालित पहलों, प्रतिभा अधिग्रहण तथा आक्रामक आरएंडडी निवेशों से बढ़ावा मिला है और आज वह अमेरिकन वर्चस्व को गंभीर चुनौती पेश कर रहा है। 'ओपेनएआई' के 'जीपीटी-4' माडल के मुकाबले चीनी एआई माडल 'डीपसीक' का उभार केवल एक उदाहरण है जिससे स्पष्ट होता है कि बीजिंग यह तकनीकी खाई पाट रहा है। चीन की महत्वाकांक्षायें एआई से आगे जाती हैं। उसने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह चीन के 'विज़न 2025' का प्रत्यक्ष प्रमाण है जो अब यथार्थ में बदल रहा है। चीन ने 'जियूझियांग क्वांटम कंप्यूटर' विकसित किया है जिसने परंपरागत सुपरकंप्यूटरों की तुलना में कंप्यूटेशनल गति को असाधारण रूप से तेज कर दिया है। इस बीच अमेरिका भी गूगल और आईबीएम जैसी कंपनियों के माध्यम से अपनी क्वांटम खोज में लगा है, पर चीन का सरकार-समर्थित दृष्टिकोण दीर्घकालीन नियोजन में सहायता करता है। अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणालियों को धोखा देने वाले हाइपरसोनिक मिसाइलों से लेकर एआई-संचालित युद्ध क्षमताओं तक चीन के सैनिक आधुनिकीकरण ने वैश्विक शक्ति गतिशीलता बदली है।



चीन के सुपरकंप्यूटर उद्योग को पंगु बनाने को लक्षित अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद बीजिंग ने उल्लेखनीय प्रगति की है जिसमें हुवावेई की '7 एनएम किरिन चिप' शामिल है। यह उम्मीद से बहुत अधिक है। अमेरिका ताइवान की टीएसएमसी पर निर्भर है, पर चीन द्वारा आत्मनिर्भरता के अथक प्रयासों से यह खाई पाटी जा रही है। अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में भी चीन प्रगति कर रहा है। चीन का तियानगांग स्पेस स्टेशन, उसके मंगल व चंद्र खोज कार्यक्रमों तथा महत्वाकांक्षी उपग्रह-आधारित इंटरनेट ने नासा और स्पेसएक्स को कड़ी टक्कर दी है। इससे चीन अंतरिक्ष पर वर्चस्व के मामले में अमेरिका के बराबर आ गया है। लेकिन वाशिंगटन भी इस चुनौती को देखते हुए खामोश नहीं है। अमेरिका ने एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है। उसने चीन को सीमित रखने के प्रयास तेज किए हैं। बाइडेन प्रशासन ने चीनी फर्मों, जैसे हुवावेई और एआई चिप निर्यात पर लगाम लगा कर उसकी तकनीकी प्रगति को सीमित करने के प्रयास किए थे। उभरती तकनीकों में चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिका यूरोपीय संघ, जापान और भारत से संबंध मजबूत कर रहा है। इसमें 'चिप्स एक्ट' व 'क्वाड' जैसे गठबंधनों ने महत्वपूर्ण तकनीकों तक चीन की पहुंच सीमित करने के उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। इसके साथ ही ओपेनएआई, गूगल और आईबीएम जैसी कंपनियों को चीनी एआई फर्मों पर बढ़त बनाए रखने के लिए सरकारी समर्थन मिल रहा है। हालांकि, भारत इस तकनीकी युद्ध में पीछे है, पर वह धीमी गति से बराबरी पर पहुंचने के प्रयास कर रहा है। अमेरिका के साथ संबंध मजबूत करने के साथ ही उसने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखी है। भारत भी एआई स्टार्टअप तथा क्वांटम कंप्यूटिंग शोध में भारी निवेश कर रहा है। भारत सरकार के 'सेमीकॉन इंडिया इनीशियेटिव' के माध्यम से देश वैश्विक सेमीकंडक्टर केन्द्र बनने तथा इंटेल, टीएसएमसी व अन्य कंपनियों से निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है। वास्तव में भारत वैश्विक तकनीक परिदृश्य में महत्वपूर्ण पक्ष के रूप में उभर रहा है। यह दौड़ तेज होने से तकनीक में विश्व व्यवस्था उन तरीकों को परिभाषित करेगी जो इक्कीसवीं शताब्दी को नया स्वरूप देंगे। भारत सरकार इस दौड़ में अनिवासी भारतीयों का पूरा सहयोग ले रही है जो कई विश्वविख्यात टेक कंपनियों के शीर्ष पर हैं।

# भारतीय उड्डयन क्षेत्र की प्रगति

भारत का उड्डयन क्षेत्र इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। देश की विशाल जनसंख्या तथा तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बावजूद उसे हवाईअड्डों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।

**संतोष मैथ्यू**
(लेखक, सहायक प्रोफेसर हैं)





भारत का उड्डयन क्षेत्र इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। देश की विशाल जनसंख्या तथा तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बावजूद उसे हवाईअड्डों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। क्या कभी आपने सोचा है कि अमेरिका में कितने हवाईअड्डे हैं? यह संख्या आपके अधिकाधिक अनुमान से बहुत अधिक यानी लगभग 19,000 है। लगभग 330 मिलियन जनसंख्या वाले अमेरिका ने हवाईअड्डों का व्यापक संजाल बना कर देश भर में सहज कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है।

अब इसकी तुलना भारत से करें। अमेरिका से तीन गुना अधिक जनसंख्या वाले भारत में वर्तमान समय में केवल लगभग 500 हवाईअड्डे हैं। यह तथ्य और भी अधिक आश्चर्यजनक है कि इनमें से केवल 29 को ही अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का दर्जा मिला है। यह भयानक भिन्नता केवल एक आंकड़े से आगे जाती है। इससे भारत के सामने उड्डयन क्षेत्र में ढांचागत चुनौतियां स्पष्ट होती हैं तथा इसके साथ ही इस क्षेत्र के व्यापक विस्तार की आवश्यकता भी उजागर होती है। भारत तथा विदेशों में उड्डयन क्षेत्र की तुलना करने के दृष्टिकोण से पश्चिम बंगाल और ब्रिटेन के बीच भी तुलना की जा सकती है। दोनों की जनसंख्या लगभग बराबर है पर उनके उड्डयन नेटवर्क में बहुत बड़ा अंतर है।

जहां ब्रिटेन में लगभग 150 हवाईअड्डे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में केवल तीन यात्री हवाईअड्डे-कोलकाता, बागडोगरा और अंडाल हैं। यह अंतर केवल सुविधा के दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इससे खोए हुए आर्थिक अवसरों की रूपरेखा स्पष्ट होती है तथा इसके साथ ही तेज ढांचागत विकास की आवश्यकता भी रेखांकित होती है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में हवाईयात्रा दैनिक सुविधा की चीज है क्योंकि यह सस्ती, सक्षम तथा दैनिक जीवन से जुड़ी है। इससे लोगों को ट्रैफिक से मुक्ति मिलती है, उनका समय बचता है तथा आर्थिक विकास की गति तेज होती है। लेकिन अब भी भारत में हवाईयात्रा को शानोशौकत की चीज माना जाता है और इसकी पहुंच केवल कुछ विशिष्ट लोगों तक ही है। भारत का उड्डयन नेटवर्क उसकी बढ़ती हुई मांग को देखते हुए पूरी तरह अपर्याप्त है। केवल 29 अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों तथा लगभग कुल 500 हवाईअड्डों के साथ उड्डयन क्षेत्र की ढांचागत संरचना घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। दिल्ली, मुंबई और बैंगलुरू जैसे बड़े शहरों में हवाईअड्डे लगातार भारी भीड़ से भरे रहते हैं जिसके कारण विलंब, भीड़ तथा अक्षमता का सामना करना पड़ता है।

इसके उलट देश के विशाल हिस्से, खासकर छोटे कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र एक दूसरे से अलगाव का सामना करते हैं और वे रेलवे व राजमार्गों जैसे पुराने परिवहन साधनों पर निर्भर हैं। वर्तमान समय में एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया-एएआई लगभग 150 हवाईअड्डों का प्रबंधन करती है, लेकिन अमेरिका के लगभग 5000 सिविलियन हवाईअड्डों की तुलना में यह संख्या नाटकीय रूप से नगण्य है। यह अंतर उस समय और भी अधिक चिन्ताजनक हो जाता है, जब यह तथ्य सामने रखा जाता है कि भारत की जनसंख्या अमेरिका की जनसंख्या से तीन गुना अधिक है। स्पष्ट है कि भारत को अपने उड्डयन ढांचागत संरचना का व्यापक विस्तार करना चाहिए। यह विस्तार तत्काल करने की आवश्यकता है। भारत में सीमित उड्डयन नेटवर्क के भारी नुकसान होते हैं। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सीमित होती है, पर्यटन बढ़ाने में बाधा आती है तथा आर्थिक वृद्धि तेज करने की गति धीमी हो जाती है। भारत को यह कमी दूर करने के लिए निर्णायक कदम उठाने चाहिए। भविष्य के लिए साहसी दृष्टिकोण में आने वाले वर्षों में कम से कम 1,500 नए हवाईअड्डे बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जाने चाहिए।

> **अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में हवाईयात्रा दैनिक सुविधा की चीज है क्योंकि यह सस्ती, सक्षम तथा दैनिक जीवन से जुड़ी है। इससे लोगों को ट्रैफिक समस्या से मुक्ति मिलती है।**

भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बड़े जनसंख्या क्षेत्र में प्रति 100 किलोमीटर पर एक हवाईअड्डा जरूर हो। इस विशाल उड्डयन ढांचागत संरचना का निर्माण कर भारत छोटे शहरों तथा कस्बों की आर्थिक क्षमताओं को विकास का पूरा अवसर दे सकता है। भारत जैसे विशाल देश में सुविकसित हवाई ढांचागत संरचना का विकास और उससे होने वाले आर्थिक लाभ पूरी तरह स्पष्ट हैं। हवाई यात्रा न केवल परिवहन का नवीनतम साधन है, बल्कि यह सर्वाधिक सुरक्षित तथा सर्वाधिक सक्षम है। ऐसे देश में जहां सड़कें और रेलवे अक्सर बहुत अधिक भीड़ होने के कारण विलंब का शिकार बनते हैं, एक जीवन्त उड्डयन नेटवर्क वर्तमान परिवहन व्यवस्थाओं से बोझ घटा सकता है तथा देश भर में आवागमन को ज्यादा सहज बना सकता है। इसके आर्थिक लाभ भी असाधारण होंगे। हवाईअड्डों की संख्या में वृद्धि से हजारों रोजगारों का सृजन होगा, निवेश आकर्षित होगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा। बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से बिजनेस गतिविधियां बढ़ेंगी, पर्यटकों की यात्रा आसान होगी तथा आम जनसंख्या को भी समय खर्च करने वाली सड़क व रेल यात्राओं का विकल्प मिलेगा। हालांकि, नए हवाईअड्डों के विकास के लिए भारी निवेश और समय की जरूरत होगी, पर भारत में खोजी समाधान निकालने की क्षमता है।

ऐसा एक दृष्टिकोण राजमार्गों को आपातकालीन रनवे में बदलना है। इस माडल का अमेरिका में सफल क्रियान्वयन हुआ है। भारत में राजमार्गों के परिवर्तन में इस अवधारणा का व्यापक प्रयोग हो सकता है। इससे छोटे विमान दुर्गम क्षेत्रों के बीच महत्वपूर्ण हवाई कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर सकते हैं और इसमें पूरी तरह नए हवाईअड्डे बनाने पर होने वाला खर्च भी बचेगा।

पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में यह रणनीति गेमचेंजर हो सकती है। रोड-रनवे हवाई कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में लागत-प्रभावी विकल्प हो सकते हैं, इससे दैनिक यात्रियों को लाभ होगा तथा प्राकृतिक आपदा जैसे संकटों के समय आपातकालीन सेवाओं को लाभ मिलेगा। पश्चिमी देशों में हवाई यात्रा का विकास दैनिक जीवन के अंग के रूप में हुआ है। यह सस्ती, सक्षम तथा व्यापक पहुंच में है। लेकिन भारत में हवाईयात्रा अब भी शानोशौकत की चीज मानी जाती है जो औसत नागरिक की पहुंच से बाहर है।

यह दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले बहुत बड़े देश में हवाई यात्रा एक मूलभूत आवश्यकता है जिसे सभी आर्थिक स्तर वाले लोगों को लाभ मिलना चाहिए। उड्डयन नेटवर्क के विस्तार से उड़ानें जनसंख्या के बड़े हिस्से के लिए ज्यादा सस्ती और व्यावहारिक हो जांएगी। भारत उड्डयन यात्रा में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। देश की आर्थिक प्रगति तथा विशाल जनसंख्या के लिए समान रूप से तेज हवाई यात्रा ढांचे का विस्तार जरूरी है। 'उड़ान' योजना जैसी सरकारी पहलों का लक्ष्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। यह सही दिशा में एक कदम है, लेकिन बहुत कुछ करना बाकी है। निकट भविष्य में कम से कम 1,500 हवाईअड्डे विकसित करने का लक्ष्य होना चाहिए ताकि हर क्षेत्र, खासकर पश्चिम बंगाल जैसे अविकसित क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। हाईवे-रनवे जैसे खोजी विचारों से हवाई यात्रा ज्यादा सस्ती होगी तथा भारत में उड्डयन कमी दूर करने की दिशा में हवाई पट्टियों के विस्तार में योगदान मिलेगा। भारत में एक जीवन्त उड्डयन ढांचागत संरचना का तत्काल विकास आवश्यक है और इस पर फौरन काम शुरू किया जाना चाहिए।

# प्रेम और मुक्ति का दैवीय संयोजन

> **पृथ्वी पर कहीं और ऐसा नहीं है कि लाखों-करोड़ों लोग, अटूट समर्पण के साथ, ईश्वर के नाम का जाप करते हुए, दिन-रात साधना में लीन होकर एकत्रित होते हैं।**

**साईं मां लक्ष्मी देवी**
(लेखिका, आध्यात्मिक गुरु हैं)



सदियों से महान गुरु कुंभ मेले की ओर आकर्षित होते रहे हैं, इसके आध्यात्मिक आकर्षण से मोहित होते रहे हैं। वह क्या है जो हमें यहां खींचता है? यह भक्ति की गहन ऊर्जा है, दिव्य प्रेम की अदम्य शक्ति है। प्रेम अपने आप में एक चुंबक है, और जो लोग भक्ति में रहते हैं, वे इस चुंबकीय शक्ति को विकीर्ण करते हैं, जो स्वाभाविक रूप से दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पृथ्वी पर कहीं और ऐसा नहीं है कि लाखों-करोड़ों लोग, अटूट समर्पण के साथ, ईश्वर के नाम का जाप करते हुए, दिन-रात साधना में लीन होकर एकत्रित होते हैं।

वे इस पवित्र ऊर्जा में स्नान करने आते हैं और इसे अपने जीवन में आगे ले जाते हैं, जहां भी जाते हैं, इसकी चमक फैलाते हैं।

यह महाकुंभ पहले के किसी भी कुंभ से अलग है, जो ब्रह्मांडीय ऊर्जा की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करता है। यह वैश्विक महत्व की एक आध्यात्मिक घटना है, जहां स्रोत ऊर्जा की उच्चतम आवृत्तियाँ मानवता पर उतरती हैं। ज्ञान की कृपा प्रदान की जा रही है, और आत्माओं का जागरण हो रहा है।

यहां, सोरुबा समाधि की उदात्त अवस्था शुरू होगी - एक ऐसा परिवर्तन जो चेतना और पदार्थ दोनों को ऊपर उठाता है। कोशिकीय संरचनाओं का पुनर्जनन हो रहा है, जो मानव डीएनए को दिव्य छाप से जोड़ रही हैं, हमें भीतर के अमर तत्व से जोड़ रही हैं। कुंभ के अनुभव जैसा कुछ भी नहीं है। कल्पना करें कि लाखों आत्माएं एक स्थान पर एकत्रित हो रही हैं, जिनमें से प्रत्येक आध्यात्मिक ऊर्जा का विकिरण कर रही है, जिससे शक्ति का एक विशाल भंवर बन रहा है। इस पवित्र स्थान पर, हम अपनी मानवीय पहचानों से ऊपर उठ जाते हैं और खुद को आत्मा के रूप में पहचानते हैं - एक भव्य ब्रह्मांडीय नृत्य में एकजुट शुद्ध आत्माएँ। यह सामूहिक ऊर्जा प्रेम, प्रकाश और ज्ञान की शक्ति है, जो कर्म के बोझ को खत्म करती है और एक राजसी, दिव्य जीवन का मार्ग खोलती है। यद्यपि वर्तमान युग अपनी चुनौतियां प्रस्तुत करता है, लेकिन जो लोग आध्यात्मिक पथ पर दृढ़ रहते हैं, वे गहन परिवर्तन से गुज़रेंगे। ब्रह्मांड के द्वार खुले हैं, जो मुक्ति और जागृति प्रदान करते हैं। हम जो दुनिया देखते हैं वह एक भ्रम है - माया का एक खेल - जहाँ ईश्वर के प्रति हमारे प्रेम को छोड़कर सब कुछ क्षणभंगुर है। यह प्रेम हमारा धर्म है, हमारा अंतिम उद्देश्य है। शरीर, मन और भौतिक दुनिया लगातार बदलती रहती है, लेकिन शाश्वत सत्य, सत्य, अपरिवर्तित रहता है। हम वह सत्य हैं- सत्-चित्-आनंद, तत् त्वम् असि- और हमारी साधना इस अनुभूति को जागृत करना और उसे मूर्त रूप देना है।



कुंभ में, माता गंगा की गोद में, हम समर्पण करते हैं और रूपांतरित होते हैं। पवित्र जल हमें शुद्ध करता है, हमारे भीतर दिव्य रूपरेखा को सक्रिय करता है। इस शक्तिशाली भंवर में, हम सनातन धर्म की उच्चतम अभिव्यक्तियों के साथ जुड़ते हैं, गहन आध्यात्मिक उत्थान का अनुभव करते हैं। इस वर्ष, दिव्य प्रकाश का प्रवाह अपार है, जो हमें इसकी असीम चमक और आनंद के साथ विलीन होने के लिए आमंत्रित करता है। मोक्ष और ज्ञान की प्राचीन परंपराएं पहले से कहीं अधिक जीवंत हैं। यह शुद्धि का समय है, आसक्ति और नश्वरता के भ्रम को छोड़ने का। निस्वार्थ सेवा पर आधारित सनातन धर्म का उदाहरण आदि शंकराचार्य ने दिया, जिन्होंने एकता का ज्ञान सिखाया।

धर्म- शाश्वत नियम- सृष्टि को बनाए रखता है। चाहे कितने भी धार्मिक मार्ग हों, सभी इस सार्वभौमिक सत्य से निकले हैं। हमने अनगिनत जन्मों से धर्म का पालन किया है, चाहे हमें यह याद हो या न हो। कुंभ मेला आध्यात्मिक विकास के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक है, जो दुनिया भर से साधकों को आकर्षित करता है।

यहां तक कि उन देशों से भी जहां भक्ति दुर्लभ है, वे भी गहन बदलावों से गुजरते हैं, उनके मन को शांति मिलती है और उनके दिल खिल उठते हैं। यहां, लाखों लोग एक साथ मंत्रोच्चार करते हैं, और दिव्य शक्तियां सामूहिक चेतना को ऊपर उठाने के लिए काम करती हैं। यह महान आध्यात्मिक क्रांति का समय है, जो सत्य युग की सुबह की घोषणा करता है। अपना दिल खोलो। अपनी आत्मा का आशीर्वाद प्राप्त करो। अपने सत्य में कदम रखो और उस नए युग को अपनाओ जो हमारे सामने है।

## आप की बात

### व्यवस्थाएं दोषी

**अनहोनियां** होती आई हैं, और संभवत: होती भी रहेंगी। इन्हें रोकना तभी संभव है जब हर वाहन चालक हमेशा परिचालन के प्रति सजग व सिंसीयर रहे. दूसरे हादसे जो होते हैं अगर वे प्राकृतिक कारणों से होते हैं तो उनपर तो किसी का जोर नहीं किन्तु व्यवस्थाओं की लापरवाहियों के कारण जो हादसे होते हैं तब तो दोषी व्यवस्थाएं ही मानी जाएंगी. फिर चाहे वे छोटे हों या बड़े. वाहन का चालक भी सरकारी, गैरसरकारी, व्यक्तिगत रूप से व्यवस्था का हिस्सा होता है और छोटे-बड़े आयोजनों के आयोजक भी व्यवस्थापक होते हैं. फिर वे चाहे राजनीतिक हों या, सामाजिक अथवा धार्मिक. अगर आयोजन कर्ता/व्यवस्थापक सुचारु व्यवस्था करने में असमर्थ है तो उसे आयोजनों से दूर ही रहना चाहिए. परन्तु कुछ आयोजन फिर चाहे वे त्यौहारी हों या किसी भी तरह के सामाजिक जिसकी व्यवस्था आयोजक और शासन/प्रशासन को मिलकर करना जरुरी होता है तब उसे अपनी ड्यूटी योजनाबद्ध तरीके व ईमानदारी से निभानी चाहिए. अगर वे अपनी ड्यूटी के प्रति जवाबदेह रहेंगे और प्रीप्लानिंग से कार्य करेंगे तो अवश्य कसी भी तरह के हर हादसों पर नियंत्रण रह सकता है. हमारे यहां एक सबसे बड़ा ड्राबैक है कि जहां भी फिर वो सामाजिक काम हो, या राजनीतिक अथवा धार्मिक अगर थोड़ी सी भी लोगों की भीड़/हुजूम आदि इकट्ठा होता है तो वीवीआईपी वहां दौड़े चले आते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### क्या है बजट में?

**केन्द्रीय** बजट में 12 लाख तक की आय को करमुक्त करना ना निश्चित ही भारत के माध्यम आय वर्ग के लिए आह्लादकारी है और इस घोषणा का सर्वत्र स्वागत हुआ है परन्तु जनतांत्रिक व्यवस्था में क्या निजी आय पर कर अनुचित नहीं? राजकोष को बढ़ाने के अन्य अनेक साधन हो सकते हैं किन्तु सब के प्रति समानता का व्यवहार जनसामान्य को स्वेच्छा से भी राजकोष की दृढ़ता के प्रति उत्तरदायी बना सकता है जैसा कि भारत के प्रधानमंत्री के आह्वान पर लोगों ने रसोई गैस सिलेंडर पर सरकारी अनुदान छोड़ दिया था । सम्पूर्ण भारत में सभी प्रकार की सरकारी ऋणमुक्ति पर प्रतिबन्ध हो, किसी भी वर्ग को किसी भी प्रकार से नकद राशि देना अथवा किसी राजनीतिक दल द्वारा ऐसा करने का आश्वासन बन्द हो। जाति पंथ आधारित विद्यार्थियों को कोई धनराशि देना बन्द हो, जनकल्याण के नाम पर जनसुविधाओं को (जिनके उत्पादन में श्रम और धन का व्यय हुआ) मुफ्त देना बन्द हो ।जीवन के लिए आवश्यक अनाज, चावल, दालें, नमक, चीनी, आलू, प्याज, खाने का तेल आदि पदार्थों के मूल्यों में बी पी एल के लिए अनुदान की अपेक्षा उसी अनुदान से सभी को ये पदार्थ कम मूल्य पर मिलें । छात्रवृत्ति का लाभ केवल मेधावी छात्रों के लिए हो न कि जाति पंथ आधारित। देश के युवा को उद्यमी बना कर उसके रोजगार की व्यवस्था करना ठीक होगा न कि उसे मुफ्त की आदत डालना।

– **जय प्रकाश गुप्ता**, अंबाला छावनी

### अमेरिकी टैरिफ नीति

**हाल** ही में अमेरिका ने कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह कदम अमेरिका की आत्मनिर्भरता बढ़ाने और घरेलू उद्योग को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा सकता है। अमेरिकी दृष्टिकोण से यह नीति उनकी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, घरेलू रोजगार के अवसर बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने का प्रयास है। इससे अमेरिका में स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता को बल मिलेगा। भारत के लिए यह स्थिति नई संभावनाओं के द्वार खोल सकती है। चीन पर अतिरिक्त 10% टैरिफ से भारतीय निर्यातकों को लाभ मिल सकता है, क्योंकि इससे अमेरिका के लिए भारतीय उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। विशेष रूप से टेक्सटाइल, आईटी और ऑटोमोबाइल क्षेत्र को निर्यात में बढ़त मिलने की संभावना है। इसके अलावा, यह निर्णय भारत के मेक इन इंडिया अभियान को भी समर्थन दे सकता है। भारत यदि अपनी विनिर्माण क्षमताओं को और मजबूत करता है, तो वह अमेरिका के लिए चीन का एक बेहतर विकल्प बन सकता है। यह स्थिति भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों को और अधिक घनिष्ठ बना सकती है। अत: अमेरिका की यह नीति भले ही कुछ देशों के लिए चुनौती हो, लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह नए-नए अवसर प्रदान कर सकती है।

– **आर के जैन**, बड़वानी, मप्र

### डूबती नैया के संकेत

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव में जीत लायक वोट होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी की जीत का नतीजा कांग्रेस-आप गठबंधन के लिए गहरी चिंता पैदा कर गया है, खासकर तब जब दिल्ली एक सप्ताह में अपना भाग्य तय करने वाली है। कुल 36 में से सभी वोट वैध होने के बावजूद भाजपा उम्मीदवार हरप्रीत बबल को गठबंधन के दो सदस्यों का समर्थन मिलना नई राजनीतिक हलचल पैदा करने के लिए काफी है। इस हार के मायने स्थानीय स्तर तक नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन के भीतर अब तक असंतोष और अस्थिरता के संकेत भी है। चंडीगढ़ की हार गठबंधन में अंदर ही अंदर चल रही राजनीतिक महत्वाकांक्षा की लहर के उछाल के भी संकेत है।इस हार को महज क्रॉस वोटिंग का नतीजा ही समझा जाए या गठबंधन के भीतर बढ़ते असहमति का संकेत? क्या यह कांग्रेस और आप के कार्यकर्ताओं में विश्वास की कमी नहीं दर्शाता है? या फिर भाजपा की रणनीतिक बढ़त का प्रमाण है? चूंकि चंडीगढ़ की हार स्थानीय मुद्दा है फिर भी दिल्ली चुनावों में आप-कांग्रेस दोनों भाजपा को हराने के लिए प्रयासरत है ऐसे में उनका आंतरिक रूप से मजबूत होना आवश्यक है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कांग्रेस के अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों ने स्थानीय स्तर पर जारी किया संकल्प पत्र

## पूर्व मंत्री अनिला ने की दाई दीदी, दाह संस्कार सहायता, गर्म भोजन योजना सहित विभिन्न योजनाओं को स्थानीय तौर पर शुरू करने की घोषणा



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशी चुनावी रंग में नज़र आ रहे है। प्रत्याशी जहां जोरो शोरो से प्रचार में जुट गए है। वही स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुच रहे है। इसी बीच जिले के डौंडीलोहारा नगर पंचायत के कांग्रेस से अध्यक्ष प्रत्याशी अनिल लोढ़ा ने पार्टी की घोषणा पत्र से पहले स्थानीय स्तर पर नगर की तरक्की के लिए घोषणा पत्र लाया है। जिसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। डौंडीलोहारा नगर स्तिथ कांग्रेस भवन में क्षेत्र की विधायक और पूर्व मंत्री अनिला भेड़ियाँ ने अध्यक्ष और सभी पार्षद प्रत्याशी की मौजूदगी में संकल्प पत्र जारी किया। इस दौरान नगर और क्षेत्र के तमाम कांग्रेसी व समर्थक गण मौजूद रहे। जारी संकल्प पत्र में डौंडीलोहारा नगर में सभी वर्गों के किये माँ दंतेश्वरी प्रसाद गृह के अंतर्गत 10 रुपये में भरपेट गर्म भोजन, नगर का सौंदर्यीकरण और विकास, दाह संस्कार योजना, दाई दीदी योजना अंतर्गत दुलौरिन बेटी बिहाव योजना के तहत विवाह में 31 हजार की सहायता राशि, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल और नगर की सुरक्षा हेतु प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल सहित विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है, जिसे नगर में कांग्रेस की सरकार बनते ही तमाम योजना को शुरू करने का वादा कर जारी किया गया हैं। बता दे कि डौंडीलोहारा चुनाव अपने आप अहम है, क्योकि यह कांग्रेस की कद्दावर नेता, पूर्व मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया का गृह नगर हैं। वही यहाँ त्रिकोणीय मुकाबला होने से चुनाव खासा दिलचस्प हो गया है।

### सभी वर्गों के लिए रहेगी भोजन की व्यवस्था

पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि यह डौंडीलोहारा नगर के विकास हेतु स्थानीय तौर पर जारी किया गया संकल्प पत्र है। उन्होंने अगर डौंडीलोहारा नगर में कांग्रेस का अध्यक्ष बनता है, तो जारी इन घोषणाओ को स्थानीय स्तर पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में श्रमिकों के लिए 5 रुपये में दालभात केंद्र खोला है, लेकिन दंतेश्वरी प्रसाद गृह में सभी वर्गों के लोगो के लिए 10 रुपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था की जाएगी। स्थानीय स्तर पर की गई घोषणाओं को कांग्रेस का अध्यक्ष बनते ही स्वंय से पूरा किया जाएगा, राज्य सरकार का हमें मुह नही ताकना पड़ेगा। स्वंय के खर्च से जारी संकल्प पत्र में सभी योजनाओं को शुरू किया जाएगा।

### धान के बोनस का कोई अता पता नही

वही अनिला ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अभी भी मोदी की गांरटी और साय सुशासन की बात करते करते थकते नही है, राज्य में सरकार बने साल से अधिक बीत गया है, जनता को भी पता है चाहे वह पंचायत हो या निकाय, एक भी काम विकास के यहां गिना दे, की सरकार ने विकास किया है। पूर्व कांग्रेस की सरकार के समय के विकास कार्यों का भाजपाई जा जाकर भूमिपूजन व लोकार्पण किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को भी बेवकूफबनाने का काम कर रही है। 19 फरवरी को सीएम ने कहा था कि धान के बोनस राशि फरवरी के पहले सप्ताह में देंगे, लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार से इसका कोई अता पता नही है, बजट नही है। सरकार सिर्फ लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में न ही मोदी की गांरटी चलेगी न साय की। जनता समझ गई है, की भाजपा झूठे वादे करने वाली सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हार के डर से कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों को धमकाने का काम कर रही है, प्रशासन का भी दुरुप्रयोग करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस वालों के माध्यम से लोगों के यहां छापा पड़वाने का भी काम सरकार कर रही है।

# विधायक दीपेश साहू चुनाव कार्यलय का किया उदघाटन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के नगर पालिका बेमेतरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 और वार्ड क्रमांक 10 के लिए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व पदाधिकारियों ने किया। इसके बाद बैठक हुई, जिसमें चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान और संगठन की भूमिका पर चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आप सभी को केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर लेकर जाना है और भाजपा के पक्ष में वोट मांगना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है, उसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पिछले एक साल में विष्णुदेव साय सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है, जिसका लाभ जनता को सीधे मिला है। आप सभी रोज डोर टू डोर जाकर प्रचार करें। कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ प्रचार में जुट जाएं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, वार्ड क्रमांक 09 के पार्षद प्रत्यासी शिल्पा बघेल वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद प्रत्यासी संतोष वर्मा, गिरीश गबेल, डॉ नरेश साहू, ममता साहू ओमेश्वरी साहू, रानू साहू राजीव तम्बोली सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता नगरवाशी मौजूद रहे।

# दीपशिखा विद्यालय में मनाया गया बसंत पंचमी



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह उतई में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुरोहित पं संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। मुख्य यजमान के रूप में शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा, प्राचार्य के आर सिन्हा अपने परिवार के साथ शामिल हुए तथा साथ में पूरा विद्यालय परिवार शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी सम्मिलित होकर बुद्धि के दाता ज्ञान दायिनी मां शारदा से विद्यालय परिवार की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए तथा व्यक्तिगत कामना पूर्ण हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर पंडित मिश्रा ने बजरंग पाठ भी किया। सभी विद्यार्थियों ने अपने उज्जवल भविष्य एवं सद्बुद्धि, सन्मार्ग के लिए मां सरस्वती से कामना करते हुए पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थियों के साथ-साथ पालक शिक्षक समिति की सदस्य तुलसी देवांगन, झरना हिरवानी एवं अन्य पालक गण उपस्थित रहे। अंत में महाभोग का वितरण किया गया।

# ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने क्षेत्र बदला, क्रमांक 1 से भरा नामांकन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बदलते राजनीतिक समीकरणों और आरक्षण के कारण आये बदलावों के बाद जहां ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने क्षेत्र 2 से नामांकन भरा हैं। वही क्षेत्र क्रमांक 2 की ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने क्रमांक 1 से नामांकन भरा है, क्योंकि पहले के वार्ड नंबर एक अब महिला अनारक्षित मुक्त हो गया। वहीं वार्ड नंबर दो अनारक्षित मुक्त वार्ड हो गया है। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि उनके पिछले 5 वर्षों के कार्यों का भरोसा है। क्षेत्र क्रमांक 1 की जनता जागरूक है और उम्मीद जताई कि उन्हें सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

# योगिता साहू कांग्रेस में शामिल, कांग्रेस प्रवेश के साथ ही मिली बड़ी जिम्मेदारी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता साहु की सुपुत्री योगिता साहू कांग्रेस में शामिल हो गए उन्होंने बेमेतरा के पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के कार्य वाहक अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के कार्यालय में कांग्रेस में शामिल हुई जहां पर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने उन्हें कांग्रेस में शामिल किया और योगिता साहु को कांग्रेस प्रवेश के साथ ही मिली जिम्मेदारी भी तत्काल दिया गया। योगिता साहु को बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12 (भाठासोरी) के लिए कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी भी घोषित कर दिया गया। जहां पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के भाई अंजनी (प्रीतम) चंदेल उमीदवार है। बता दें कि योगिता साहु वर्तमान में एक टीवी चैनल के पत्रकार भी हैं।

# बसंत पंचमी पर गायत्री मंदिर परिसर में हुआ काव्य गोष्ठी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गायत्री मँदिर बेमेतरा में संध्या, प्रांतीय छत्तीसगढी साहित्य समिति जिला इकाई बेमेतरा द्वारा बसँत पँचमी के शुभ अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजन दिवस आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित कवि साहित्यकारों द्वारा विद्यादायिनी सरस्वती माता की छाया चित्र पर पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर काव्य गोष्ठी का शुभारँभ किया गया, कवियों द्वारा समसामयिक रचनाओं का पाठ करते हुए बसँत ऋतु के आगमन का आभाष दिलाते, ऋतुराज बसंत का प्राकृतिक सौंदर्य स्वरुप का चित्रण चित्रित व उल्लेखित करते स्वरचित रचनाओं कविताओं, गीतों, छंदो व चौपाइयों के माध्यम से स्वागत किया गया। उपस्थित कवियों में प्राँतीय छत्तीसगढी साहित्य समिति के प्रदेश सचिव हास्य व्यंग्य कवि रामानंद त्रिपाठी, पैरोडीकार कवि पद्मलोचन शर्मा मुहफट राजनांदगाव, जिला इकाई बेमेतरा अध्यक्ष गीतकार कवि गोकुल बँजारे चँदन, मनोज पाटिल मणी गीतकार व सचिव, भुवनदास जाँगडे कोषाध्यक्ष, लेखराम भारती, बलदाऊ राम साहू, मोहित राम वर्मा, कवित्री काँतिप्रभा बँजारे, नीधि वर्मा, नीता वर्मा, कलाकार द्वय नरोत्तम लाल साहू, फेरु राम साहू, व डॉ सुभाष टण्डन सहित अन्य उपस्थित रहे। कवि गोष्ठी का संचालन डॉ गोकुल बँजारे चँदन व आभार भुवन दास जाँगडे ने किया गया।

# मानस गान प्रतियोगिता में पिपरभटठा प्रथम

## श्री चंडी आश्रम नेवनारा में मनाया गया मानस माघी पूर्णिमा मानस उत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सिद्धि पीठ मां चंडी भूमि फोड़ भगवान शिव के साथ विराजमान है जहां साल भर भक्तों की भीड़ लगी रहती है वर्तमान समय में महीने भर सनातन संस्कृति के अनुरूप अनेक विविध आयोजन श्री चंडी आश्रम ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। प्रथम पाली में विराट माघी पूर्णिमा मानस उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मौनी महराज के करकमलो से दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें जिले के मां भद्रकाली जिला मानस संघ से पंजीकृत मानस मंडलियों ने सांगीतिक प्रस्तुति प्रदान किए, जिसमें 21 मानस मंडलियों ने हिस्सा बेहतर प्रस्तुति के लिए पुरस्कार की व्यवस्था किया गया था, जिसमें प्रथम श्री राम सेवा सत्संग समिति पिपरभटठा बेमेतरा द्वितीय शक्ति संगम मानस मंडली भिंभौरी त्रितीय चंद्रकिरण मानस मंडली मोहरेंगा चतुर्थ शारदा मानस मंडली नवांगढ पंचम ममता बालिका मानस मंडली नवांगढ बेमेतरा को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा महेश साहू संतोष शर्मा माखन साहू बिहारी लाल यदु राजकुमार ताम्रकार संजय वर्मा जीतू यदु लता साहू की उपस्थिति रही। वहीं सरस संचालन सालिक राम साहू एवं चेतन साहू ने किया। द्वितीय पाली में श्री वृंदावन धाम पहुंचे साध्वी साक्षी निधि के माध्यम से प्रवाहित हो रही है, जिसके मुख्य यजमान कमल प्रमिला साहू है। साथ ही श्री रुद्र महा यज्ञ भी प्रारंभ हो चुका है। श्री चंडी आश्रम ट्रस्ट समिति अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने भक्तों को अधिक संख्या में उपस्थिति होने की अपील किए है।

# नवनिर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का अनावरण

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



उपसमिति भिलाई के महाराणा प्रताप मंगल भवन सुपेला भिलाई में, दीप प्रज्वलन और पूजा अर्चना के साथ दानदाता ओमप्रकाश ठाकुर एवं वर्षा ठाकुर प्राचार्या जुनवानी द्वारा किया गया। यह भव्य प्रतिमा, ठाकुर दंपति द्वारा अपने ब्रम्हलीन माता सिद्धि देवी ठाकुर और ब्रम्हलीन पिता ठाकुर मन मोहन सिंह की स्मृति में उपसमिति भिलाई को दानस्वरूप भेंट दिया गया है। उपसमिति भिलाई के कार्य कारिणी सदस्य ठाकुर दिनेश सिंह ने बताया कि वर्षा ठाकुर द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के अदम्य शौर्य और पराक्रम पर प्रकाश डाला गया। साथ ही अपने ब्रम्हलीन सास ससुर के सान्निध्य में बिताए हुए जीवन को स्मरण करते हुए बताया कि उनका जीवन सादगीपूर्ण संयमित, अनुशासित था। उनकी एक निश्चित दिनचर्या थी। एक बार जो दृढ़ संकल्प ले लेते थे उस पर कायम रहते थे। पूरे परिवार के लिए वटवृक्ष थे उनके सान्निध्य में बच्चे बड़ी सहजता से बड़े हुए। इस अवसर पर उनका पूरा परिवार उपस्थित था। ठाकुर दंपति की दानशीलता की सराहना करते हुए उपसमिति भिलाई के अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत, केंद्रीय सहसचिव एवं जोन प्रभारी ठाकुर कमलेश सिंह एवं साहित्य परिषद के अध्यक्ष ठाकुर सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि यह कृत्य समूचे समाज के लिए प्रेरक है। इस अवसर पर उपसमिति भिलाई के सम्माननीय पदाधिकारी गण, वरिष्ठ गण, महिला मंडल, युवा मण्डल एवं सहयोगी जन की गरिमामयी उपस्थित रही। अध्यक्ष ठाकुर रवि सिंह सचिव ठाकुर टीकम सिंह, ठाकुर दीपक सिंह, ठाकुर जगन्नाथ सिंह, अनिल सिंह, ठाकुर शिवम सिंह, ठाकुर झाम सिंह राजपूत, ठाकुर अशोक सिंह, ठाकुर दिनेश सिंह, लीलाबर सिंह ठाकुर, ओंकार सिंह, ठाकुर वीरेन्द्र सिंह, ठाकुर राधेश्याम सिंह, ठाकुर छत्रपाल सिंह, ठाकुर पोखन सिंह, ठा. रूपेंद्र सिंह, ठा. छत्रपति सिंह, ठा. कृष्ण कुमार सिंह, ठा. यमन सिंह, ठाकुर विष्णु सिंह, ठा. लाल सिंह, ठा. नरेंद्र सिंह, ठा. हिमाचल सिंह, अभिषेक पवार, प्रभरुल्ल भुवाल, संजय परमार, आकाश सिंह, प्रकाश सिंह, अभिषेक परमार, पार्थ राजपूत, प्रतीक सिंह, दर्शना ठाकुर, श्रद्धा ठाकुर, रेखा राजपूत, मीरा सिंह, राजकुमारी ठाकुर, विद्या ठाकुर, अलका सिंह, नंदनी सिंह, रेखा सिंह, संध्या आदि कार्यक्रम के अंत में सबने मौन रहकर ब्रह्मलीन माता पिता को आदरांजलि समर्पित किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन साहित्य परिषद के अध्यक्ष ठाकुर सत्येंद्र सिंह राजपूत ने किया।

# बेमेतरा यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



## सडक दुर्घटना में आहत व्यक्तियों की मदद करने वाले हुए सम्मानित

जिलास्तर पर आम नागरिकों में यातायात एवं सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एक माह का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 मनाया गया, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत प्रत्येक दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल कॉलेजों, आम चौक चौराहों एवं थाना स्तर पर लोगों को यातायात नियम, सुरक्षा एवं यातायात से जुड़ी जानकारी दिया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समापन समारोह में आम नागरिकों में यातायात जागरूकता लाने हेतु लोगों को यातायात नियम, सुरक्षा एवं यातायात से जुड़ी जानकारी नुक्कड नाटक एवं गीत के माध्यम से ज्ञानोदय पब्लिक स्कुल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भैंसा, इंडियन पब्लिक स्कुल के बालक/ बालिकाओं के द्वारा दिया गया। यातायात कार्यालय बेमेतरा परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन समारोह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उक्त समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा, विशेष अतिथि अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा ज्योति सिंह, आरटीओ अधिकारी अरविन्द भगत, उप संचालक अभियोजन अधिकारी कंचन पाटिल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, कौशिल्या साहू, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे, श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला व अन्य विभागो के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की जिले के प्रत्येक नागरिकों को एक जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिले के आम नागरिकों से सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु सक्रिय सहभागीता सुनिश्चित करने की अपील की। सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी ही एक मात्र उपाय है। इसलिए हम सभी को यातायात नियमों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाना चाहिए। उन्होने कहा कि जब किसी व्यक्ति द्वारा शराब सेवन कर, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट या तेज गति से वाहन चलाने के दौरान सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो इसका असर उनके घर परिवार सहित आने वाले पीढियो पर पडती है इसलिए आम नागरिकों से अपील किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी ही एक मात्र उपाय हैं, इसलिए यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं अधिक से अधिक हेलमेट धारण संबंधी प्रोत्साहन देने हेतु पुलिस का सहयोग करें, जिससे सड़क हादसों के दौरान संभावित हेलमेट नहीं पहनने के कारण हो रही मौतो को रोका जा सके। आपका जीवन अमूल्य है। विभिन्न पारिवारिक कार्यक्रमों में हम खर्च करते है, परंतु एक कम कीमत के हेलमेट को लेने एवं धारण करने हेतु काफी सोच-विचार करते है एवं नहीं लेते है, जो उचित नहीं है। किसी प्रकार के वाद विवाद से बचकर हेलमेट खरीदें एवं उसे धारण करें। आपका परिवार आपके आने की राह देखता है, उसका ध्यान रखे। मानव जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ न गवायें, यातायात नियमों का पालन कर जीवन सुरक्षित करें। साथ ही कहा कि शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। उक्त राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 जागरूकता अभियान के सफल संचालन एवं प्रचार-प्रसार कर आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु उपस्थित सभी प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधुओं को धन्यवाद दिये। साथ ही कहा कि यह अभियान जिले के हॉट-बाजारों, स्कूलों और कॉलेजों में निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर अपने स्वयं के और दूसरों के जीवन की रक्षा कर सकते हैं। आमजन को यातायात के नियमों का हमेशा पालन करनें एवं दुपहिया वाहन चालको को हेलमेट पहनने एवं चारपहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह -2025 कार्यक्रम के दौरान यातायात जागरूकता से संबंधित प्रदर्शनीय तथा स्लोगन, निबंध, चित्रकला पेंटिंग, एवं रंगोली का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कुल के बच्चे प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुये।

# स्टेडियम रोड में यातायात पुलिस और निगम ने की संयुक्त कार्रवाई, हटवाया वाहनों का अतिक्रमण, यातायात कराया सुगम

## सीएसईबी चौक से लेकर स्टेडियम तक कंडम और अन्य भारी वाहन अरसे से खड़े कर दिए गए थे सड़क के दोनों और संयुक्त कार्रवाई से आवागमन को मिली बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



सीएसईबी चौक से लेकर स्टेडियम तक की सड़क के दोनों और वाहन चालक और मालिकों के द्वारा काफी समय से अपने खराब अथवा अन्य भारी वाहनों को खड़ा कर यातायात की सुगमता को बाधा पहुंचाई जा रही थी जिसके लिए अनेकों मर्तबा यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा इन्हें वहां से वाहनों को हटाने के लिए चेतावनी भी दी गई बावजूद वाहन चालक और मालिक बेपरवाह बने हुए थे आखिरकार यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समाप्त होते ही इस सड़क से अतिक्रमण को मुक्त करने के लिए कमर कस लिया दो दिन पहले ही यातायात पुलिस निगम अधिकारी और कर्मियों के साथ सड़क में उतरी और वाहनों को खड़ा के कर सड़क पर कब्जा किए गए वाहन चालकों और मालिकों को वहां से अपने-अपने वाहन हटा लेने के लिए नोटिस थमाया था जिसके लिए 24 घंटा का समय निर्धारित किया गया था इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर यातायात पुलिस कोरबा निगम कर्मियों के साथ सोमवार को एक बार फिर सड़क में उतरी और क्रेनो के माध्यम से सड़क के दोनों और अतिक्रमण कर खड़े किए गए भारी वाहनों को वहां से हटाने की कार्रवाई शुरू की गई इसके साथ ही इस रोड में यातायात सुगम हो पाया और आम जनों को इस समस्या से राहत मिलनी शुरू हो गई है यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि इस तरह का अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा। यहां बताना होगा कि जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी यातायात पुलिस कोरबा के एसपी और आईपीएस रविंद्र मीणा एवं डीएसपी डीके सिंह के निर्देश और मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा न केवल शहर बल्कि जिले के अलग-अलग ऐसे क्षेत्र की सड़कों में जहां हमेशा लगभग जाम की स्थिति निर्मित होती है। वहां कारणों को समझ कर यातायात सुगम कराया जा रहा है इसी कड़ी में दो दिन पहले निहारिका क्षेत्र से सीतामढ़ी तक और उसके दूसरे दिन राताखार से कुसमुंडा चौक तक अवैध पार्किंग पर कार्रवाई की गई थी वहीं सोमवार को सीएसईबी चौक से स्टेडियम मुख्य मार्ग के दोनों और के जाम को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों के लिए बहाल किया गया यातायात पुलिस कोरबा की इस पहल की यात्री और नागरिक सराहना कर रहे हैं यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं आईपीएस रविंद्र मीणा सहित यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह के निर्देश अनुसार और मार्गदर्शन में इस तरह की कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी इस अवसर पर उप निरीक्षक मालिक राम ईश्वरी लहरे राम नारायण राते हेड कांस्टेबल संतोष सिंह सीएसईबी चौकी से जितेंद्र यादव हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह एवं मेहमान कुर्रे मौजूद रहे।

# नगर पालिका चुनाव : कांग्रेस की हैट्रिक या भाजपा की वापसी

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com




नगर पालिका चुनाव इस बार बेहद रोचक मोड़ पर खड़ा है। जहां पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस का कब्जा रहा है, वहीं इस बार भाजपा पूरी ताकत झोंक रही है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवार भाजपा के प्रदीप नामदेव और कांग्रेस के राजेश अग्रवाल चुनाव में आमने-सामने हैं। दोनों का राजनीतिक कद बड़ा है और वे पहले भी नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में जनता के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि क्या कांग्रेस अपनी जीत की हैट्रिक पूरी करेगी या भाजपा इसे रोककर सत्ता में वापसी करेगी। चांपा में कांग्रेस का मजबूत पकड़ पिछले दो कार्यकाल से बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर कांग्रेस की योजनाओं और विकास कार्यों का जनता पर क्या असर पड़ा है, यह चुनाव में अहम भूमिका निभाएगा। राजेश अग्रवाल का पिछला कार्यकाल भी उनके समर्थन में एक मजबूत आधार हो सकता है। दूसरी ओर, भाजपा केंद्र और राज्य में सत्ता में है, जिससे उसे सरकारी योजनाओं और संगठन की मजबूती का फायदा मिल सकता है। भाजपा के प्रदीप नामदेव का संगठनात्मक अनुभव और उनका जनता से जुड़ाव उनकी बड़ी ताकत है। वे भाजपा के पुराने और भरोसेमंद चेहरे हैं, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर काफी पकड़ बनाई है। वहीं, कांग्रेस के राजेश अग्रवाल भी अपनी सादगी और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, जिससे जनता में उनकी अच्छी पैठ बनी हुई है।

**चुनावी जंग: कौन होगा भारी?-** इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प है। एक ओर कांग्रेस की निरंतर जीत की परंपरा है, तो दूसरी ओर भाजपा की सत्ता में वापसी की रणनीति। यदि कांग्रेस जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल रही कि उसने शहर के लिए बेहतरीन कार्य किए हैं, तो उसकी जीत की हैट्रिक संभव है। वहीं, यदि भाजपा अपने संगठन, राज्य सरकार के समर्थन और बदलाव के संदेश को ठीक से प्रस्तुत करती है, तो यह कांग्रेस के लिए कठिन चुनौती होगी। जनता इस बार क्या फैसला करेगी, यह चुनाव परिणाम आने के बाद ही साफ होगा। फिलहाल, चांपा नगर पालिका का यह चुनावी संघर्ष बेहद रोमांचक और अप्रत्याशित नजर आ रहा है।

# अमृतलाल साहू को मिल रहा विशाल जन समर्थन

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर वार्ड चुनाव में विगत चार चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बंटी साहू की सक्रियता काम आ रही है और वह वाल्ड क्रमांक 2 से आगे नजर आ रहे हैं वहीं राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से वार्ड क्रमांक 2 में विवेक साहू को मैदान में उतारा है जिन्हें कोई जानता तक नहीं है बंटी भैया मिलनसार एवं 5 साल से सक्रिय भूमिका निभाए हैं और हर विकास कार्य को डटकर कराए हैं जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है और वार्ड क्रमांक में फिर से लगातार विकास कार्य जारी रखने के लिए पुनः बंटी भैया को विजय दिलाने सभी कार्यकर्ता मैं उत्साह के साथ पुनः बंटी भैया की मांग कर रहे हैं उनकी वार्ड मैं सक्रियता को देखते हुए पुनः पार्षद एवं सभापति के रूप में में आवश्यकता है वह 5 साल में बहुत अधिक विकास कार्य कराए हैं जिसमें प्रमुख रूप से अपने वार्ड में सुलभ शौचालय रंगमंच भवन सड़क की कमी थी लगभग 80% सड़क भी बन गया है वार्ड में बिजली की भी समस्या दूर हो गई है पानी की भी समस्या दूर हो गई है उनके इस सक्रियता को देखते हुए भाजपा ने पुनः उन पर विश्वास जताया है और वार्ड क्रमांक 2 से प्रत्याशी नियुक्त किया है इस तरह भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक 2 में फिर से आते नजर आ रही है यहवार्ड वासियों का कहना है बंटी भैया हर दुख सुख में खड़े रहते हैं उनकी 5 साल के कार्य बहुत अच्छे थे यह वार्ड वासियों का कहना है और फिर से विकास चाहिए तो बंटी भैया को जिताना है कमल खिलाना हैउनके कार्यों को देखकर उन्हें अपने वार्ड में बहुत ज्यादा सहयोग मिल रहा है उनकी सक्रियता से पूरे वार्ड वाशी खुश नजर आ रहे हैं वार्ड पार्षद एवं सभापति अमृतलाल साहू बंटी भैया का कहना है कि जनता का पूरा सहयोग आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है वह जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे और आगे भी जनता का सहयोग मिला तो कार्य को प्रगति पर ले जाते हुए वार्ल्ड उन्नति पर विशेष ध्यान देंगे।

# वार्डवासियों के समर्थन से शुभम सिंह राजपूत ने अपना नामांकन दाखिल किया

## अपने समर्थकों व वार्डवासियों का धन्यवाद कर आशीर्वाद की कमाना किया



पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

शुभम सिंह राजपूत ने ग्राम पंचायत लछनपुर से वार्ड क्रमांक 13 से पंच प्रत्याशी का परचम बुलादन करते हुए कुलीपोटा स्थित केंद्र में जाके वार्डवासियों की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया।

वही वार्ड क्रमांक 13 से उनके समर्थक मनोज कुमार यादव, विनोद कनोड़िया, रमेश सिंह राजपूत, विनोद यादव, राकेश साहू, विक्की ओझा, शिव प्रसाद पटेल, बजरंग सिंह मुन्नावर्मा, राजेश पटेल, संजय सिंह पटेल, केदार नाथ कुंभकार सहित दर्जनों समर्थकों की उपस्थिति में अपना नामांकन का परचम लहराया।

# इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मु.चा.दल नियंत्रक कार्यालय दल्लीराजहरा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। सुबह 07:30 बजे प्रभात फेरी चालक दल लाबी से रेलवे स्टेशन, रेलवे कालोनी, रेलवे इन्स्टीट्यूट होते हुए वापस चालक दल लाबी तक पहुंची। उसके बाद रंगोली बनाने वाले बच्चों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चालक दल नियंत्रक (खुशाल सिंह), मुख्य लोको निरीक्षक - मोहित राम साहू, पी.आर.अलेन्द्र, राकेश कोष्टा, एस.के.साहू, लोको पायलट सी.एच.एस.राव, बसंत कुमार, मुकेश कुमार, अनीश, उत्तम कुमार, उमाशंकर, दीपक, विनय, डी.एस. ध्रुव, टुमन, आर.के. चंदनिया, कृष्ण चंद, खगेंद्र, दानेश्वर, इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी एवं कर्मचारियों के बच्चे शामिल हुए।

# नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी तोरण साहू का चुनाव प्रचार जोरों पर



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भाजपा की तरफ से नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी तोरण साहू का चुनाव प्रचार जोरों पर है। तोरण साहू लगातार सभी वार्डों में जनसंपर्क कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। भाजपा के चुनाव संचालक गोविंद वाधवानी व राजेश दासोडे के साथ ही संयोजक महेश पांडे चुनावी रणनीति तैयार कर कांग्रेस को घेरने लगातार योजना बना रहे है। पार्टी नेताओं ने प्रत्याशी तोरण साहू को चुनाव में हर हाल में जिताने का संकल्प किया है। संगठन की ओर से युवा नेता श्याम जायसवाल को इस चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसा लग रहा है कि श्याम जायसवाल को तोरण साहू का सारथी बना दिया गया है। दल्लीराजहरा में श्याम जायसवाल एक लोकप्रिय नेता है। सभी 27 वार्डों में इनके समर्थक है। इसलिए ही लगातार पार्टी इन्हें तोरण साहू के साथ हर वार्डो में जनसंपर्क करवा रही हैं। इसके साथ ही श्याम जायसवाल रोज 3 से 4 नुक्कड़ सभा कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे आगे श्याम जायसवाल के लगभग 30 सभा और होने हैं। इनके सभा से भाजपा प्रचार प्रसार में तेजी से आगे निकल रही है।

# खाटू धाम में अग्रवाल समाज की 36 हस्तियां होंगी सम्मानि

- अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने किया है द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



विश्व में अग्रवाल समाज का सबसे सशक्त संगठन अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आगामी 12 जून 2025 को श्री श्याम अर्पण छत्तीसगढ़ भवन, कोतवाली रोड, खाटू श्याम सीकर (राजस्थान) अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्राविभूति अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया है, इस आयोजन में पूरे विश्व के विभिन्न देशों में निवासरत अग्रवाल समाज की ऐसी हस्तियां जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में अपने कार्यों से सफलताएं अर्जित की है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा, उपरोक्त जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता एवं कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजिका उमा बंसल कोरबा छत्तीसगढ़ में बताया कि 2 फरवरी को बसंत पंचमी के पावन मौके पर द्वितीय अग्र अलंकरण का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है, तथा प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 08 जून 2024 को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल कोलकाता में संपन्न हुआ था, एवं अग्रवाल समाज के दानदाताओं के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, तथा इस कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र में सफलताएं अर्जित करने वाली हस्तियां अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा निर्धारित आवेदन पर अपनी संपूर्ण जानकारी 15 अप्रैल 2025 तक प्रेषित कर सकेंगे तथा प्राप्त आवेदनों पर संस्था की चयन समिति द्वारा श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा एवं चयन कर सभी चयनित प्रतिभागियों को कार्यक्रम से पूर्व सूचना दी जाएगी, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम के लिए संस्था के सभी सदस्यों की अग्रिम पंजीयन व्यवस्था की गई है, जिसके लिए 3100/- रुपए प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया गया है तथा उपरोक्त कार्यक्रम में प्रायोजक परिवारों एवं चयनित विभूति परिवार के दो- दो व्यक्तियों के निशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा 12 जून को सुबह 11:00 बजे से 13 जून को दोपहर 12:00 बजे तक के लिए की जाएगी तथा अतिरिक्त व्यक्ति होने पर प्रति सदस्य 3100/- रुपए का सहयोग शुल्क डेलीगेट फीस के रूप में पे होगा जिसे कार्यक्रम से पूर्व हीं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के केंद्रीय मुख्यालय से संपर्क कर अक्रिम पंजीयन के रूप में करवाया जा सकता है, राजकुमार मित्तल ने बताया कि अलंकरण समारोह हेतु जो क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं एवं संबंधित क्षेत्र जिस प्रायोजक परिवार द्वारा तय है।

# बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे सक्ती गुंजन एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




स्कूली बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ धर्म के प्रति भी उन्की आस्था जगाने एवं संस्कारिक बनाने की दिशा में शक्ति का गुंजन एजुकेशन सेंटर निरंतर कार्य कर रहा है, इसी श्रृंखला में गुंजन एजुकेशन सेंटर के बच्चों ने किया भटली नरेश के दर्शन किये है,शक्ति जिले के अग्रणी अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुंजन एजुकेशन सेंटर के कक्षा आठवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को भटली (उड़ीसा) में स्थित श्री श्याम मंदिर के के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विगत दिनों स्कूल द्वारा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु भटली ले जाया गया। साथ चंद्रपुर में स्थित चंद्रहासिनी मंदिर का भी दर्शन कराया गया। जिसमें काफी संख्या में संस्था के छात्र-छात्राओं पर बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों के अंदर आस्था के भाव को बढ़ाना है। इस इस शैक्षणिक भ्रमण को का आयोजन संस्था के डायरेक्टर नितिन सोनी जी तथा अन्नपूर्णा सोनी जी द्वारा किया गया। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण को पूर्ण करने में गोविंद दास, तुलेश चन्द्रा, शकुंतला साहू, अपर्णा, अमन, उज्जवल, सोनिया, काजल, नेहा का योगदान रहा।

## विकलांग भाई-बहन और उनके परिवार जनों के ठहरने की व्यवस्था कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के सदस्यों द्वारा भवन में ही की जाएगी

# विकलांग जनों के 15वें राज्य स्तरीय नि :शुल्क सामूहिक विवाह के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियां

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com







अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की आशीर्वाद भवन बैरनबाजार में हुई संयुक्त बैठक में विकलांगों के 15 वें राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह के लिए विविध कार्यक्रम और व्यवस्था समितियां बनाकर सेवाभावियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस बैठक में पूरे प्रांत से बड़ी संख्या में परिषद समेत अन्य संगठनों के सदस्यों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए सामूहिक विवाह समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि 15 व 16 फरवरी को आशीर्वाद भवन में आयोजित किए जा रहे इस विवाह के लिए अब तक लगभग 25 जोड़े तय हो चुके हैं और 10 फरवरी तक और भी जोड़े तय हो जाएंगे। सहसंयोजक घनश्याम पोद्दार प्रांतीय कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने आह्वान कर कहा कि किसी भी सेवा कार्य में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी, सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें ताकि ज्यादा से ज्यादा विकलांग जोड़े इस सामूहिक विवाह में सम्मिलित हों। इसी कड़ी में राष्ट्रीय संयोजक व कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक वीरेन्द्र पांडे ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते कहा कि जिस कार्यक्रम में कार्यकर्ता अपना कार्य पूरे समर्पण से करते हैं उस कार्यक्रम में कभी भी जन और धन की कमी नहीं होती। इस आयोजन के माध्यम से अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद व सहयोगी संगठनों के सेवा कार्यों का 25 सालों का इतिहास अंकित होगा। हमें गर्व है कि यह एकमात्र संस्था है जो विकलांगता के क्षेत्र में अनेक प्रकार के कार्य करती है। वहीं प्रांतीय महामंत्री संतोष तिवारी (पारीक) ने कहा कि आप सभी सोशल मीडिया के जरिए और जिस भी क्षेत्र में भी है वही आप सभी इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करें, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला एवं सचिव सुरेश मिश्रा ने जोड़े तय होने पर लोगों को आयोजन समिति को शीघ्र सूचित करने की अपील की ताकि उन्हें भी सामूहिक विवाह में शामिल कर आवश्यक तैयारियां की जा सकें। हेमंत तिवारी, विनोद सेन व राघवेंद्र मिश्रा ने सभी का आभार साधुवाद व्यक्त किया, पंजीयन व्यवस्था समिति-कार्यक्रम के सहसंयोजक अनुराधा दुबे व डी एस कुशवाह ने सदस्यों से इस आयोजन के लिए तन-मन और धन से जुड़ने का आग्रह करते हुए विभिन्न कमेटियां से कार्य करने पर जोर दिया जिसमें प्रमुख कार्य पंजीयन व्यवस्था का प्रभार सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम से अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार, दीपक अग्रवाल, पारस सोनी की टीम व नवीन भूषणिया, अजय शर्मा, कमल गुप्ता संतोष बजाज, पवन सोनी, अजय यदु सहित संस्कार भारती के सुधाकर कोंडापुरकर, दीपक अग्रवाल, पारस सोनी को सौंपा गया। गृहस्थी सामग्री संग्रहण व मेहंदी हल्दी रश्म व महिला संगीत समिति-सभी विवाहित जोड़ों को दान स्वरूप कपड़े, बर्तन, श्रृंगार सामग्री, सूटकेस, कुकर, पंखा एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था समाज द्वारा दिये हुए दान से की जाती है। जिसकी जिम्मेदारी अनुराधा दुबे के नेतृत्व में महिला मंडल की लीला ओझा, अनिता अग्रवाल, निशा अग्रवाल, संगीता यदु, आशा तिवारी, दिव्या अग्रवाल, मालती दुबे, श्वेता अग्रवाल, प्रांजलि सेन, शीतल भूषणिया, निधि ओझा, सरोज शैफी शकुंतला तिवारी व सभी संस्थाओं की महिला सदस्यों को सौंपी गई। यह समिति सभी सामग्री की व्यवस्था से लेकर पैकिंग तक का कार्य 10 फरवरी से प्रारंभ कर देगी। साथ ही यह समिति 15 फरवरी को शाम 4 बजे से मेहंदी, हल्दी की रश्म व महिला संगीत कार्यक्रम को संचालित करेगी। वहीं संगीत संध्या रामदास अग्रवाल और उनकी टीम करेगी और मांगलिक गीतों का गायन महिला सदस्यों द्वारा किया जाएगा, भोजन व्यवस्था समिति-भोजन व्यवस्था कमल बैद, श्याम शर्मा, संतोष बजाज सुभाष अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राजू अग्रवाल, योगेश शर्मा रवि शर्मा, हरिकिशन शर्मा, विनोद सेन, तरुण शर्मा विमल शुक्ला सहित अन्य सदस्यों को दी गई। वैवाहिक विधि का कार्य आर्य समाज के प्रमुख आचार्य अंशुदेव,एवं 25 सदस्यों की टीम द्वारा किया जाएगा। सभी जाति व धर्म के अनुसार विवाह विधि सम्पन्न कराई जाएगी। आवास समिति-14 फरवरी से जो भी विकलांग भाई-बहन और उनके परिवार जनों के ठहरने की व्यवस्था कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के सदस्यों द्वारा भवन में ही की जाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल ने किया कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार





पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रत्याशियों हेतु प्रचार करने सभा में उपस्थित हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे तथा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भाजपा नेता राकेश पांडे योगेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सहित समस्त वार्ड के पार्षद पद प्रत्याशी तथा अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाली भाजपा की पहली पसंद मीना वर्मा एवं सभी चौबीस वार्डों के प्रत्याशी भी मंच पर अत्यंत उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। भाजपा द्वारा चरणबद्ध रूप से चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए मानस भवन बाजार चौक पानी टंकी के पास आयोजित सभा में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसते हुए और आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश एवं नगर को दोनों हाथों से लूटा गया। पूरे कार्यकाल में जनता विकास की बाट जोहती रही लेकिन कांग्रेसी नेताओं ने नगर में बिजली, पानी, अस्पताल जैसे आधारभूत विकास के कार्य नही किये। भाजपा पार्षद भी बहुत तकलीफ में रहे उनके वार्डो में कुछ काम नहीं हुए, पूरे नगर में पक्षपात कर जनता के अधिकारों को मिटाने का कार्य किया गया। उन्होंने प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा किसानों, महिलाओं गरीब आवासहीनों के हित में काम किया है। विष्णु के सुशासन में महज एक वर्ष में ही हमने बिना किसी भेदभाव के कुम्हारी नगर में 30 करोड़ के विकास कार्यो पर काम किये है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए नगर के प्रत्येक वार्डों में कमल खिलाने की बात कही। अध्यक्ष प्रत्याशी मीना वर्मा को धार्मिक सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों पर समर्पित महिला बताते हुए उसे नगर की अध्यक्ष चुनने के लिए भाजपा के कमल फूल पर मतदान करने के लिए जनता से वोट मांगा। आगे सभा को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि आप सभी की हिम्मत हौसले से विधानसभा व लोकसभा में जीत का शंखनाद किया गया शासन-प्रशासन बनाने में पाटन विधानसभा व कुम्हारी नगर का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार किये गए। कांग्रेस के नेता धीरे-धीरे जेल जा रहे हैं और भी नेताओं के बारी आएंगे जिसके लिए जेल की कोठरी तैयार है उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान कर नगर में कमल खिलाने की बात कही। सांसद विजय बघेल ने कांग्रेस के 5 वर्षों के शासनकाल की खामियों को गिनाते हुए कहा कि ऐसी भ्रष्ट सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा नगर का विकास सही तरीके से हो सके और इस विकास के लिए कमल का फूल अवश्य खिलाना है। उन्होंने कहा कि गरीबों को प्रधानमंत्री मोदी आवास योजना का सही लाभ मिल सके। कार्यक्रम में दुर्ग भाजपा संगठन प्रभारी अग्रवाल कुम्हारी चुनाव प्रभारी डॉ सियाराम साहू खिलावन साहू अहिवारा विधानसभा पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे ने भी संबोधित किया। पीएन दुबे, बबला चंद्राकर, मिथलेश यादव, मनोज वर्मा, मन्नू लाल परघनिया, नारायण वर्मा, अशोक दिवान, तृप्ति चंद्राकर, सुनीता कुर्रे, रागिनी निषाद, योगिता वर्मा, इमरान रिजवी, अमरजीत सिंह गिल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रवेश

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के विचारधारा से प्रेरित हो नगर के कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समाज सेवी व व्यवसायी सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भाजपा मेप्रवेश किये जिसमें वार्ड क्रमांक 9 के पूर्व पार्षद संतोष यादव कांग्रेस कार्यकर्ता अवध बिहारी समाज सेवी नेहरुलाल सिन्हा व्यवसायी अनुज शुक्ला के शामिल है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी का स्वागत सम्मान भाजपा के भगवा अंगरखा और पुष्प माला से किया।

# एक ही मशीन में होगा अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निवार्चन में ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान होगा। मतदातागण एक ही ईवीएम मशीन में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान कर सकेंगे। ईवीएम मशीन के ऊपरी सफेद भाग में अध्यक्ष और उसके नीचे गुलाबी भाग में पार्षद के नाम अंकित होंगे। मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के नाम के सामने बटन को दबाकर मतदान कर सकेंगे। पहले अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाने के पश्चात बीप की छोटी आवाज आएगी। फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पंसद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाने पर मतदान करने पर बीप की लंबी आवाज आएगी। एक मतदान यूनिट में अधिकतम सोलह बटन की व्यवस्था होती है। मतदान के लिए ईवीएम मशीन की डिजाइन इस प्रकार से तैयार की गई है कि मतदाता बहुपद अर्थात् अध्यक्ष तथा पार्षद पद के लिए अपनी इच्छानुसार अपने पसंद के अभ्यर्थी को उसके नाम, फोटो एवं प्रतीक के सामने एक नीला बटन है इस नीले बटन को दबाकर इच्छित अभ्यर्थी के लिए बटन दबाकर अलग-अलग मतदान कर सकता है। मतदान मशीन ई.सी.आई.एल. द्वारा निर्मित एक बैटरी द्वारा संचालित मशीन होती है इसका संचालन सुगम है तथा यह त्रुटिरहित है। प्रत्येक अभ्यर्थी के नाम के समक्ष मतदान यूनिट के बटन को दबाकर मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी के पक्ष में मतदान कर सकता है।

# कलेक्टर, प्रेक्षक तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का किया गया रेंडमाईजेशन



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल, सामान्य प्रेक्षक सलमा फारूखी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु ईवीएम मशीनो का रेंडमाईजेशन किया गया। कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से एफएलसी पूर्ण किये गए ईवीएम बैलेट एवं कन्ट्रोल यूनिटों के रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में पूर्ण की गई। रेंडमाईजेशन के तहत जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, कोपरा एवं देवभोग के लिए निकायवार ईव्हीएम मशीनों का आबंटन किया गया। प्रक्रिया के तहत 339 बैलेट यूनिट एवं 209 कन्ट्रोल यूनिट का रेंडमाईजेशन कर उक्त मशीनों को निकायवार पृथक कर सूची तैयार किया गया। रेंडमाईजेशन में प्रत्येक निकाय हेतु 120 प्रतिशत कन्ट्रोल यूनिट (20 प्रतिशत रिजर्व सहित) तथा 130 प्रतिशत बैलेट यूनिट (30 प्रतिशत रिजर्व सहित) मशीनों का आबंटन किया गया। इस प्रकार जिले के प्रत्येक नगरीय निकायों के लिए 33 कन्ट्रोल यूनिट तथा 35 बैलेट यूनिट मशीन आरक्षित किया गया। रेण्डमाईजेशन में चयनित निकायवार ईवीएम मशीनों को मतदान केन्द्रवार तथा रिजर्व हेतु आबंटित किया गया। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया की गई है। इसके माध्यम से निर्वाचन के दौरान पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित की जा रही है। रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, उप जिला निर्वाचन अधिकार प्रकाश सिंह राजपूत, आरओ, एआरओ सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# कबीरधाम जिले में रिटर्निंग ऑफिसर की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए रिटर्निंग ऑफिसरों की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में नगर पालिका और नगर पंचायत के रिटर्निंग ऑफिसर, सीएमओ, तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता उपजिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त ने की। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान दिवस के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी जाने वाली रिपोर्टों के बारे में पूरी जानकारी सुनिश्चित करें। उपजिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त ने अधिकारियों से कहा कि मतदान दल की रवानगी और मतदान केंद्र पर उनके पहुंचने की सूचना समय पर भेजी जाए। इसके अतिरिक्त, मॉकपोल की प्रक्रिया, मतदान के दिन सुबह 10 बजे और दोपहर 1 बजे भेजी जाने वाली रिपोर्ट, और शाम 4 बजे की रिपोर्ट की सूचना भी समय पर भेजने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान दल की सुरक्षित वापसी की सूचना भी समय रहते मुख्यालय को दी जाए, और यह सुनिश्चित किया जाए कि रिपोट्र्स और सूचनाएँ निर्धारित प्रारूप (प्रारूप -03) में भेजी जाएं। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 78 हजार 817 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 578, महिला मतदाताओं की संख्या 40 हजार 239 है। इन सभी निकायों में 145 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका कवर्धा अंतर्गत वार्डों की संख्या 27 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 39 हजार 276 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 19 हजार 271, महिला मतदाताओं की संख्या 20 हजार 05 है। कवर्धा नगर पालिका अंतर्गत कुल 52 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 18 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 14 हजार 715 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 हजार 150, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 565 है। पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत कुल 18 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 650 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 807, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 843 है। पाण्डातराई नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 3 हजार 875 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 हजार 920, महिला मतदाताओं की संख्या 1 हजार 955 है। पिपरिया नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 731 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 425 है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 691 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 297, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 394 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत लोहारा अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 879 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 827, महिला मतदाताओं की संख्या 3 हजार 52 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है।

# नामांकन के आखिरी दिन कलेक्टर कार्यालय में लगे जिंदाबाद के नारे



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आदर्श आचार संहिता लागू है। पंच, सरपंच के लिए दस, ग्यारह पंचायतों के लिए अलग-अलग स्थान पर नामांकन लिया जा रहा है, जनपद सदस्य के मामले में जनपद पंचायत मुख्यालय और जिला पंचायत सदस्य के लिए कबीरधाम कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन जमा कराया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्यो की नामांकन दाखिल करने गए उम्मीदवारों के समर्थकों ने जिंदाबाद के नारे लगते हुए पार्टियां की झंडा के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय मतलब जिला कलेक्टर कार्यालय भवन के बरामद तक सैकड़ों की तादाद में पहुंच गए। जो जन मानस में चर्चा का विषय बना हुआ है कि निष्पक्ष चुनाव और मतगणना, सारणीकरण फिर परिणाम को घोषणा कैसे हो पाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी और वहां पर तैनात सुरक्षा बलों की आखिर क्या मजबूरी रहा जो इनको रोक पाने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि 2015 की तरह कही इस बार भी चुनाव परिणाम में उलट फेर न हो जाए।

### नामांकन में उमड़ा हुजूम

कबीरधाम जिला पंचायत 14 वार्डो में विभाजित है और अध्यक्ष पद अनारक्षित हैं जिसके चलते दावेदारों की संख्या काफी है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का नामांकन भरने उम्मीदवारों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए रैली के रूप में निकलकर नामांकन दाखिल करने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवारों ने पहुंचे। जिला कार्यालय में केवल झंडा और गमछा धारियों की मौजूदगी रहा और उनके कार ही दिखाई दे रहा था। कार्यकर्ताओं के हाथों में झंडा और मुंह से जिंदाबाद के नारे से परिसर गूंज रहा था।

### निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद पर उठ रहे सवाल

नामांकन दाखिल के अंतिम दिन जिस प्रकार का हालात देखने को मिला जो काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा होना लाजिमी भी है 2015 में मतदान तो शांतिपूर्ण हुआ, कही कही पर मतगणना में विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी लेकिन सारणीकरण (टेबुलेशन) के समय भारी गड़बड़ी करते हुए हारे हुए उम्मीदवारों को जीत दर्ज करा कर उन्हें विजय घोषित किया गया था ।जो काफी चर्चा में रहा है।

### हालात को देख कर उम्मीदवारों में मायूसी

नामांकन के आखिरी दिन और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद, शांति पूर्ण निर्वाचन करने प्रतिबंधित धारा लागू होने के बाद भी ऐसा माहौल को देखते ही उम्मीदवारों में मायूसी छा गए क्योंकि 2015 में जिस तरह का हालात देखने को मिला था। जनाधार वाले नेताओं को भी जीत के बजाए पराजय का मुंह देखने को मिला था। पूरा पांच साल तक कोर्ट कचहरी के चक्क र भी काटते रहे हैं।

# सुशासन की सरकार में भाजपाइयों की पीड़ा उभर कर आई सामने



## पीड़ित भाजपाइयों ने किया कांग्रेस में प्रवेश

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के राजपुर विकासखंड में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी हरिकिशून पैकरा और दमयंती पैकरा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी को बेहतर पार्टी बताते हुए ज्वाइन किया जहां जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी और राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। आयोजित पत्रकार वार्ता में हरिकिशून पैकरा ने बताया कि पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करने के बावजूद पार्टी ने कभी भी उन्हें अवसर नहीं दिया इसके पश्चात उन्होंने अपने परिवार के साथ कांग्रेस में प्रवेश का निर्णय लिया और अपने राजनीतिक जीवन में बढ़ते हुए अन्याय को देखते हुए प्रवेश का निर्णय लिया है। हरिकिशून पैकरा ने बताया कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद पर थे। दमयंती पैकरा इससे पूर्व कोरोना काल में अपनी सेवाएं क्षेत्र के लोगों को दे चुकी हैं। तत्पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने क्षेत्र क्रमांक 13 कोदौरा के जिला पंचायत पद प्रत्याशी लालसाय मिंज तथा क्षेत्र क्रमांक 14 चौरा में जिला पंचायत सदस्य पद हेतु प्रत्याशी दमयंती पैकरा का नाम अधिकृत किया है और सभी कांग्रेस कार्यकर्ता-पदाधिकारी साथियों से अपील की गई है कि संबंधित क्षेत्र के कार्यकर्ता व सभी पदाधिकारी अधिकृत प्रत्याशियों को जीताने के लिए जुट जाएं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ने जीत का दावा करते हुए उन्होंने एक रिश्ता पर बल देते हुए कहा कि अपने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सौंप गई है उसे वखूबी निभाए कभी जीत का ताज का हकदार हो पाएंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र गुप्ता,पुरनचन्द्र जायसवाल, लक्ष्मी सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# निर्वाचन पंप्लेट, पोस्टर पर प्रकाशक तथा मुद्रक का नाम और पता अंकित करना अनिवार्य

## कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रकाशकों को दी आवश्यक जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964 की धारा 14-क के अधीन अपेक्षित किसी निर्वाचन पंप्लेट, पोस्टर, हँड बिल तथा अन्य दस्तावेजों पर प्रकाशक तथा मुद्रक का नाम और पता छपा होना आवश्यक है। यदि किसी मुद्रित सामग्री पर मुद्रक या प्रकाशक के नाम का उल्लेख नहीं है तो एमसीएमसी आवश्यक कार्रवाई के लिए इसे रिटर्निंग ऑफिसर के संज्ञान में लाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने इस संबंध में जिले के सभी प्रकाशकों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्वाचन पैफ्लेट, पोस्टर, हँड बिल तथा अन्य दस्तावेजों का प्रकाशन करने के पूर्व मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) को सूचित करते हुए जानकारी प्रदान करें। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964 की धारा 14-क के प्रयोजनार्थ दमूस को भी अन्य दस्तावेजों की श्रेणी में माना जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि नगरीय निकाय हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रानिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो (निजी एफएम रेडियो सहित), ई-समाचार पत्र, बल्क एसएमएस व वाईस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे।

# त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 : जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 119 अभ्यर्थियों ने किया अपना नामांकन दाखिल

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में त्रिस्तरीय पंचयात आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 119 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। कबीरधाम जिले में जिला पंचायत सदस्य के लिए 14 जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक में निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान सभी प्रक्रियाओं को सही ढंग से और पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कबीरधाम जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 14 जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 119 अभ्यर्थियों ने अपना नमांकन दाखिल किया। जिसके तहत क्षेत्र क्रमांक 01 से 07, क्षेत्र क्रमांक 02 से 08, क्षेत्र क्रमांक 03 से 07, क्षेत्र क्रमांक 04 से 04, क्षेत्र क्रमांक 05 से 05, क्षेत्र क्रमांक 06 से 08, क्षेत्र क्रमांक 07 से 09, क्षेत्र क्रमांक 08 से 04, क्षेत्र क्रमांक 09 से 07, क्षेत्र क्रमांक 10 से 08, क्षेत्र क्रमांक 11 से 17, क्षेत्र क्रमांक 12 से 13, क्षेत्र क्रमांक 13 से 08 और क्षेत्र क्रमांक 01 से 14 अभ्यर्थियों ने नमांकन दाखिल किया। जिले में जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिए क्षेत्र की संख्या 14 है। जिले में जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत मतदाओं की संख्या 5 लाख 88 हजार 824 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 2 लाख 93 हजार 438, महिला निर्वाचकों की संख्या 2 लाख 95 हजार 384 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 2 है। जनपद पंचायत क्षेत्र कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 105 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 37 हजार 255 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 69 हजार 185, महिला निर्वाचकों की संख्या 68 हजार 70 है। जनपद पंचायत क्षेत्र सहसपुर लोहारा क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 96 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 20 हजार 493 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 59 हजार 813 एवं महिला निर्वाचकों की संख्या 60 हजार 679 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 1 है। जनपद पंचायत क्षेत्र बोड़ला क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 125 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 45 हजार 313 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 71 हजार 187 एवं महिला निर्वाचकों की संख्या 74 हजार 125 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 1 है। जनपद पंचायत क्षेत्र पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 143 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 85 हजार 763 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 93 हजार 253, महिला निर्वाचकों की संख्या 92 हजार 510 है। जिले के सभी 4 जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 1163 है। जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 265, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 243, जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 308, जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 347 है।

### शांतीलाल चोपड़ा का निधन



रायपुर। टेगौर नगर निवासी शांतीलाल चोपड़ा का निधन सोमवार को 11.45 बजे हो गया है। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे, टैगोर नगर निवास से मारवाड़ी श्मशान घाट मे हुआ। वे-प्रेमचंद, रमेश, अशोक डॉ. अजय ,मुकेश चोपड़ा के भाई एवं अनिल कुचेरिया विजय गोलछा के साडू थे।

# भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी 14 सहित कल्पना योगेश तिवारी ने नामाकन पत्र भरा

## जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में ज़बर्दस्त उत्साह का माहौल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी और अंजू बघेल सहित सभी प्रत्याशियों ने सोमवार को हजारों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा के विधायक दीपेश साहू, जिला अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल राजेंद्र शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। ग्राम नेवनारा स्थित मां चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर कल्पना योगेश तिवारी ने अपने बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। इसके बाद योगेश तिवारी के नेतृत्व में हजारों समर्थकों के साथ बेमेतरा के लिए रवाना हुए। भाजपा के 14 अधिकृत प्रत्याशियों ने बाजे-गाजे और विशाल रैली के साथ नामांकन दाखिल किया। बेमेतरा विधायक दीपेश साहु ने कहा आज का माहौल बता रहाँ है कार्यकर्ताओं में जो उत्साह है उसे पूरे 14 के पूरे भाजपा के ज़िला पंचायत जीत कर आयेगे और पूरे पंचायत में विकास होगा। कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए राजनीति में आई हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बेरलाकला क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भाजपा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरेंगी। नामांकन के दौरान पार्टी के नेताओं ने सभी प्रत्याशियों को आशीर्वाद दिया और जिला पंचायत की सभी 14 सीटों पर जीत का विश्वास जताया। भाजपा प्रत्याशियों ने संकल्प लिया कि वे संगठन को मजबूत कर पार्टी की विचारधारा के अनुरूप क्षेत्र में सेवा कार्य करेंगे। नामांकन भरने वाले भाजपा प्रत्याशी, कल्पना योगेश तिवारी, अंजू बघेल, हेमलता पटेल, दिलीप सिंह ठाकुर, गायत्री, नेहाम, लक्ष्मी देशलहरा, राजेश साहू, कमसूरत बघेत, देवी परमेश्वर वर्मा, प्रीति पटेल, हीराठात साहू, खुराडु वर्मा, अंजनी कुमार चंदेत, राहुल टिकरिपा सभी प्रत्याशी मौजुद रहे। नामांकन के दौरान क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने समर्थन जताते हुए भरोसा दिलाया कि इस बार भाजपा को पूरी 14 सीटों पर जीत दिलाई जाएगी।

# मैट्स यूनिवर्सिटी में सरस्वती पूजा का अयोजन बसंत पंचमी के अवसर पर हुआ विशेष आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्यालय में मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस के अंतर्गत संचालित केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मैट्स यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी कमेटी के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत मुंडेजा के द्वारा कार्यक्रम की शुरूवात किया गया। मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना चंद्राकर ने बताया कि केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने की परंपरा रही है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों सहित, मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका जायसवाल, ओमलता साहू, संजय शाहजीत, लुकेश, सहायक ग्रंथपाल गिरधारी लाल पाल एवं विश्वविद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो.(डॉ.) के. पी. यादव, उपकुलपति डा. दीपिका ढ़ांढ़, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा, डीन डॉ. विजय भूषण नाग ने बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन को सराहनीय प्रयास बताया।

# 'अखिल भारत गुजराती समाज' की राष्ट्रीय समिति मे नियुक्ति

## कौशिक भाई कट्टा बने प्रदेश अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





गुजराती समाज की राष्ट्रीय समिति "अखिल भारत गुजराती समाज" के अध्यक्ष " संजय भाई पटेल" द्वारा छतीसगढ़ सकल गुजराती समाज के प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ कौशिक कट्टा को राष्ट्रीय समिति की तरफसे भी छतीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने हेतु छतीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय समिति का e&ecutive मेम्बर बनाये जाने की घोषणा की। जिसका लिखित में मनोनयन पत्र " चेतन भाई पटेल" जो की राष्ट्रीय समिति के महामंत्री हैं उनके द्वारा रायपुर आ कर रूबरू होकर कौशिक कट्टा के ऑफिस में प्रदान कर के उनके द्वारा समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की एवं भविष्य के कार्यो के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। कौशिक कट्टा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भाई पटेल एवं उपस्थित राष्ट्रीय महामंत्री के साथ साथ सभी गणमान्य को आभार प्रदर्शित करते हुए कहा की गुजराती समाज के प्रदेश के सभी घटको को जोड़कर राष्ट्रीय समिति के कंधे से कंधा मिलाते हुए गुजराती समाज की संस्कृति को बढ़ाते हुए, शिक्षा, स्वास्थ्य, के साथ योग्यता को मंच प्रदान करते हुए सेवा के कार्यो को और गति प्रदान कर समाज की उन्नति हेतु भरपूर प्रयास करेंगे. इस अवसर पर रमेश भाई पटेल व नरेश भाई पटेल के साथ साथ छत्तीसगढ़ सकल गुजराती समाज के महासचिव हितेश भाई रायचूरा, कमलेश भाई नथवानी, हिम्मत भाई पटेल, तुषार भाई शाह, मनीष भाई सोनी, प्रशांत भाई ठक्कर, जीतेश भाई कट्टा उपस्थित रहे.


# रायपुर क्षेत्र के बिजली कर्मियों को पुरस्कार



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमि., गुढ़ियारी रायपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने रायपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। चयनित कर्मियों कार्या.सहायक श्रेणी-दो कीर्ति शुक्ला, कार्या.सहायक श्रेणी-एक परसराम कृष्णानी, कार्यपालन अभियता ताराचंद साहू, कार्या.सहायक श्रेणी-दो राकेश कुमार वर्मा, परि.श्रेणी-दो(ला.) प्रदीप कुमार यादव, परीक्षण सहायक श्रेणी-एक योगेश्वर वर्मा एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र से सहायक अभियंता नंदकिशोर चौधरी, कार्या. सहायक श्रेणी-एक प्रहलाद कुमार साहू, लाईन परिचारक (संविदा) जागेन्द्र कुमार नेताम , परि. श्रेणी-एक(ला.) मनोज कुमार देवांगन, परीक्षण सहायक श्रेणी-एक मनोज कुमार धृतलहरे, परि.श्रेणी-एक(ला.) खेमलाल साहू को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। लेखा प्रशिक्षण का.स.श्रे.-दो लक्ष्मीकांत साहू एवं तकनीकी प्रशिक्षण में परिचारक लाइन अमन दुबे को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। जामुलकर ने कहा कि विद्युत विकास में अहम भूमिका निभाने वाले विद्युतकर्मी श्रेष्ठ और सम्मानीय है। राज्य के विकास में हमारी अहम सहभागिता दर्ज है, इस कार्य को करने के पीछे टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्हें चिन्हित कर उचित सम्मान प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने पुरस्कृत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में बसंत महोत्सव





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में बसंत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले विद्यालय के संचालक मुकेश गुप्ता एवं प्रिंसिपल बंशीलाल सुर्गे द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यालय की बालिकाओं ने अपने मधुर स्वरों द्वारा मां सरस्वती की स्तुति की गई। बच्चों ने पीले रंग की वेशभूषा धारण कर रंग बिरंगे पुष्प माता को अर्पित किए एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस दौरान बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कक्षा ग्यारहवीं की सोनम यादव द्वारा बसंत महोत्सव का महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु जन जीवन में नव-चेतना प्रवाहित करने वाली ऋतु है। इस ऋतु में प्रकृति अपना श्रंगार पूर्ण मनोयोग से करती है। कक्षा नवीं की हेमलता ने एकल तथा कक्षा छठवीं की सारिका ग्रुप ने अपने नित्य की प्रस्तुतियां दी। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी ऑफिस स्टाफ पूजा हरिहरन, प्रतिमा यादव शिक्षक/ शिक्षिकाओं अनामिका साहू, माया शुक्ला, सरस्वती राहंगडाले, टी. ममता रेड्डी, प्रभा यादव, दिव्या साहू, रश्मि बैस, शालिनी शर्मा, प्रीति रानी भट्ट, दीपिका सूर, राजन शर्मा, प्रीति वर्मा, मोनिशा दुबे, प्रिया साहू, तुनिका वर्मा द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

# ओबेन इलेक्ट्रिक ने गणतंत्र दिवस पर 10 नए शोरूम खोले: 22 स्थानों पर 53 मिलियन से अधिक भारतीयों तक पहुंच बनाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बनाने वाली भारत की फेमस कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर के प्रमुख स्थानों पर 10 नए शोरूम और सर्विस सेंटर शुरू किए हैं। इन नए सेंटर के शुरू होने के बाद ओबेन अब 7 राज्यों और 14 शहरों में 22 शोरूम और सर्विस सेंटर के साथ 5.3 करोड़ भारतीयों तक पहुंच चुका है। नए शोरूम पुणे के शिवाजीनगर और धनकवड़ी, कर्नाटक के हुबली, केरल के मलप्पुरम और त्रिशूर, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, मैनपुरी, बदायूं, और नई दिल्ली के आदिचिनी में खुले हैं। यह विस्तार ओबेन के लिए उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे उभरते ईवी बाजारों में प्रवेश को दर्शाता है और साथ ही कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र में इसकी उपस्थिति को मजबूत करता है। ओबेन इलेक्ट्रिक को 'सीरीज़ ए फंडिंग राउंड' से बड़ी सफलता मिली है और अब कंपनी इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रमुख और उभरते ईवी बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करने के मिशन पर है। कंपनी का लक्ष्य शहरी और टियर-2 शहरों में एक मजबूत स्थिति बनाना जिसके तहत एफवाय 26 तक 50 शहरों में 100 नए शोरूम और सर्विस सेंटर खोलने की योजना है। मेक इन इंडिया ब्रांड के रूप में ओबेन इलेक्ट्रिक गणतंत्र दिवस के जश्न को सेलिब्रेट करते हुए आत्मनिर्भरता और विकास के प्रति देश के विजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। ओबेन इलेक्ट्रिक भारत का एकमात्र ईवी निर्माता है, जो पूरी तरह वर्टिकल इंटीग्रेशन है। कंपनी हाई-परफॉर्मेंस एलएफपी बैटरी, मोटर, फास्ट चार्जर और व्हीकल कंट्रोल यूनिट जैसे सभी जरूरी उपकरण को इन-हाउस डिजाइन, डेवलप और मैन्युफैक्चरिंग करती है।

# नई एसयूवी की दुनिया में कदम: किआ सिरोस ने 8.99 लाख रुपये में पेश किया एक नया एसयूवी सेगमेंट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



किआ इंडिया, प्रीमियम गाड़ियां बनाने वाली एक प्रमुख कंपनी, ने अपनी नई किआ सिरोस को लॉन्च किया है। यह मिड और कॉम्पैक्ट एसयूवी कैटेगरी के बीच एक नया सेगमेंट पेश करता है। इसकी कीमत 8.99 लाख रुपये रखी गई है। किआ सिरोस का डिज़ाइन अपने प्रीमियम मॉडल्स ईवी 9 और कार्निवल से प्रेरित है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, प्रीमियम कम्फर्ट और बोल्ड डिज़ाइन का बेहतरीन संयोजन देखने को मिलता है। यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। किआ सिरोस में असाधारण तकनीक और स्मार्ट कनेक्टिविटी का खास ध्यान रखा गया है। इस सेगमेंट में पहली बार ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट सिस्टम पेश किया गया है, जो 16 कंट्रोलर्स के ऑटोमैटिक अपडेट की अनुमति देता है। इसके लिए डीलरशिप पर जाने की जरूरत नहीं होती, जो आमतौर पर लग्जरी वाहनों में देखा जाता है। किआ कनेक्ट 2.0 सिस्टम में 80 से अधिक फीचर्स दिए गए हैं, जो शानदार कनेक्टिविटी और इंटेलिजेंट व्हीकल मैनेजमेंट के जरिए गाड़ी चलाने का अनुभव और भी बेहतर बनाते हैं। इसके साथ ही, किआ कनेक्ट डायग्नोसिस फीचर भी मौजूद है, जो यूज़र्स को अपने वाहन की स्थिति को दूर से ही जांचने की सुविधा देता है। साथ ही, किआ एडवांस्ड टोटल केयर ग्राहकों को टायर बदलने और रखरखाव जैसी सेवाओं के बारे में पहले से अलर्ट करता है, जिससे गाड़ी की ओनरशिप का अनुभव बिना किसी चिंता के और भी सुखद बन जाता है। किआ सिरोस में शानदार कम्फर्ट और स्पेशियस इंटीरियर्स दिए गए हैं।

# विश्व कैंसर दिवस 2025 - यूनाइटेड बाय यूनिक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण केयर अस्पताल में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. रवि जयसवाल कहते हैं, कैंसर सिर्फ एक चिकित्सा निदान से कहीं अधिक है यह गहराई से एक व्यक्तिगत मामला है। कैंसर के साथ हर अनुभव अनोखा होता है, और यही कारण है कि हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है, एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए जहां हम बीमारी से परे देखें और रोगी से पहले व्यक्ति को देखें। जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हर साल एक नई थीम चुनी जाती है। इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ एक व्यक्तिगत और जन-केंद्रित दृष्टिकोण है। भारत में हर साल लगभग 20 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। इनमें ब्रेस्ट, सर्वाइकल और ओरल कैंसर प्रमुख हैं। उनमें से अधिकांश उन्नत चरण में मौजूद हैं जिससे इलाज की दर कम हो जाती है। स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, मौखिक, फेफड़े, कोलोरेक्टल और प्रोस्टेट कैंसर के लिए कैंसर स्क्रीनिंग उपलब्ध है ताकि इलाज की दरों को बढ़ाकर और उपचार की लागत को कम करके प्रारंभिक चरण में उनका पता लगाया जा सके। भारत में कैंसर की जांच के लिए प्रमुख चुनौती जागरूकता की कमी, सामाजिक कलंक और विशेष रूप से ग्रामीण भारत में कम सुविधाएं हैं; अक्सर देर से निदान, अधिक उपचार लागत और उच्च मृत्यु दर में योगदान देता है। टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसे कैंसर के उपचार और रोबोटिक्स और छोटे चिरे वाले सर्जरी के साथ बेहतर सर्जिकल परिणाम से देखभाल अधिक व्यक्तिगत हो गई है और उत्तरजीवीता बढ़ गई है। डॉ. जयसवाल आगे जोर देकर कहते हैं, मैं रोगी केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता हूं; कोई भी दो कैंसर एक जैसे नहीं होते हैं और प्रत्येक रोगी एक ही प्रकार के कैंसर पर अलग-अलग प्रतिक्रिया करता है; इसलिए उत्तरजीवीता बढ़ाने के लिए रोग जीवविज्ञान की बेहतर समझ महत्वपूर्ण है। इस विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर के खिलाफ शिक्षित करने, समर्थन करने और लड़ने का संकल्प लें, जब तक कि हम इस बीमारी से मुक्त दुनिया नहीं देख लेते।

# बीएएसएफ का 'वाह रे किसान' अभियान, सबसे महत्वपूर्ण कार्य करने वाले असाधारण किसानों की सराहना करते हुए, उन्हें समर्पित किया गया है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बीएएसएफ ने अपने 'वाह रे किसान' अभियान का शुभारंभ किया है (यह ''सैल्यूट टू फार्मर्स'' का हिन्दी रूपांतरण है)। यह अभियान 'बिगेस्ट जॉब ऑन अर्थ' पहल का हिस्सा है और इसका उद्देश्य भारतीय किसानों के योगदान को उजागर करना है। इसके तहत, पांच ऐसे किसानों की कहानियों को प्रस्तुत किया गया है, जो अपने समुदायों और भारत की कृषि पद्धति में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। बीएएसएफ ने अन्नू कपूर को यह अभियान होस्ट करने की जिम्मेदारी सौंपी है, और इन एपिसोड्स को विशेष रूप से बीएएसएफ के यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। इस श्रृंखला की शुरुआत से पहले, एक महीने तक सोशल मीडिया अभियान चलाया गया, जिसमें किसानों को अपनी कहानियां भेजने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके बाद, उनमें से सबसे प्रेरणादायक पांच कहानियों को 'वाह रे किसान' में शामिल किया गया। एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस बीएएसएफ एसई के अध्यक्ष लिवियो टेडेस्की ने कहा कि''बिगेस्ट जॉब ऑन अर्थ'बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस का वैश्विक अभियान है और इसके अनुसार ऐसे किसानों की कहानी सबके सामने आनी चाहिए और उनकी सराहना की जानी चाहिए। भारत की भौगोलिक परिस्थितियाँ और कृषि पद्धतियाँ अत्यंत विविधतापूर्ण हैं और इसके साथ मैं 'वाह रे किसान' में दिखाए गए इन 5 नवाचारी किसानों से मिलकर बहुत खुश हूँ और मुझे उम्मीद है कि कृषि में सभी के लिए एक संवहनीय भविष्य की तलाश करने के लिए उनके साथ हमारे काम करने पर कई और किसान आगे आने के लिए प्रेरित होंगे।'

## अब तक कुल 13415 वाहनों की हो चुकी है बिक्री, ट्रायम्फ के दो न्यू बाइक की हुई शानदार लॉचिंग

# ऑटो एक्सपो में सब के लिए सब कुछ, वीक एंड में जुटी भीड़

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



ऑटो एक्सपो में शनिवार को पेश केन्द्रीय बजट की चर्चा होते रही,बजट को व्यापार उद्योग के अनुकूल पाकर ऑटोमोबाइल डीलर्स भी खुश थे। वहीं वीक एंड होने के कारण अन्य दिनों की अपेक्षा आज ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे। 31 जनवरी को बिके 954 वाहनों को मिलाकर अब तक 13415 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। ट्रायम्फ के दो न्यू बाइक की लॉचिंग भी हुई जिसकी बनावट व खूबियां ऐसी है कि लोग देखते ही कायल हो जा रहे थे। आज गेस्ट के रूप में नवशरन गरचा, नेशनल प्रेसिडेंट बस आपरेटर कनफेडरेशन ऑफ इंडिया स्कूल बस डिवीजन व टी.श्रीनिवास रेड्डी, प्रेसिडेंट होलसेल वेजीटेबल मार्केट थे। साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित ऑटो एक्सपो के हर स्टॉल पर लोग वाहनों की इंक्वायरी करते दिखे। पसंद आने पर कुछ तत्काल बुकिंग कर रहे थे तो कुछ बाद में आने की बात कहकर आगे बढ़ जा रहे थे। जावा येजदी के स्टाल पर यंग कपल ने टेस्ट राइड करने के बाद कहा ये तो वाकई जितना सुना था उससे कहीं बेहतर है। हमारे पापा भी बताया करते थे उस जमाने की येजदी के बारे में लेकिन इसमें तो काफी कुछ बदलाव हो गया है। ये एक अट्रैक्टिव दमदार बाइक है।स्टाल होल्डर्स ने बताया कि केवल डिजाइन ही आकर्षक नहीं है अच्छे कलर के आप्शन भी और चाहें तो फाइनेंस की सुविधा भी। यही कुछ नजारा और भी स्टालों पर नजर आ रहा था। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि ऑटो एक्सपो में सब के लिए सब कुछ हैं। हर सेग्मेंट की व्हीकल्स यहां उपलब्ध है। खास बात ये भी है कि यदि कहीं पर खरीदी के लिए आपका बजट गड़बड़ा रहा है तो एसबीआई व चोलामंडलम के स्टॉल पर जाकर आसान शर्तो पर फाइनेंस की बैंकिंग सुविधा भी ले सकते हैं। राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि केन्द्रीय बजट स्वागत योग्य हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों (ई व्ही) की बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने ई व्ही बैटरी बनाने में इस्तेमाल होने वाले 35 एडिश्नल गुड्स को छूट पाने वाले कैपिटल गुड्स की सूची में शामिल करने का फैसला किया है। मतलब सरकार चाहती है इसकी बैटरी यहीं बने और देश से इन वाहनों का एक्सपोर्ट हो। जहां तक रायपुर के ऑटो एक्सपो का सवाल है ई बाइक व ई कार की अच्छी डिमांड है।

**ट्रायम्फके दो न्यू बाइक की हुई शानदार लांचिंग**-ऑटो एक्सपो में शनिवार को ट्रायम्फ के दो न्यू बाइक की लांचिंग गौरव कुमार, श्रीराम फाइनेंस ग्रीन के आतिथ्य में हुई। हालांकि यह महंगी बाइक रेंज में शुमार हैं लेकिन राकेट व स्टार्म के फीचर व खूबसूरती ऐसी है कि जिसे देखते ही आप कायल हो जायेंगे। दोनों में ब्लेक आउट एलीमेंट हैं। इसके ब्लैक एनोडाइज्ड रिवर फ्रेम, स्विंग आर्म, राइजर और हैंडल बार क्लेप, सीट फीनिशर, ब्रेक और गियर पैडल, साइड स्टैंड और हैंगर है। टीएमटी स्क्रीन डेटाइम रनिंग लैप के साथ सभी एलईडी लाइटिंग, मोबाइल डिवाइस को चार्ज करने के लिए एक यूएसवी पोर्ट भी दिया गया है।

# कोलंबिया में बसंतोत्सव मनाया गया






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मां सरस्वती के पावन पर्व, बसंत पंचमी पर कोलंबिया शिक्षण संस्थान में बसंतोत्सव मनाने की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी मां सरस्वती की मूर्ति को स्थापित करके हवन पूजन किया गया। हवन पूजन में सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, सचिव हरजीत सिंह हूरा कोषाध्यक्ष रविन्दर सिंह हुरा, समस्त विभागो के प्राचार्य तथा विभागाध्यक्ष एवं संस्था के समस्त छात्र-छात्राएँ एवं स्टाफ सम्मिलित हुए। शिक्षकों एवं छात्रों की टीम ने मिलकर प्रसाद की सामाग्री तैयार की जिसमें लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने प्रसादी को ग्रहण किया तथा मां सरस्वती जी से अच्छी बुध्दि एवं कौशल प्रदान करने का आव्हान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# शासकीय हाई स्कूल बोरसी में बसंत पंचमी पर वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



बम्हनीडीह विकास खण्ड के शासकीय हाई स्कूल बोरसी में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हाई स्कूल के साथ-साथ प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों ने ज्ञान, विद्या और बुद्धि का आशीर्वाद मांगा।

**माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ-** कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना से की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक, वरिष्ठ शिक्षकगण और आमंत्रित गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से पूजा संपन्न कर बच्चों को ज्ञान की देवी का आशीर्वाद लेने की प्रेरणा दी। बच्चों ने भक्ति और श्रद्धा के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

**विद्यार्थियों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ-** वार्षिकोत्सव के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, गीत, नाटक और कविता पाठ की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्राओं ने भी पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके अलावा, राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीत और नृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया।

**गाँव के गणमान्य नागरिक और अभिभावकों की उपस्थिति-** इस कार्यक्रम में गाँव के प्रतिष्ठित नागरिकों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**विद्यालय परिवार ने किया सभी का आभार व्यक्त-** विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकगणों ने सभी विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षा और संस्कृति के महत्व को समझते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और आनंद का माहौल बना रहा। वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार हुआ।

# प्राथमिक शाला खपरी धोबी में बसंत पंचमी का पर्व धूम धाम से मनाया गया

## बच्चे मां सरस्वती की सुन्दर चित्र बनाये

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखण्ड साजा में प्रधान पाठक धनेश रजक सहित सभी शिक्षक शिक्षिका मां सरस्वती की तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़े। विद्यालय की नन्हीं नन्हीं बेटियां मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किये और आशीर्वाद लिये। सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम ने कहा कि मां सरस्वती को संगीत की देवी कहा जाता है। जीवन में ज्ञान, कला और संगीत के जरिए माँ की कृपा पाने के लिए बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा की जाती है। प्रधान पाठक धनेश रजक ने पहले सभी बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दिये और कहा बसंत पंचमी माघमास की शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि को मनाते हैं। मां सरस्वती के 12 नाम है। भारती, सरस्वती, शारदा, हंसवाहिनी, जगती, अंगेश्वरी, कुमोध, ब्रह्मचारिणी, बुद्धि धात्री, चंद्रकांती, वरदायिनी, उपभुनेश्वरी कहा जाता है। कहा जाता है मां सरस्वती की रचना उनके जन्मदाता कहे जाने वाले ब्रह्म जी ने की थी।

सफेद वस्त्रों में मां सरस्वती अपने प्रिय वाहन हंस पर सवार होकर आती हैं। कहा जाता है कि हंस विवेक, शांत, चित्त का प्रतीक है। मान्यता है जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की तो सृष्टि में जीवन था। पर जीवन शांत और बिना आवाज का था। भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छिड़का। जिससे देवी सरस्वती प्रगट हुई। देवी सरस्वती ने वीणा बजाकर पूरे संसार में मधुर आवाज फैलाई और सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। तभी से देवी सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। और पंचमी पर बसंत पंचमी मनाये जाने लगा। हम सभी को मां सरस्वती की अच्छे व साफ मन से पूजा अर्चना करना चाहिए। सभी बच्चे दोनों शिक्षक की मां सरस्वती पर उद्बोधन को सुनकर बहुत खुश हुए। फिर प्रसाद वितरण हुआ और सभी बच्चे अपने अपने घर के प्रस्थान किये।

# जुआं खेलते 9 जुआरियों से 59,470/- रूपये किया पुलिस ने जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला में पुलिस ने जुआं खेलते हुए 9 जुआरियों से 59470 रुपये जप्त करते हुए गिरफ्तार किया. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज थाना नवागढ स्टाफ को जरिये मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम छितापार खार खेत में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना नवागढ एवं सायबर सेल टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 09 जुआडियानो 1. जगत पाल पात्रे मुंगेल दास पात्रे उम्र 27 साल साकिन लालबंद, 2. कमल भारती पिता समारू भारती उम्र 52 साल साकिन हाथाडाडू, 3. चंद्रमन पात्रे पिता झाडूराम पात्रे उम्र 42 साल साकिन लालबंद नवागढ, 4. पवन कुमार पिता पतिराम साण्डे उम्र 49 साल साकिन कटई थाना चंदनू, 5. अश्वनी कुर्रे पिता लखन कुर्रे उम्र 34 साल साकिन तिलकापारा नवागढ, 6. हरसिंग बघेल पिता चंद्रकुमार उम्र 25 साल साकिन नवलपुर, 7. सत्येन्द्र साण्डे पिता रिखिराम साण्डे उम्र 29 साल साकिन तिलकापारा नवागढ, 8. मोहित राम जांगडे पिता बुधारी राम जांगडे उम्र 49 साल साकिन तिलकापारा, 9. संजीत मनहरे पिता बुधारी उम्र 32 साल साकिन रामपुर थाना दाढी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 59,470/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि मोहन लाल साहू, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, प्रकाश सिंह राजपूत, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, पीलाराम साहू, जय किशन साहू, मेलाराम यादव, चंद्रेश जोशी एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# बच्चों ने की चित्रकारी नवाचारी शिक्षिका ने बताया इसका वैज्ञानिक महत्व

## रानो में बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में बसंत पंचमी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू ने इस पर्व को मनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि इस दिन को विद्या की देवी माँ शारदे के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इसके पीछे की पौराणिक बातों को भी स्पष्ट किया। तथा विभिन्न ऋतुओं की भी जानकारी दी। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि यह पर्व हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है जो कि वसंत ऋतु की तैयारियों की शुरुआत का प्रतीक है। भक्त ज्ञान, रचनात्मकता एवं बुद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए माँ शारदे की पूजा करते हैं तथा इससे अज्ञानता दूर होती है।शिक्षिका ने इस पर्व के वैज्ञानिक महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह पर्व वैज्ञानिक दृष्टि से भी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। इसी दिन वसंत का आगमन होता है। खेतों में सरसों के फूल खिलते हैं।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विघालय में मनाई बसंत पंचमी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विघालय में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया इस अवसर पर माता सरस्वती पूजा की अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की महिमा के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई बताया कि मां सरस्वती हिंदू धर्म में ज्ञान, संगीत, कला, और बुद्धि की देवी मानी जाती हैं। उन्हें विद्या और शिक्षा की देवी भी कहा जाता है। उनका रूप आमतौर पर सफेद वस्त्रों में होता है और वे संगीत के वाद्य यंत्र 'वीणा' को बजाती हुई दिखती हैं। उनके हाथों में एक पुस्तक, एक माला और एक वरमुद्रा होती है, जो ज्ञान, साधना और आशीर्वाद का प्रतीक माने जाते हैं। मां सरस्वती का वाहन हंस होता है, जो बुद्धि और विवेक का प्रतीक है। उनकी पूजा विशेष रूप से वसंत पंचमी के दिन की जाती है।

# नगरपालिका क्षेत्र में डमी वोटिंग मशीन से अवगत कराया जा रहा है चुनाव प्रक्रिया



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद बेमेतरा में नगरीय निकाय आम निर्वाचन अंतर्गत शहर के समस्त वार्डो में आम जनों को नगर पालिका की टीम द्वारा 11 फरवरी को होने वाले वोटिंग प्रक्रिया के बारे में बड़े ही सहजता के साथ अवगत कराया जा रहा है। डमी वोटिंग मशीन की सहायता से लोगों के बीच जाकर इस प्रक्रिया को विस्तार से समझाया जा रहा है। इस हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर के द्वारा वोटिंग की प्रक्रिया को लोगो को समझाने तथा शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने वार्ड वार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कार्य का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा स्वयं वार्ड नं 10 कोबिया पहुंचकर विस्तार से जानकारी ली।

# समेसर स्कूल की प्रधान पाठिका और शिक्षिका ने किया अनुकरणीय कार्य

- पुरस्कार की राशि से स्कूल के लिए कुर्सी और माइक सेट खरीदे बसंत पंचमी पर किया प्रशंसनीय कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासकीय प्राथमिक शाला समेसर विकासखण्ड नवागढ़ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी को माता सरस्वती का जन्म दिवस माना जाता है। इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद पीले वस्त्र धारण करना शुभ होता है। पूजा के दौरान पीले फूल और पीले मिष्ठान का भोग मां को प्रसन्न करता है और इस व्रत से व्यक्ति को आत्मज्ञान और बोध की प्राप्ति होती है। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। यह दिन विद्यार्थियों के लिए बेहद ही शुभ माना जाता है। इस दिन मां सरस्वती से ज्ञान और विद्या की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की जाती है। इसके अलावा इस खास दिन पर छोटे बच्चों को अक्षर ज्ञान भी दिया जाता है। जिसे 'विद्यारंभ' कहते हैं। इस पावन अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू ने 2023 में मुख्यमंत्री शिक्षा दूत पुरस्कार से प्राप्त अपने पुरस्कार राशि 5000 रुपये और शाला की शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने 2024 में मुख्यमंत्री शिक्षा दूत पुरस्कार से प्राप्त अपने पुरस्कार राशि 5000 रुपये को विद्यालय को समर्पित किया। दोनों शिक्षिकाओं के पुरस्कार से प्राप्त राशि 10000 रुपये का विद्यालय के लिए आफिस चेयर और माइक सेट खरीदकर विद्यालय को समर्पित कर एक अनुकरणीय कार्य किया है। दोनों शिक्षिकाओं के इस पुनीत कार्य की खूब प्रशंसा हो रही है। नवागढ़ विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एल एन बांधे, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक जगजीवन साहू सहित शांत कुमार पटेल, दिलीप जांगड़े, शीतल बैस, रामकुमार साहू, प्रेक्षा साहू, महेश साहू, डुमन लाल, कामती ठाकुर सहित अनेकों ने दोनों शिक्षिकाओं के इस अनुकरणीय कार्य की खूब प्रशंसा किए।

# भाजपा म हे मोर विश्वास हमर नगर मा हो ही विकास : विजय सिन्हा

## सत्ता के केंद्र में बेमेतरा को जोड़ने का सुनहरा अवसर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा ने अपने जनसंपर्क पर फोकस करते हुए नगर के प्रत्येक जन से संपर्क कर रहे हैं। घर घर जाकर अपनी जीत का आशीर्वाद मांग रहे हैं जनसंपर्क के साथ विजय सिन्हा ने कहा नगर विकास और स्वच्छता में ध्यान देकर नगर की समस्या हटाने मैं कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा। इसके लिए आप समस्त नगर प्रेमी मतदाता का पूरा साथ और समर्थन भाजपा को चाहिए। आप अपना कीमती वोट भाजपा को देकर बेमेतरा को आदर्श नगर पालिका का स्वरूप देने पालिका अध्यक्ष सहित 21 वार्डो में भाजपा पार्षद जिताने का संकल्प लें। उन्होंने चुनाव मीडिया प्रभारी दीपक पांडे द्वारा जारी विज्ञप्ति में आगे कहा कि आप लोगों ने गत पांच सालों तक दूसरी पार्टी का कामकाज और विकास कार्य देखा है लेकिन जिस दिशा में नगर और नागरिकों के लिए काम करना था वह निराशाजनक साबित हुआ।मैं अध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी अपने टीम के साथ आपको भरोसा दिलाता हूं कि अपने कार्य काल में नगर की दशा और दिशा बदलने कमर कस कर तैयार रहेंगे। जनसंपर्क में विजय सिन्हा ने वार्ड 9,10 11 में सतत जनसंपर्क कर जनसमर्थन मांगा जिसमे वार्ड नंबर 9 के पार्षद प्रत्याशी चांदनी रोशन दत्ता वार्ड नंबर 10 के पार्षद प्रत्याशी संतोष वर्मा वार्ड नंबर 11 के पार्षद प्रत्याशी विकास तंबोली साथ रहे फिर वार्ड 18 में कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित हुआ।वार्ड नंबर 6 10 12 13 17 में विजय सिन्हा द्वारा कार्यालय उद्घाटन किया गया जिसमें वार्ड पार्षद सहित काफी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित रहे।चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी राजेश शर्मा छोटू ठाकुर अमरीका निर्मलकर अजय शुक्ला गिरीश गवेल सतीश कसार राकेश मोहन शर्मा धर्मेंद्र साहू संदीप यादव विकास घरडे नंदू गुप्ता राजेश दीवान सुरेश पटेल संजीव तिवारी वैभव तिवारी रामवतार साहू उपस्थित रहे।

## कलब के द्वारा निर्धन कन्या के उच्च शिक्षा हेतु 10,000 की सहायता राशि दी

# ऑल इंडिया लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा का शपथ ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




आल इंडिया लीनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. जिसका संचालन दीप्ति रानी दास के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि ली मृदुला रोजिन्दर PMP चीफ एडवाइजर मल्टीपल सरगम 2 विशिष्ट अतिथि ली रश्मि ज अग्रवाल वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट थे शपथ विधि अधिकारी पास्ट प्रेसिडेंट ली सोनाली ओस्तवाल रहे. डी CM 1 सम्पदा लीनेस लता चौधरी डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टरी सम्पादिका लिनेस माला शुक्ला पूर्व एरिया ऑफिसर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पूर्ण प्रोटोकॉल, स्वागत, सम्मान, व सांस्कृतिक कायक्रम काव्या देवांगन श्रेया साहू अनामिका साहू दिव्यानी साहू ममता आडिल के द्वारा किया गया। शपथग्रहण समारोह में ही दो सेवा कार्य संपादित किये गए। कलब के द्वारा निर्धन कन्या के उच्च शिक्षा हेतु 10,000 की सहायता राशि दी गई एवं चेयरपर्सन उमा तिवारी के द्वारा मुख्य अतिथि ली मृदुला रोजिन्दर के द्वारा कक्षा दसवीं की दो बालिकाओं को प्रतिभा सम्मान देकर उनका सम्मान किया गया जिसमें प्रगति शर्मा कक्षा दसवीं 96% आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा एवं एमबो पब्लिक स्कूल की रिचा शर्मा 94% को सम्मानित किया गया। शपथ विधि अधिकारी लीनेस सोनाली ओस्तवाल ने अपनी विशिष्ट शैली से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो को शपथग्रहण करवाया जिसमें, क्लब की अध्यक्ष रामेश्वरी साहू सचिव निधि बनाफर कोषाध्यक्ष उमा तिवारी चार्टर अध्यक्ष विनोद राघव उपाध्यक्ष शारदा तिवारी ममता चंद्राकर संरक्षिका निम्मी पटेल उर्वशी दास वीणा शर्मा राज देवधर सहकोषाध्यक्ष ज्योति तिवारी सहसचिव प्रिया राजपूत न्यूज लेटर राखी यादव PRO श्वेता तिवारी टेमर बेबी साहू एवं सदस्यगण प्रज्ञा निर्वाणी पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी शर्मा अरूणिका दीवान रश्मि शर्मा श्वेता तिवारी वहीदा बानो श्रद्धा शुक्ला विद्यावती कोलहे सीमा साहू ने शपथ लीनेस माला शुक्ला पूर्व एरिया ऑफिसर एवं एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के द्वारा सेवा गतिविधि करने के लिए प्रेरणा क्लब को 1100 की राशि प्रदान की गई. मैत्री, सेवा एकता, समर्पण, नारी शक्ति, और जज्बे के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि सोनाली ओतसवाल, मृदुला रोजेंद्रर अध्यक्ष रामेश्वरी साहू, माला शुक्ला, लता चौधरी, रश्मि अग्रवाल विनोद राघव आदि पदाधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि पूरे भारत में या संस्था गरीबों की सेवा और मैत्री एकता की भावना से कार्य कर रही है मध्य प्रदेश को छत्तीसगढ़ को मिलाकर करीब 60 क्लब दोनों राज्य में एक्टिव है गरीबों की सेवा करना जरूरतमंद लोगों को जरूरत के आधार पर सामग्री उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है यह महिलाओं की संस्था है और महिलाएं स्वयं संसाधन जुटा कर सेवा भाव के उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सामग्री उपलब्ध कराते हैं यह क्लब पूरे भारत में संचालित है और इसमें लगभग 8000 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई है शपथ विधि अधिकारी लीनेस सोनाली ओस्तवाल ने बताया कि आगामी दिनों में स्मार्ट लीनेस क्लब का गठन करने की तैयारी है जिसमें युवा महिलाओं की टीम को शामिल किया जाएगा बेमेतरा में भी रचनात्मक और जरूरतमंद लोगों को यह संस्था सेवा भाव के उद्देश्य से कार्य कर रही है। बेमेतरा ऑल इंडिया बेमेतरा लिनेश क्लब के अध्यक्ष रामेश्वरी साहू ने बताया कि सेवा गतिविधि में जन सेवा सहायता राशि प्रतिभा सम्मान महिला सुरक्षा अनुदान साक्षरता अभियान स्वास्थ्य को लेकर के कार्य करते आ रहे हैं तथा आने वाले सत्र में भी हम ओर बेहतर सेवा गतिविधि करेंगे।

# आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी एवं मोनिका ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दल्लीराजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जुआ, सट्टा, अवैध शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत 01 फरवरी को मुखबीर से सूचना परभगोली पारा रोड वार्ड 13 में आने जाने वाले वाहनो को चेक करने के दौरान एक व्यक्ति थैला में कुछ सामान रखकर आते मिला जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम सतीश हुमने पिता स्व.माखन लाल हुमने उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 18 मोंगरा दफाई राजहरा का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 35 पौवा शोले देशी प्लेन शराब को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है। नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निरीक्षक सुनील तिर्की थाना प्रभारी दल्लीराजहरा द्वारा जुआं, सट्टा व शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।

# गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आदिवासी समाज को मिला सत्य सनातन धर्म का बोध : मुख्यमंत्री साय

## गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आदिवासी समाज को मिला सत्य सनातन धर्म का बोध

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



यह हम सभी के लिए अत्यधिक गौरव का विषय है कि हम इस पवित्र स्थल पर एकत्रित होकर परम पूज्य संत गहिरा गुरु जी और माता पूर्णिमा जी के योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता पूर्णिमा जी का जीवन पूरी तरह से त्याग, तपस्या और समाज सेवा की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत करता है। उनका विग्रह समाज के कल्याण के प्रति उनके अडिग समर्पण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रीकोट आश्रम बलरामपुर में परम पूज्य संत गहिरा गुरु की धर्मपत्नी पूर्णिमा जी के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के विशेष अवसर पर यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि संत गहिरा गुरु ने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी समाज की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने दीन-हीन और असहायों की सेवा को अपना परम धर्म माना और सत्य, शांति, दया और क्षमा के सिद्धांतों को धर्म के अमूल्य स्तंभ के रूप में स्थापित किया। मुख्यमंत्री साय ने संत गहिरा गुरु द्वारा आदिवासी समुदायों के उत्थान में दिए गए अतुलनीय योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को इस पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी और उन्हें आह्वान किया कि वे माता पूर्णिमा और संत गहिरा गुरु की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते हुए समाज को एक नई दिशा देने हेतु मनोयोग से जुट जाएं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यहां आने पर मुझे माता के विग्रह के दर्शन सौभाग्य मिला, उनका सजीव और मनोरम विग्रह देखकर ऐसा लगा मानो किस क्षण वह बोल उठे। साय ने गहिरा गुरु का स्मरण करते हुए कहा कि गहिरा गुरु आदिवासी समाज के बड़े संत हुए, जिनके उपदेशों और कथनों के जरिए पूरे समाज ने सत्य सनातन धर्म का महत्त्व जाना। उन्होंने कहा कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से पिछड़े हुए आदिवासी समुदाय के जीवन में गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सुधार आया। साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि गहिरा गुरु समाज का आशीर्वाद मुझे मिलता रहा। रायगढ़ के सांसद रहते गहिरा गुरु महाराज के जन्म ग्राम को गोद लेकर उसका विकास करने का सौभाग्य मिला। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज आगे बढ़ रहा है। जगह-जगह संस्कृत महाविद्यालय खुल रहे हैं और आदिवासी समाज लगातार आगे बढ़ रहा है। समारोह में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भाजपा का नगरीय निकाय घोषणा पत्र जनता को ठगने का नया दस्तावेज : कांग्रेस



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने जनता को ठगने के लिए नगरीय निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया है। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी किया था उसे पूरा नहीं कर पाये। जनता का भरोसा उठ गया है तब अटल जी के नाम से अटल विश्वास पत्र जारी कर रहे। भाजपा को पता है मोदी के नाम से जनता वोट नहीं देगी ''मोदी की गारंटी'' फिर नहीं चलेगी। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती इसीलिये नगरीय निकाय के घोषणा पत्र को 'अटल विश्वास पत्र' का नाम दिये है लेकिन जनता अब इनके झांसे में नहीं आने वाली। विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र के रूप में मोदी की गारंटी प्रस्तुत किया। मोदी की गारंटी में कुल 20 वादे किये थे, 1 साल हो गये राज्य में भाजपा की सरकार बने मोदी की गारंटी के 20 गारंटी में से 17 गारंटी आज भी पूरे नहीं किये जो 3 गारंटी पर जो कुछ काम हुआ है वह भी आधा अधूरा है। जब पहले के वादे पूरे नहीं किये फिर किस नैतिकता से फिर जनता के सामने नया घोषणा पत्र लेकर आये है। जब पुराना घोषणा पत्र जिसके आधार पर 2023 में राज्य में सरकार चलाने का जनादेश लिया उसे पूरा नहीं किया तो जनता नये घोषणा पत्र पर कैसे और क्यों भरोसा करेगी? भाजपा का नया घोषणा पत्र भी झूठ और वादाखिलाफी का दस्तावेज है। भाजपा के घोषणा पत्र में बेशर्मीपूर्वक झूठ बोला गया है कि पट्टाधारकों को भू-स्वामी बनायेंगे जबकि कांग्रेस सरकार के समय जिनको भू-स्वामी बनाया गया था उनके स्वामित्व को रद्द करने मंत्रिमंडल में प्रस्ताव पारित किया है। शहरी क्षेत्रों में भाजपा की सरकार आने के बाद सारे विकास कार्य ठप्प कर दिया है। नया विकास का वादा किस नैतिकता से कर रहे। गोठानों को बंद कर दिया है, गोकुल नगर बनाने का झूठा वादा किया है। प्रदेश में सिकल सेल, एनीमिया के बजट में कटौती कर दिया है फिर निकायों के माध्यम से इसमें नियंत्रण करने का झूठा वादा कैसे कर रहे? भाजपा झूठा वादा कैसे करती है, इसका उदाहरण है। भाजपा वादा किया है कि प्रत्येक माह की 7 तारीख के पहले पटाने पर प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट देंगे? यह प्रेक्टिकल संभव नहीं है। जब निर्धारण वार्षिक है, फिर मासिक कैसे छूट देंगे? पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र शर्मा, अजय साहू, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

# चुनाव के बाद सत्तापक्ष बहुत से लोगों को महत्तारी वंदन योजना का लाभ देना बंद कर देगा : दीपक बैज



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने भाटापारा में अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल व सभी 31 वार्डों के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष मे आम जनता से वोट मांगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने भाषण मे कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश अग्रवाल के जीत की लहर की चर्चा शहर से बाहर रायपुर तक चल रही है। उन्होंने कहा कि सतीश अग्रवाल पूरे प्रदेश के अध्यक्ष प्रत्याशियों मे सबसे अधिक सहज सरल व मृदुभाषी स्वाभाव के इंशान है, जो कि आम नगर वासियों के सेवा मे हर समय उपलब्ध रहेंगे। बैज ने प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

### शहर का विकास रोककर रखा गया है

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सत्तापक्ष ने एक साल से शहर के विकास को रोककर रखा है सत्तापक्ष के राज मे महंगाई चरम पर है उन्होंने कहा कि प्रदेश मे कही भी महत्तारी वंदन योजना का फार्म नही भरा जा रहा है, परंतु भाटापारा मे कहां भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि माताओं व बहनों को मिल रही महत्तारी वंदन योजना मे चुनाव के बाद बहुत से लोगों को इस लाभ देना सत्तापक्ष बंद कर देगा। यह हमारा दावा है प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सत्ता पक्ष के शासन मे अनेक अनियमितताएं खुलकर सामने आई है, जिससे राजनांदगांव पुलिस भर्ती फारेस्ट विभाग भर्ती घोटाला धान खरीदी 31 सौ से 23 सौ रुपये।

# सड़क हादसे में हुई बलरामपुर उप संचालक कृषि अधिकारी की मौत

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

प्रतापपुर अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर गणेशपुर के पास दोपहर के समय तेज रफ्तार बोलेरो वहन पेड़ से जा टकराई इस दर्दनाक सड़क हादसा में बलरामपुर जिले के उप संचालक कृषि 58 वर्षीय शिवकुमार प्रसाद बुरी तरीके से घायल हो गए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव कुमार प्रसाद अंबिकापुर से बलरामपुर जाने के लिए निकले हुए थे उन्हीं के विभाग के लिपिक पन्नालाल यादव वहन चल रहा था की गणेशपुर के पास सामने से आ रहे वहान से साइड लेने के दौरान बोलोरो वहान नियंत्रित हो गई और सीधे पेड़ से जा टकराई टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो वाहन के पर खचे उड़ गए। वाहन में आगे बैठे शिवकुमार प्रसाद का सीट उखड़ कर सामने जा टकराई इसके कारण उनको गंभीर चोट आई मौके पर उपस्थित जनों ने इसकी सूचना तत्काल प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देते ही एंबुलेंस मौके पर आ पहुंची और उनको वहां से बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर जीवन ज्योति हॉस्पिटल लाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई थी। चालक पन्ना लाल यादव को गंभीर चोटे आई हैं उसका इलाज चल रहा है।




### कृषि विभाग में शोक की लहर

शिव कुमार प्रसाद मूल रूप से मैनपाट के रहने वाले थे और उनका अंबिकापुर के पटपरिया में निवास था। वे पिछले दो वर्षों से बलरामपुर में उपसंचालक कृषि के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले वे अंबिकापुर और सूरजपुर में भी इसी पद पर सेवाएं दे चुके थे। इसके अलावा, कुछ समय तक उन्होंने संयुक्त संचालक (जेडीए) का प्रभार भी संभाला था। हादसे की खबर लगते ही विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों सहित क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# हाईकोर्ट ने संजीवनी 108 वाहनों की बदहाल स्थिति पर सचिव से मांगा जवाब

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राज्य में संजीवनी 108 इमरजेंसी सेवा के गाड़ियों की बदहाल स्थिति की खबरों को संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने संजीवनी 108 के वाहनों की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई। मामले में विभागीय सचिव से जवाब मांगा गया है। हाईकोर्ट ने पूरे राज्य में 108 वाहनों की स्थिति को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सुनवाई में चीफ जस्टिस ने अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत ठाकुर से पूछा कि आपातकालीन स्थिति में अत्याधुनिक तकनीक सुविधा वाली कितनी एम्बुलेंस हैं? इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मामले में अगली सुनवाई 14 फरवरी को होगी।

# पॉवर कंपनी के अस्पतालों में खून की जांच की सुविधा उपलब्ध, मरीज भ्रमित न हों

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के रायपुर स्थित अस्पतालों में खून की जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में कतिपय खबरों के संबंध में वस्तुस्थिति बताते हुए सीएमओ डॉ. एच.एल.पंचारी ने कहा है कि जिस मरीज को पैथोलॉजी जांच की आवश्यकता है, उसके लिए बहुस्तरीय समुचित व्यवस्था है। डॉ. पंचारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा रायपुर में दो अस्पतालों का संचालन किया जाता है जिसमें से एक डंगनिया परिसर में स्थित है और दूसरा गुढ़ियारी परिसर में। गुढ़ियारी और डंगनिया दोनों परिसरों में बिना किसी भेदभाव के पॉवर कंपनी के कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी, चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी जांच की सुविधा चिकित्सालय में भी है और अनुबंधित चिकित्सालयों तथा लेबोरेटरीज में भी उपलब्ध है। पैथोलॉजी लैब की सुविधा गुढ़ियारी परिसर में भी है। किसी कारण से यदि डंगनिया में जांच नहीं हो पाये तो गुढ़ियारी में जांच का विकल्प उपलब्ध रहता है। जहां तक नई मशीन की खरीदी का सवाल है तो विगत डेढ़ वर्षों में विभिन्न चुनावों की आचार संहिता जैसे विषय भी थे और कुछ तकनीकी विषय भी थे। लेकिन इनका समाधान भी विगत माह कर दिया गया है तथा डंगनिया की मशीन भी चालू हालत में है। पुरानी मशीन के राइट ऑफहोने तथा नई मशीन की खरीदी के दौरान भी किसी सेवारत या सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को कोई दिक्कत का प्रश्न नहीं था क्योंकि हमेशा ही पैथोलॉजी जांच के विकल्प उपलब्ध रहे है।

# 11,17 और 20 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 11,17 और 20 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। निर्देश में लिखा है कि राज्य शासन द्वारा, भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक-20-25-56-पब-एक, 08 जून, 1957 के साथ पढ़ी गई परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगरपालिकाओं के निर्वाचन, 2025 हेतु संलग्न समय अनुसूची कार्यक्रम परिशिष्ट-एक एवं दो में अंकित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित शासकीय संस्थानो, कार्यालयों के लिए मतदान 11 फरवरी 2025, दिन मंगलवार एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु संलग्न समय अनुसूची कार्यक्रम परिशिष्ट-तीन के लिए मतदान 17 फरवरी दिन सोमवार, 20 फरवरी , गुरूवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत के मतदान हेतु नियत तिथि 23 फरवरी शासकीय अवकाश होने के कारण अलग से सार्वजनिक/ सामान्य अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नर्मदा जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 फरवरी को नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद समस्त जीवों के कल्याण के लिए है। नर्मदा नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और समृद्धि की प्रतीक है। मां नर्मदा की निर्मल धारा जीवनदायिनी है और हमें जल संरक्षण का संदेश देती है।

### निगम मुख्यालय में बिना हेलमेट प्रवेश बंद

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम मुख्यालय में नया नियम लागू कर दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं मिलेगा। कलेक्ट्रेट में पहले से लागू इस नियम के बाद अब नगर निगम मुख्यालय में भी ट्रैफिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह निर्णय लोगों को ट्रैफिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। अब नगर निगम मुख्यालय में बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह पहल शहरवासियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित होगी। नगर निगम मुख्यालय के बाहर ट्रैफिक जवान तैनात किए जाएंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वाहन चालक सुरक्षा मानकों का पालन करें। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के बाद ही निगम मुख्यालय में प्रवेश मिलेगा। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर 5 मिनट में आएगा ई-चालान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर में लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने की शिकायत मिलने के बाद अब ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बरतने का फैसला किया है। अब ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों को पांच मिनट के भीतर ई-चालान भेजा जाएगा। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ राजधानी में रोजाना एक हजार से ज्यादा ई-चालान काटे जाते हैं। जिन वाहन चालकों के ई-चालान काटे जाते हैं, उन्हें चालान होने की जानकारी आठ से दस दिन बाद मिलती है। ऐसे में विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों को पांच मिनट के भीतर ई-चालान मिल सके, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने स्मार्ट सिटी प्रबंधन से संपर्क कर आईटीएएमएस को अपडेट करते हुए पांच मिनट में ई-चालान जनरेट होने की व्यवस्था किए जाने की मांग की। ट्रैफिक पुलिस की मांग के आधार पर स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने आईटीएमएस सॉफ्टवेयर को अपडेट करते हुए पांच मिनट में ई-चालान जनरेट करने की व्यवस्था की है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों को पांच मिनट में ई-चालान मिले, इसके लिए प्रयोग के तौर पर शुरुआत में सौ वाहन चालकों को ई-चालान जनरेट कर भेजा जाएगा। प्रयोग सफल होने पर ई-चालान भेजने की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके बाद ट्रैफिक नियम तोड़ वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों को पांच मिनट के अंदर ई-चालान भेजा जाएगा। शहर में लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने की शिकायत मिलने के बाद पिछले दिनों एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह आईटीएएमएस का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां पहुंचने के बाद एसएसपी ने देखा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को ई-चालान आठ से दस दिन में मिल रहा है। इसके बाद एसएसपी ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को तत्काल ई-चालान भेजने की व्यवस्था करने निर्देश दिए। राजधानी में ट्रैफिक उल्लंघन करने के मामलों में रोजाना औसतन एक हजार से ज्यादा ई-चालान काटे जाते हैं।



04 February 2025
Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403